सुप्रभात
रांची, मंगलवार
09.01.2024
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net पौष, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी संवत 208 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 177



12 पैक्स के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में भी मिलेगी सस्ती दवा

## न्यूज डायरी

### मेकॉन फर्जीवाड़ा की होगी सीबीआइ जांच

**रांची।** मेकॉन लिमिटेड के साथ हुए फर्जीवाड़े मामले की सीबीआई जांच करेगी। मेकॉन लिमिटेड से ओड़िशा की हॉक्स सिक्योरिटी एंड फैसिलिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने 85 लाख रुपये का फर्जीवाड़ा किया था। मामले में एक जनवरी 2019 को मेकॉन लिमिटेड ने डोरंडा थाना में फर्जीवाड़ा का मामला दर्ज कराया गया था। इस मामले को सीबीआई ने टेकओवर करते हुए कांड दर्ज किया है। इन मामले का आईओ सीबीआई एसीबी रांची के डीएसपी ब्रजेश कुमार को बनाया गया है।

### 11 मार्च तक जेल में ही रहेंगी पूजा सिंघल

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद झारखंड की निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की जमानत अर्जी पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई, लेकिन उन्हें कोई राहत नहीं मिल पायी। जस्टिस संजय किशन कौल और सुधांशु धूलिया की बेंच ने सोमवार को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सुनवाई की अगली तारीख 11 मार्च मुकर्रर की है।

### इडी के गवाह विष्णु अग्रवाल की गवाही

**रांची।** पीआईएल मैनेज करने के लिए कैश लेने से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी के विशेष न्यायधीश पीके शर्मा की कोर्ट में सुनवाई हुई। सोमवार की सुनवाई के दौरान ईडी के गवाह विष्णु अग्रवाल का बयान कोर्ट में दर्ज करवाया गया। बयान ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने दर्ज करवाया।

### दोगुना हुआ मुखिया व उपमुखिया का मानदेय

**पटना।** बिहार में अब मुखिया, उप मुखिया, पंच-सरपंच का मानदेय को दोगुना कर दिया गया है। मुखिया को अब पांच हजार, उप मुखिया को ढाई हजार मानदेय दिया जायेगा। नीतीश कैबिनेट ने सोमवार को इसपर मुहर लगा दी।

### अखिलेश यादव पर फिर भड़कीं मायावती

**लखनऊ।** कई दिनों से मायावती की पार्टी के इंडिया गठबंधन में आने की चर्चा चल रही है। इन चर्चाओं ने सियासी बयानबाजी को बढ़ा दिया है। अब मायावती और अखिलेश यादव भिड़ गये हैं। मायावती ने अखिलेश पर जुबानी हमला बोला है और गठबंधन नहीं करने की खास वजह बतायी है।

### पाकिस्तान में विस्फोट 6 पुलिसकर्मियों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर प्रांत खैबर पख्तूनख्वा के बाजौर जिले में सोमवार सुबह एक पुलिस वाहन को निशाना बनाकर किये गये विस्फोट में छह पुलिसकर्मियों की मौत हो गयी और 22 अन्य घायल हो गये। शीर्ष पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिसकर्मी पोलियो विरोधी अभियान के लिए सुरक्षा प्रदान करने के लिए जा रहे थे, तभी बाजौर जिले के मामुंड इलाके में विस्फोट हो गया।




| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




बजट की तैयारी बैठक में बोले सीएम, सर्वांगीण विकास पर दें जोर

# गांव, कृषि, किसान और युवाओं पर रहे खास नजर

- प्राथमिकताओं और आकांक्षाओं पर फोकस हो
- रोजगार व स्वरोजगार बढ़ाने पर जोर दें
- योजनाओं का लाभ गरीबों तक पहुंचाना जरूरी

## अधिकारी संग समीक्षा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने सोमवार को अधिकारियों के साथ बजट 2024-25 की तैयारियों की समीक्षा की। सीएम ने आगामी बजट में राज्य में इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, खेल, उद्योग, स्वास्थ्य, कृषि, बिजली, पानी, सड़क, आवास योजना और सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत पेंशन राशि, स्कूल एवं कॉलेजों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति सहित अन्य प्रमुख मुद्दों पर विशेष फोकस का निर्देश अधिकारियों को दिये। बैठक में वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव भी मौजूद रहे। सीएम ने कहा कि राज्य वासियों की प्राथमिकताओं और आकांक्षाओं को ध्यान में रख बजट करें। ऐसा बजट प्रस्ताव बनायें जिसमें सरकार की योजनाओं का लाभ विकास की राह में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। यह सरकार की प्राथमिकता है। अधिकारी गांव, कृषि, किसान और नौजवान पर विशेष फोकस करें। कहा कि बजट में रोजगार तथा स्वरोजगार के प्रावधान बढ़ाने पर भी जोर दें। (शेष पेज 11 पर)



### गांव और युवाओं पर ध्यान रहे

समीक्षा बैठक में सीएम ने अधिकारियों से कहा कि समस्त झारखंड वासियों की प्राथमिकताओं और आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए एक बेहतर बजट तैयार करें। बजट में जन-कल्याण और सर्वांगीण विकास पर जोर रहनी चाहिए। राज्य में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। सीएम ने कहा कि झारखंड कई क्षेत्रों में तेज गति से प्रगति भी कर रहा है। गांव, कृषि, किसान और नौजवान पर फोकस करते हुए जन कल्याणकारी योजनाओं को उन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। बजट में रोजगार तथा स्वरोजगार के प्रावधानों में वृद्धि पर जोर दें। आनेवाले समय में भी इन्हें और मजबूत किये जाने के लक्ष्य के साथ कार्य योजनाएं राज्य सरकार बना रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में दूरदर्शिता के साथ प्रावधानों को समाहित करें। गरीब कल्याण हमारी सरकार का ध्येय है। योजनाओं का लाभ विकास की राह में खड़े अंतिम व्यक्ति को मिले इस सोच के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं।

### जरूरी क्षेत्रों में विशेष प्रावधान का निर्देश

सीएम ने अधिकारियों से कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में राज्य में लघु एवं कुटीर उद्योगों को बढ़ावा, मनरेगा के लिए प्रावधान, रोजगार तथा स्वरोजगार बढ़ाने, खेल गतिविधियों को बढ़ावा, महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार, बच्चों के पोषण में सुधार सहित अन्य सभी जरूरी क्षेत्रों में विशेष प्रावधान करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी बजट में एक नयी और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता है।

बिलकिस बानो केस में सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

# दोषियों की रिहाई निरस्त समर्पण का दिया आदेश

- ऐसे मामलों में दया व सहानुभूति नहीं
- कानून की नजर में कोई छोटा-बड़ा नहीं, सब बराबर

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बिलकिस बानो मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने मामले के सभी 11 दोषियों को दो सप्ताह के भीतर गुजरात में जेल अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया। अदालत ने यह फैसला सुनाते हुए कहा कि जहां कानून का शासन लागू करने की आवश्यकता होती है, वहां दया और सहानुभूति की कोई भूमिका नहीं होती है। गोधरा कांड के बाद गुजरात में हुए दंगों के दौरान बिलकिस बानो के साथ हुए अत्याचार के मामले में दोषियों की रिहाई को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गयी थी। पहले की सुनवाई में कोर्ट फैसला सुरक्षित रख लिया था और सोमवार को फैसला सुनाया। जस्टिस नागरत्ना ने टिप्पणी करते हुए कहा कि सजा इसलिए दी जाती है कि भविष्य में अपराध रुके। अपराधी को सुधरने का मौका दिया जाता है लेकिन पीड़ित की तकलीफ का भी एहसास हो।

**अदालत की टिप्पणी :** जस्टिस नागरत्ना ने कहा, जिस कोर्ट में मुकदमा चला था, रिहाई पर फैसले से पहले गुजरात सरकार को उसकी राय लेनी चाहिए थी। (शेष पेज 11 पर)

### कोर्ट को मार्गदर्शक होना चाहिए

न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा- हमारे विचार में इस अदालत को कानून के शासन को कायम रखने में एक मार्गदर्शक होना चाहिए। लोकतंत्र में कानून का शासन सार है। यह विशेष रूप से कानून की अदालतों द्वारा संरक्षित और लागू किया जाना चाहिए। जहां कानून का शासन लागू करने की जरूरत होती है वहां करुणा और सहानुभूति की कोई भूमिका नहीं होती। अदालतों को इसे बिना किसी डर या पक्षपात, स्नेह या द्वेष के लागू करना होता है।


# सूबे में कोहरे और ठंड से अभी राहत नहीं

## 10 से फिर बारिश के आसार, 12 तक छाये रहेंगे बादल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में अभी कोहरे और ठंड से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। मौसम विज्ञानियों के अनुसार सूबे में अगले दो दिनों तक सुबह में कुहासा और कनकनी बनी रहेगी। राज्य के उत्तरी भागों में कहीं-कहीं घना कुहासा छाने का यलो अलर्ट जारी है। राज्य मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 10 से 12 जनवरी तक राज्य के कुछ हिस्सों में बारिश की संभावना है। इस दौरान राज्य के अधिकांश हिस्सों मे बादल छाये रहेंगे। सुबह और शाम के वक्त अत्यधिक कोहरा या धुंध का असर देखा जायेगा।

**आज भी रहेंगे बादल :** नौ जनवरी को मौसम थोड़ा साफ रह सकता है, लेकिन इस दौरान आंशिक बादल छाये रहेंगे। हालांकि राज्य में 13 जनवरी तक बादल छाये रहने की संभावना है। केंद्र के अनुसार दस से 12 जनवरी तक राज्य के पश्चिमी हिस्से पलामू, लातेहार, लोहरदगा, गढ़वा, गुमला में बारिश की संभावना है। बारिश मध्यम दर्जे की हो सकती है।



### तापमान में बड़ा बदलाव नहीं

तापमान की बात करें तो आने वाले दो दिनों तक न्यूनतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद अगले दो दिनों के बाद तापमान में तीन डिग्री तक की वृद्धि दर्ज की जायेगी। 11 तक राज्य का औसत न्यूनतम तापमान 13 डिग्री जबकि औसत अधिकतम तापमान 25 डिग्री तक रहने की संभावना है। राजधानी रांची में आने वाले कुछ दिनों तक मौसम शुष्क रहेगा। 12 जनवरी तक राजधानी में आंशिक बादल छाये रहेंगे। इस दौरान यहां बारिश की संभावना नहीं है, लेकिन सुबह और शाम के वक्त कोहरा छाया रहेगा। दिन के समय धूप में कमी देखी जा सकती है।

### रेंजर और दारोगा समेत चार लोगों की मौत

**ऋषिकेश।** उत्तराखंड के योग नगरी ऋषिकेश में लक्ष्मण झूला थाना अंतर्गत चीला बैराज रोड पर जीप का टायर फटने से जीप के पेड़ से टकरा गयी, जिसमें चीला वन विभाग के रेंजर, वन दारोगा सहित चार लोगों की मौत हो गयी। जीप में 10 लोग सवार थे। वन अधिकारी जीप से चीला बैराज से ऋषिकेश की ओर आ रहे थे कि बैराज से 250 मीटर ऋषिकेश की तरफ जीप का टायर फट गया और जीप पेड़ से जा टकरा गयी। सूचना पर एसडीआरएफ और थाना लक्ष्मण झूला पुलिस की टीम पहुंची। टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाकर जीप से चीला के रेंज अधिकारी शैलेश घिलड़ियाल, वन दारोगा सैफ अली, प्रमोद ध्यानी, कुलराज सिंह को बाहर निकाला, जिनकी मौत हो गयी थी।

भक्तिमय माहौल के बीच रांची में तनाव की साजिश विफल

# मंदिर में मूर्तियां खंडित की मुकुट भी चुरा ले गये चोर

- बरियातू मंदिर की घटना से लोग आक्रोशित, घंटों रोड जाम, जोरदार प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** कुछ अज्ञात लोगों ने रांची में एक बार फिर माहौल बिगाड़ने की साजिश की। प्रबुद्ध लोगों और पुलिस की पहल से माहौल बिगाड़ने की मंशा विफल हो गयी। राजधानी के बरियातू में डीएवी स्कूल के पास स्थित मंदिर में असामाजिक तत्वों ने भगवान राम और हनुमान की मूर्तियों से छोड़छाड़ की और उसे खंडित कर दिया। साथ ही मंदिर से भगवान का मुकुट और अन्य सामान भी चुरा लिये। चोरी और मूर्ति को खंडित करने के मामले में स्थानीय लोगों ने आक्रोश जताते हुए घंटों सड़क जाम रखा। काफी समझाने-बुझाने के बाद वे जाम हटाने पर पर सहमत हो गये। (शेष पेज 11 पर)

# सीट शेयरिंग पर कांग्रेस आप में नहीं बनी सहमति

## इंडी गठबंधन पर संकट

- जदयू ने भी कांग्रेस की मांग को अव्यावहारिक बताया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** इंडी गठबंधन के दो दलों कांग्रेस और आप में दिल्ली और पंजाब में सीट शेयरिंग को लेकर सहमति नहीं बन पायी। सोमवार को इन दोनों पार्टियों के बीच हुई बातचीत बेनतीजा रही। सोमवार को मुकुल वासनिक, अशोक गहलोत, भूपेश बघेल, सलमान खुर्शीद और मोहन प्रकाश सहित पांच सदस्यीय कांग्रेस के राष्ट्रीय गठबंधन पैनल के बीच सीट बंटवारे पर बातचीत शुरू हुई। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर पर इंडी गठबंधन को मजबूत करने के लिए आप के साथ चुनाव पूर्व समझौते के लिए तैयार है, लेकिन अरविंद केजरीवाल की पार्टी दिल्ली और पंजाब में ऐसी किसी भी व्यवस्था के विरोध में हैं। इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के चयन नहीं होने और सीट शेयरिंग पर बात नहीं बनने पर केसी त्यागी ने चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जहां बड़ी पार्टी है वहां सब ठीक है। किसी के साथ सीट शेयरिंग नहीं है, लेकिन जहां भाजपा की ताकत अधिक है वहां कांग्रेस का अनुपात से अधिक सीटें मांगना अव्यवहारिक है। वहीं बिहार की 40 लोकसभा सीटों में 17 सीटों पर जदयू ने अपना दावा ठोका है।

# गरीब, किसान, महिला और युवा ही मजबूत भारत की नींव

## छोटे किसानों की प्रगति ही केंद्र सरकार का मकसद : पीएम मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने आम आदमी को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए संघर्ष से बाहर निकालने के इरादे का इजहार करते हुए सोमवार को कहा कि गरीब-किसान-महिलाएं और युवा ये चार जातियां यदि सशक्त हो गयीं तो भारत सशक्त हो जायेगा। पीएम मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी वाली इस यात्रा का सबसे बड़ा मकसद है कि कोई भी हकदार सरकारी योजना के लाभ से वंचित न रहे। इस अवधि में 11 करोड़ लोगों का जुड़ना, ये अपने आप में अभूतपूर्व है। समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार खुद पहुंच रही है, उसे अपनी योजनाओं से जोड़ रही है। (शेष पेज 11 पर)

### मैंने सपना संजोया है



पीएम ने कहा, इस सफलता को देखते हुए ही मैंने सपना संजोया है। मैंने सपना संकल्प के रूप में देखा है और हमने तय किया है कि दो करोड़, आंकड़ा बहुत बड़ा है। दो करोड़ लखपति दीदी मुझे बनाना है। यदि लखपति दीदी की संख्या दो करोड़ हो जायेगी, कितनी बड़ी क्रांति हो जायेगी। विकसित संकल्प यात्रा के दौरान लगभग एक लाख ड्रोन का प्रदर्शन किया गया है। देश के इतिहास में पहली बार किसी टेक्नॉलॉजी से इस प्रकार मिशन मोड पर जनता को जोड़ा जा रहा है। आने वाले दिनों में इसका दायरा दूसरे क्षेत्रों में भी बढ़ने वाला है। उन्होंने कहा, विकसित भारत संकल्प यात्रा सिर्फ सरकार की नहीं, बल्कि देश के सपनों की, संकल्पों और भरोसे की यात्रा बन चुकी है और इसलिए आज देश का हर क्षेत्र, हर परिवार, अपने बेहतर भविष्य की उम्मीद के रूप में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी देख रहा है।

## पानी के नीचे 15 लाख की शराब, एक गिरफ्तार

**गिरिडीह।** अपराधियों के खिलाफ गिरिडीह पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। साइबर अपराधियों और मवेशी तस्करों के बाद पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई की है। गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा के निर्देश पर सोमवार की सुबह सरिया थाना की पुलिस ने चेकिंग अभियान शुरू किया। डाक बंगला रोड स्थित इमली पेड़ के पास सोमवार की सुबह करीब 8 बजे पुलिस ने चेकिंग शुरू की। इस बीच कोयरीडीह की ओर से एक पिकअप वैन तेज गति से आ रही थी। पुलिस ने वैन को रोका और उसकी तलाशी शुरू की। पुलिस की आंखों में धूल झोंकने के लिए ऊपर में 40 पेटी पानी रखी गयी थी। पानी के नीचे 218 पेटी शराब बरामद हुए हैं। बरामद शराब को पुलिस ने वाहन के साथ जब्त कर लिया है, जिसकी कीमत करीब 15 लाख 67 हजार बतायी जा रही है। मौके से वैन चालक को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, उक्त शराब सरिया प्रखंड क्षेत्र के बाघानाल से कोडरमा जिला के घोड़थंभा ले जाया जा रहा था। गिरफ्तार चालक का नाम विश्वकर्मा बताया जा रहा है, जो मोकामो गांव का निवासी है। गिरिडीह की सरिया पुलिस जब्त वाहन को सरिया थाना ले गयी।

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले अयोध्या पहुंची जटायु की मूर्ति


## पीएम के पूजन-वंदन के बाद मंदिर परिसर में होगी स्थापित




रामलला आ रहे हैं...

एजेंसी

**अयोध्या।** रामनगरी में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का अब कुछ ही दिन शेष बचे हैं। ऐसे में देश-दुनिया में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारियों ने रफ्तार पकड़ ली है। जगह-जगहों पर राम नाम का जाप हो रहा है। गांव-गांव, गली, मोहल्लों में अक्षत निमंत्रण भेजे जा रहे हैं। पूरा देश इस समय भगवामय हो चुका है। वहीं, राम मंदिर में मूर्तियों की स्थापना की जा रही है।




अयोध्या से सोमवार जटायु की मूर्ति पहुंची है। जटायु की मूर्ति को राम मंदिर परिसर में स्थापित की जायेगी। पीएम मोदी के जटायु की मूर्ति पर पूजन वंदन के बाद ही इसे मंदिर परिसर में लगाया जायेगा।

वहीं इंदिरापुरम के मानसरोवर भवन में 22 जनवरी को राम भक्तों के लिए लाइव प्रसारण का इंतजाम है। जटायु की विशालकाय मूर्ति के अलावा राम मंदिर की और भी कई विशेषताएं हैं। (शेष पेज 11 पर)

### रात में ऐसा दिखता है राम मंदिर परिसर

राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने सोमवार को राम मंदिर की शानदार तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं, जिसमें मंदिर परिसर के रात के दृश्य की एक झलक दिखायी गयी। पीएम मोदी 22 जनवरी को अयोध्या के राम मंदिर में 'प्राण प्रतिष्ठा' कार्यक्रम या प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे। पारंपरिक नागर शैली में निर्मित राम मंदिर परिसर की लंबाई 380 फीट (पूर्व-पश्चिम दिशा), 250 फीट चौड़ाई और 161 फीट की विशाल ऊंचाई तक होगी। मंदिर की संरचना में प्रत्येक 20 फीट ऊंचे फर्श होंगे, जो 392 स्तंभों और 44 द्वारों की प्रभावशाली व्यवस्था से सुसज्जित होंगे।



# बंगाल में हमले पर इडी ने केंद्र को भेजी रिपोर्ट

- एनआइए से जांच की मांग भी संभव

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की इकाई ने पिछले सप्ताह उत्तर 24 परगना जिले में छापेमारी के दौरान अपनी टीम पर हुए हमले के बारे में दिल्ली मुख्यालय को एक रिपोर्ट सौंपी है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। हमले की घटना में इडी के तीन अधिकारी घायल हो गये थे। उनके कई वाहनों में तोड़फोड़ की गयी थी। यह हमला तब हुआ जब इडी की टीम राज्य की राशन प्रणाली में कथित अनियमितताओं के संबंध में छापेमारी के लिए संदेशखली में तृणमूल नेता शाहजहां शेख के घर गयी थी। रिपोर्ट के आधार पर इडी मुख्यालय द्वारा हमले की एनआइए जांच की मांग की जा सकती है। एजेंसी के अधिकारी ने बताया कि हमले पर दो पेज की रिपोर्ट भेजी गयी है। हमने घटना की छोटी-छोटी बातों का जिक्र किया है और इसके साथ ही हमले के वीडियो भी भेजे हैं। उन्होंने कहा कि मीडिया रिपोर्ट भी भेजी गई हैं। रिपोर्ट में उस दिन बशीरहाट पुलिस की भूमिका का भी उल्लेख किया गया है।

# झारखंड के 11 जिलों में शिक्षा को डिजिटल बनायेगी कोल इंडिया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कोल इंडिया लिमिटेड अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) के अंतर्गत सक्रिय रूप से शिक्षा क्षेत्र के उत्थान और इसके माध्यम से खनन कमांड क्षेत्रों के निवासियों को सशक्त बनाने की पहलों से जुड़ा हुआ है। सूचना और संचार प्रौद्योगिकी आधारित शिक्षा को आज शिक्षा शास्त्र के आधुनिक साधनों के रूप में तेजी से अपनाया जा रहा है। इसके मद्देनजर कोल इंडिया ने गत 3 जनवरी को झारखंड के 11 जिलों में शिक्षा को डिजिटल बनाने के लिए एडसीआईएल (इंडिया) लि. के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है।

यह परियोजना तीन साल की अवधि के अंदर झारखंड के 11 जिलों में लागू की जाएगी। इन जिलों में कोल इंडिया की तीन सहायक कंपनियों ईसीएल, बीसीसीएल और सीसीएल के खनन क्षेत्र हैं। इस परियोजना की अनुमानित लागत 27.08 करोड़ रुपये है। प्रत्येक चिन्हित स्कूल में एक स्मार्ट कक्षा और एक आईसीटी (सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी) प्रयोगशाला स्थापित की जाएगी। इस परियोजना में शिक्षक प्रशिक्षण और लगाए गये उपकरणों का तीन साल के रखरखाव का भी प्रावधान है।

यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है। यह सरकार के विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के विजन को पूरा करने की दिशा में एक आगे बढ़ने का कदम है। यह परियोजना सीखने के परिणामों में सुधार लाने वाली समृद्ध शैक्षिक सामग्री के साथ छात्रों को सशक्त बनाएगी। सीआईएल अपनी सीएसआर गतिविधियों के माध्यम से सकारात्मक बदलाव लाने और समुदायों के लिए एक उज्ज्वल भविष्य को सक्षम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## जनसुनवाई प्रक्रिया पूरी, सलाहकार समिति की बैठक के बाद होगी घोषणा

# नियामक आयोग ने बिजली की नई दरें लागू करने से पहले जेबीवीएनएल से मांगा मंतव्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग की ओर से नयी बिजली दरें घोषित की जानी है। इस संबंध में नियामक आयोग की ओर से जनसुनवाई की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। अब जनसुनवाई के दौरान मिले आपत्ति और सुझावों पर आयोग सलाहकार समिति की बैठक आयोजित करेगा। इसके पहले आयोग ने झारखंड बिजली वितरण निगम से नयी बिजली दरों के संबध में पत्राचार किया है। जिसमें आयोग ने निगम से एक सप्ताह के अंदर आपत्ति और सुझाव की मांग की है। आयोग ने जनसुनवाई के दौरान उठे बिंदुओं पर निगम से आपत्ति और सुझाव की मांग की है। इसी आधार पर सलाहाकार समीति की बैठक की जायेगी।

नियामक आयोग की मानें तो निगम को इस सप्ताह के अंदर इस संबध में जानकारी आयोग को देनी है। आने वाले सप्ताह में आयोग की ओर से सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की जायेगी। जिसके बाद बिजली की नयी दरें घोषित की जायेगी। बता दें इसके पहले साल 2023 के जून में नयी बिजली दरें घोषित की गयी थी। अब फिर से आयोग नयी बिजली दरें घोषित करने वाला है।

### कितना है वृद्धि का प्रस्ताव

**घरेलू बिजली में वृद्धि प्रस्ताव ₹2.30 प्रति यूनिट**



झारखंड बिजली वितरण निगम की ओर से नियामक आयोग को सौंपे प्रस्ताव की मानें तो घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली दर प्रति यूनिट 2.30 रुपये बढ़ाने का प्रस्ताव है। वर्तमान में शहरी घरेलू उपभोक्ताओं की दर 6.30 रुपये प्रति यूनिट है। जिसे बढ़ा कर 8.60 रुपये यूनिट करने का प्रस्ताव है। फिक्स्ड चार्ज में भी भारी बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव है। यह दर 400 यूनिट से अधिक खपत करनेवाले उपभोक्ताओं के लिए है, जबकि 400 यूनिट तक खपत करने वाले उपभोक्ताओं की दर 7.60 रुपये प्रति यूनिट करने का प्रस्ताव है।

# मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव से मिला टेट पास पारा शिक्षक संघ, मिला आश्वासन

**एक मांग है वेतनमान**

टेट पास पारा शिक्षक संघ के नेता प्रमोद कुमार ने कहा कि संघ की एक ही मांग है वेतमान। इस पर सरकार के स्तर पर सहमति अबतक नहीं बनी है। सहायक आचार्य की परीक्षा में आरक्षण की का प्रावधान पहले से ही है।



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे से सोमवार को टेट पास पारा शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल मिला। भेंटवार्ता के दौरान टेट पास पारा शिक्षक संघ के सदस्यों ने मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव को अपनी मांगों से अवगत कराया। टेट पास पारा शिक्षकों के मांग के अनुरूप राज्य सरकार द्वारा सहायक आचार्य की नियुक्ति में उन्हें 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। भेंटवार्ता में संघ द्वारा सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा में विषयवार कट ऑफ का प्रावधान टेट पास पारा शिक्षकों के लिए शिथिल किए जाने की मांग पर भी राज्य सरकार की ओर सकारात्मक पहल किए जाने का आश्वासन मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव ने प्रतिनिधिमंडल को दी है। भेंटवार्ता में इस पर भी सहमति बनी कि सहायक आचार्य नियुक्ति में आरक्षण के प्रावधानों के कारण जो टेट पास पारा शिक्षक वर्तमान में आयोजित होने वाले परीक्षा के उपरान्त वंचित रह जाते हैं, उन्हें भी भविष्य में संबंधित वर्ग के रिक्त पदों पर समायोजित किए जाने की मांग पर भी राज्य सरकार विचार करेगी।

## सीएम के प्रधान सचिव से मिला पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ का दल

# सकारात्मक वार्ता के बाद विनय चौबे ने संघ के सदस्यों से काम पर लौटने की अपील की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे से राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर अपनी मांगों से उन्हें अवगत कराया। इस दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे एवं पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के प्रतिनिधिमंडल के साथ संघ की समस्याओं के निदान के लिए सकारात्मक वार्ता हुई। प्रतिनिधिमंडल की मांगों के अनुरूप पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के सदस्यों के लंबित प्रोत्साहन राशि का भुगतान जल्द किए जाने का आश्वासन मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव ने प्रतिनिधिमंडल को दिया। साथ ही संघ के सदस्यों के मांग के अनुरूप पंचायत सचिवालयों में जो हेल्प डेस्क ऑपरेटर का चयन किया जाना है, उसका चयन संबंधित पंचायतों के पंचायत स्वयंसेवक संघ के बीच से किया जाए। इस पर सकारात्मक पहल किए जाने पर भी सहमति बनी। भेंटवार्ता में इस बात पर भी सहमति बनी कि पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के सदस्य पंचायत स्तर पर जो कार्य पहले से करते आ रहे हैं, वे सभी कार्य आगे भी करेंगे। इस निमित्त सरकार द्वारा आदेश निर्गत किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव ने पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के सदस्यों से कहा कि आपके सभी उचित मांगों पर राज्य सरकार अवश्य यथोचित सकारात्मक विचार करेगी। उन्होंने फिलहाल सभी सचिवालय स्वयं सेवक संघ के सदस्यों से धरना प्रदर्शन न करते हुए अपने कार्य पर लौटने की अपील की है।

## मृतक रोजगार सेवक के आश्रितों को मुआवजा और सामाजिक सुरक्षा देने का निर्देश

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग ने रांची जिला अंतर्गत सिल्ली प्रखंड में कार्यरत ग्राम रोजगार सेवक प्रकाश कुमार महतो की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के कारण उनके आश्रितों को उचित मुआवजा राशि देने का निर्देश रांची जिला के उपविकास आयुक्त को दिया है। झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश सोरेन ने इस संबंध में विभाग को अभ्यावेदन देकर आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया था। संघ ने हिट एंड रन के तहत सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर चार लाख रुपये मुआवजा तथा ग्रामीण विकास सामाजिक सुरक्षा के तहत 25 लाख रुपये मुआवजा और बच्चों की निर्बाध शिक्षा सहित सामाजिक सुरक्षा की व्यवस्था करने का अनुरोध किया गया था। ग्रामीण विकास विभाग ने अभ्यावेदन पर उचित कार्रवाई करने का निर्देश जिले के डीडीसी को दिया है।

## खबर एक नजर में

### सब इंस्पेक्टर रैंक के पदाधिकारियों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**रांची।** अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय रांची में सब इंस्पेक्टर रैंक के पदाधिकारियों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हो गया। सोमवार से शुरू हुआ प्रशिक्षण 12 जनवरी तक चलेगा। इस दौरान एडवांस इन्वेस्टिगेशन ट्रेनिंग कोर्स के तहत जांच प्रक्रिया और अपराधों पर एक अवलोकन विषय पर जानकारी दी जाएगी। इस प्रशिक्षण राज्य के सभी जिले से दो सब इंस्पेक्टर रैंक के पदाधिकारियों को शामिल होने का निर्देश दिया गया है। पांच दिनों तक चलनेवाला यह प्रशिक्षण सुबह के दस बजे से चार बजे तक चलेगी।

### दिल्ली में झारखंड कांग्रेस के प्रभारी से मिले झारखंड के कांग्रेसी



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमिटी के कई नेता कार्यकर्ता सोमवार को दिल्ली में झारखंड कांग्रेस के प्रभारी से मिले। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू, फिरोज रिजवी मुन्ना, संजीत यादव, अभिषेक साहू, कुमुद रंजन, मो. परवेज, ललित नारायण मिश्रा, जितेन्द्र प्रसाद, संजय कुमार, हिमांशु शर्मा, सिद्धार्थ यादव, गौतम कुमार सहित शिष्टमंडल ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी नई दिल्ली कार्यालय में झारखण्ड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर से मुलाकात की। इस दौरान नेताओं ने संगठन की मजबूती तथा भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता को लेकर चर्चा किया। झारखंड से दिल्ली गए वरिष्ठ कांग्रेसियों के शिष्टमंडल ने प्रभारी गुलाम अहमद मीर को आश्वस्त किया है कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। राहुल गांधी का झारखंड आगमन हम सबके लिए गौरव की बात है। झारखंड में भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता को अभियान के रुप में लेकर काम किया जाएगा।

### टीएसपीसी के सब जोनल कमांडर नागेश्वर गंझू को हाई कोर्ट से मिली एक केस में बेल

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में टीएसपीसी (तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमिटी) के उग्रवादी नागेश्वर गंझु की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने नागेश्वर गंझु को आर्म्स एक्ट के एक मामले में जमानत की सुविधा प्रदान कर दी। हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद भी नागेश्वर फिलहाल जेल से बाहर नहीं आ सकता, क्योंकि उसपर कई अन्य गंभीर आपराधिक मामले लंबित हैं। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। नागेश्वर गंझू उर्फ तरुण तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी का सब जोनल कमांडर था। उसने करीब तीन वर्ष पहले आत्मसमर्पण किया था। जिसके बाद से वह न्यायिक हिरासत में हैं। नागेश्वर पांच लाख रुपये का इनामी उग्रवादी था।

### किराये के ड्राइवर की मौत पर भी मुआवजा राशि देने के लिए उत्तरदायी है बीमा कंपनी : हाईकोर्ट

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा है कि बीमा एजेंसी वाहन दुर्घटना दावे के लिए किराये के ड्राइवर की मृत्यु की स्थिति में भी मुआवजा की राशि देने के लिए उत्तरदायी है। भले ही वह दुर्घटना चालक की लापरवाही के कारण हुई हो। यह दायित्व तब बनता है, जब बीमाकर्ता वाहन मालिक की क्षतिपूर्ति को कवर करने के लिए अतिरिक्त प्रीमियम स्वीकार कर लेता है। झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने यह फैसला बजाज आलियांज की ओर से मोटर वाहन अधिनियम के तहत दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया। दरअसल मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल गुमला द्वारा पारित अवार्ड के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसके तहत वाहन दुर्घटना में मृत ड्राइवर के परिजनों को 6,08,540 रुपये ब्याज सहित का मुआवजा देने का आदेश दिया गया था। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि चालक की लापरवाही के कारण दुर्घटना में उसकी मृत्यु हो गई। लेकिन फिर भी बीमा कंपनी को मुआवजे का भुगतान करना होगा, क्योंकि इसके लिए कंपनी ने अतिरिक्त प्रीमियम लिया है।


**कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, चतरा**
Phone- 06541-223994,E-mail-electonoffice.chatra@gmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के निदेशानुसार EVMs & VVPAT के जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिला मुख्यालय में जिला सूचना जनसम्पर्क कार्यालय, चतरा एवं दोनों विधानसभा हेतु दोनो अनुमण्डल कार्यालयों में EVM Demonstration Center (EDC) की स्थापना की गई है, जो दिनांक–10.01.2024 से लोकसभा आम चुनाव–2024 की घोषणा तक कार्यरत रहेगा। साथ ही Mobile Demonstration VAN के माध्यम से दोनों विधानसभा के प्रत्येक मतदान केन्द्र, शिक्षण संस्थान/हाट–बाजार इत्यादि स्थलों पर EVM & VVPAT के जागरूकता कार्यक्रम का संचालन किया जाना है जिसमें सिमरिया विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत दिनांक–10.01.2024 से 23.02.2024 एवं चतरा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत दिनांक–10.01.2024 दिनांक–26.02.2024 तक जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जायेगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह–उपायुक्त, चतरा

PR315435 (Election)23-24*D


## 10 जनवरी से 28 फरवरी तक इवीएम जागरूकता अभियान

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर कल से 28 फरवरी तक राज्य में ईवीएम एवं वीवीपैट को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। सीईओ ने कहा कि हाल ही में कराए गए कैप सर्वे में यह तथ्य सामने आया था कि आम लोगों में ईवीएम और वीवीपैट को लेकर जो जागरूकता का स्तर होना चाहिए वह अपेक्षा के अनुसार नहीं मिला इसलिए उन्होंने राज्य के मतदाताओं के साथ-साथ जन प्रतिनिधियों एवं राजनीतिक दलों के सदस्यों से भी अपील की है कि वे इस ईवीएम जागरूकता अभियान का न केवल व्यापक प्रचार प्रसार करें बल्कि सक्रिय सहभागिता भी निभाएं। जागरूकता कैंप सभी जिलों एवं सभी अनुमंडलों के स्तर पर आयोजित किए जाने हैं। हर जिले के सभी बूथों पर मोबाइल डेमोंसट्रेशन वैन भी जायेगा। इस अभियान में नागरिकों को ईवीएम मशीन, मतदान प्रक्रिया, वीवीपैट आदि की विस्तार से व्यवहारात्मक जानकारी मिलेगी।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव, गरीब व किसानों की विकास यात्रा : बाबूलाल मरांडी



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी सोमवार को गिरिडीह जिले धनवार प्रखंड के ग्राम पंचायत बलहारा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मरांडी ने मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा की। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में गांव, गरीब, किसान, वंचित, युवा, महिला, आदिवासी, दलित, सभी वर्गों को मोदी सरकार ने विकास की मुख्यधारा से जोड़ा। उन्होंने कहा कि चाहे इज्जत घर के रूप में करोड़ों शौचालय का निर्माण हो, प्रधानमंत्री आवास में पक्का घर हो, किसानों के खाते में प्रतिवर्ष 6 हजार रुपए किसान सम्मान निधि हो, जनधन खाता हो, आयुष्मान कार्ड के माध्यम से 5 लाख रुपए तक की मुफ्त चिकित्सा सुविधा की गारंटी हो, पेंशन योजनाएं हो, गैस सिलेंडर, चूल्हा हो, प्रति व्यक्ति 5 किलो चावल की व्यवस्था हो, सभी ने आम आदमी के जीवन स्तर को ऊंचा किया है।

उन्होंने कहा कि आज भी बहुत सारे लोग योजना से जुड़ नही पाए हैं, जिसका समाधान विकसित भारत संकल्प यात्रा में पूरा किया जा रहा है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि विकसित भारत का संकल्प जन जन को योजनाओं से जोड़कर ही पूरा किया जा सकता है। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं सरकारी पदाधिकारियों को आम आदमी और जरूरतमंदों तक योजनाओं को पहुंचाने का आह्वान किया। इस दौरान श्री मरांडी ने लाभुकों के बीच आयुष्मान कार्ड का भी वितरण किया।


**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी**
**(खेल शाखा)**
**(Email ID – dsokhunti2017@gmail.com)**

**–: आम सूचना :–**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची का पत्रांक 1318 दिनांक 05.01.2024 के आलोक में विभागन्तर्गत संचालित क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्रो में रिक्त स्थानों को भरने हेतु प्रमण्डल स्तर पर प्रतिभा चयन ट्रायल प्रतियोगिता 2023–24 के आयोजन किया जाना है।

उक्त प्रतिभा चयन का कार्यक्रम निम्नवत है :–

| क्र0 | प्रमण्डल का नाम | आयोजनकर्त्ता जिला | प्रतिभा चयन ट्रायल हेतु आयोजन स्थल | प्रतिभा चयन ट्रायल की आयोजन की तिथि | खेल विधा का नाम जिसमें वर्ष 2024–25 हेतु प्रतिभा चयन ट्रायल किया जाना है। | आयोजनकर्त्ता नोडल पदाधिकारी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल | राँची | बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोराबादी, राँची। | 10 एवं 11 जनवरी 2024 | एथलेटिक्स (बालक), हॉकी (बालक एवं बालिका), तीरंदाजी (बालक एवं बालिका) फुटबॉल (बालक एवं बालिका), बैडमिन्टन (बालक) | श्री चिवेन्द्र कुमार सिंह, जिला खेल पदाधिकारी, राँची मो0–7428346594 |

इच्छुक प्रतिभागी चयन ट्रायल प्रतियोगिता 2023–24 हेतु नोडल पदाधिकारी से सम्पर्क कर सकते हैं।

ह0/–
जिला खेल पदाधिकारी, खूँटी

PR 315398 District(23-24).D



**उपायुक्त, खूँटी का कार्यालय**
**(खनन शाखा)**

**खूँटी जिलान्तर्गत मुरहू अंचल के मौजा– हेसेल, तोरपा अंचल के मौजा– कोटेंगसेरा, मौजा– ईचा एवं गिड्डुम, कर्रा अंचल के मौजा– बकसपुर एवं रनिया अंचल के मौजा– तेतारी में जब्त बालू खनिज की आम नीलामी हेतु सूचना।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 (यथा संशोधित) के नियम 54(A) के प्रावधानों के अंतर्गत उपायुक्त, खूँटी के आदेश दिनांक– 04.01.2024 के आलोक में अपर समाहर्त्ता, खूँटी की अध्यक्षता में दिनांक 16.01.2024 को पुर्वाह्न् 11:30 बजे अपर समाहर्त्ता, खूँटी के कार्यालय कक्ष में सम्पन्न किया जाऐगा। बालू खनिज की नीलामी में वही व्यक्ति/संस्था भाग लेने के हकदार होंगे जो निर्धारित नियमों, शर्तों एवं बंधेजों का अनुपालन करेंगे। बालू खनिज की विवरणी, नीलामी की प्रक्रिया एवं शर्त्तो को www.khunti.nic.in/कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

**सरकारी नीलामी हेतु उपलब्ध बालू खनिज की विवरणी :–**

| क्रम सं० | अंचल का नाम | ग्राम पंचायत/ग्राम सभा का नाम | मौजा | नदी का नाम | बालू खनिज की मात्रा | नीलामी हेतु निर्धारित न्युनतम राशि | सुरक्षित जमा राशि निर्धारित न्युनतम राशि का 10% |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | मुरहू | हेसेल | हेसेल | बनई | 2,500.00 सी०एफ०टी० | 18,750.00 | 1,875.00 |
| 2 | तोरपा | कोटेंगसेरा | कोटेंगसेरा | कारो | 14,800.00 सी०एफ०टी० | 1,11,000.00 | 11,100.00 |
| 3 | कर्रा | बकसपुर | बकसपुर | कारो | 30,000.00 सी०एफ०टी० | 2,25,000.00 | 22,500.00 |
| 4 | रनिया | तेतारी | तेतारी | कोयल | 7,000.00 सी०एफ०टी० | 52,500.00 | 5,250.00 |
| 5 | तोरपा | ईचा एवं गिड्डुम | ईचा एवं गिड्डुम | कारो | 1,02,000.00 सी०एफ०टी० | 7,65,000.00 | 76,500.00 |

ह०/–
उपायुक्त, खूँटी

PR315436 (Mines and Geology)23-24*D


## सीसीएल प्रबंधन संग त्रिपक्षीय बैठक, कोयला मंत्रालय से विस्थापित ट्रिब्यूनल बनाने की अनुशंसा की

# विस्थापितों पर दर्ज एफआईआर वापस लेने पर बनी सहमति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सीसीएल प्रबंधन ने विस्थापित ट्रिब्यूनल बनाने की अनुशंसा कोयला मंत्रालय से कर दी है। प्रबंधन ने 28 दिसंबर को कोयला मंत्रालय के सचिव को पत्र भेज दिया है। यह ट्रिब्यूनल पूर्णकालिक होगा। विस्थापित ट्रिब्यूनल ही समस्याओं का समाधान करेगा। विस्थापित ट्रिब्यूनल का गठन अंडर सेक्शन 14 (2) ऑफ डीबीए एक्ट 1957 के तहत गठित होगा। इस प्रकार से विस्थापित ट्रिब्यूनल के गठन का रास्ता साफ हो गया है और अब शीघ्र विस्थापितों को न्याय मिल सकेगा। इस आशय से सीसीएल प्रबंधन ने सोमवार को रांची स्थित दरभंगा हाउस में आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष सह गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो के साथ विस्थापितों की हुई त्रिपक्षीय बैठक में जानकारी दी गयी। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों कोलकाता में कोल इंडिया के चेयरमैन ने सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी व विधायक डॉ लंबोदर महतो के साथ बैठक में सीसीएल सीएमडी को विस्थापित ट्रिब्यूनल गठन को लेकर जरूरी प्रक्रिया को पूरा कर कोयला मंत्रालय को अनुशंसा भेजने का निर्देश दिया था।

इधर सोमवार को आयोजित बैठक में यह भी सहमति बनी कि सीएसआर फंड विस्थापितों के हित में खर्च किया जाएगा और इसको लेकर सात सदस्यीय समिति का गठन किया जाएगा। समिति में एक महिला, एक -एक अनुसूचित जनजाति या जनजाति एवं अन्य लोग शामिल रहेंगे।

समिति प्रत्येक एक माह पर विस्थापितों के हित में किए कार्यों की समीक्षा करेगी। इसके बाद प्रत्येक तीन माह पर सांसद और स्थानीय विधायक समीक्षा बैठक करेंगे। इस क्रम में एक करोड़ का कार्य विस्थापितों को एक सोसाईटी बनाकर देने पर सहमति बनी। परियोजना प्रभावित क्षेत्र के लोगों की बीच टैप कार्ड का वितरण किया जाएगा। इसके लिए शिविर लगाया जाएगा। प्रथम चरण में 21 से 31 जनवरी तक शिविर लगाया जाएगा। प्रत्येक प्रभावित क्षेत्र में स्कूली बच्चों को नामांकन में व कौशल विकास के तहत भी छात्र-छात्राओं को नामांकन में प्राथमिकता मिलेगी। विस्थापित परिवार को चिकित्सा एवं जांच मुफ्त में होगी। बैठक में विस्थापित आंदोलन के दौरान विस्थापितों पर दर्ज एफआईआर को वापस लेने पर भी सहमति बनी।

### बैठक में ये रहे मौजूद

सीसीएल के निदेशक (पीएंडपी) बी साई राम, निदेशक (पर्सनल) हर्षनाथ मिश्रा, महाप्रबंधक (सीएसआर )लाडी बालकृष्णन, महाप्रबंधक (बीएंडके) कृष्णन, महाप्रबंधक (पीएंडआई आर) नवनीत, एचओडी (वेलफेयर) रेखा पांडे, एचओडी (रिक्रूटमेंट) कविता गुप्ता, मुख्य प्रबंधक (एलएंड आर) शंकर कुमार झा के साथ-साथ साथ-साथ कथारा, ढोरी और बीएंड के एरिया के अधिकारी, उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता शलामुल अंसारी, अखिल झारखंड श्रमिक संघ के केंद्रीय अध्यक्ष रोशन लाल चौधरी, काशीनाथ सिंह, संतोष महतो, मुकेश सिन्हा, गिरिजा देवी, सीमा देवी, गीता देवी, विनोद बावरी, महादेव महतो, नरेश प्रजापति, बालेश्वर यादव, बुच्चू सिंह, जानकी महतो, दीपक महतो, जितेंद्र यादव, नारायण महतो, सचिन महतो, राजेश रजक, घनश्याम महतो, छेदी महतो, सुनील महतो, जितेंद्र महतो, दौलत महतो, धनेश्वर महतो, प्रफुल्ल ठाकुर एवं जुगल कुमार आदि शामिल थे।

# राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव : गांधी संग्रहालय बना आकर्षण का केंद्र

## मेले में उमड़ रही भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में चल रहे खादी एवं सरस महोत्सव के दूसरे दिन सोमवार को ठंड के बावजूद लोगों के उत्साह में कोई कमी नहीं देखी गई। इस दौरान खरीदारों की भीड़ से देर शाम तक मेले की रौनक बनी रही। इस महोत्सव में लोगों के साथ युवाओं ने गांधी के जीवनी का दर्शन किया। गांधी संग्रहालय लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। युवाओं को गांधी संग्रहालय में गांधी के जीवन के बारे में जानने को मिल रहा है। गांधी संग्रहालय में लगे कपड़ों की प्रदर्शनी युवाओं को अपनी और आकर्षित कर रहा है, युवा देखने के साथ खादी के फैब्रिक को जानने की जिज्ञासा दिखा रहे हैं। खादी के बंडी कुर्ता पैजामा, सिल्क की साड़ियां, खादी मेले में आकर्षण का केंद्र है।





## मेले में लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से बांधा समां

राष्ट्रीय खादीएवं सरस महोत्सव में खरीदारी के साथ-साथ लोगों ने रंगा-रंग कार्यक्रम का भी आंनद लिया। संजय कश्यप और उनकी टीम ने अपने नागपुरी गीतों से लोगों का दिल जीत लिया और वहीं दीपक श्रेष्ठ ने हिंदी गानों के माध्यम से माहौल को रंगीन बना दिया। मौके पर जीतराय हंसदा ने संथाली गीत, बुटन देवी पंच परगणिया गीत और सरला महतो ने पांता झूमर से लोगों के मन को छू लिया। मौके पर बच्चों के लिए भी कई प्रतियोगितओं का आयोजन किया गया।

## विंटेज कार देखने को लेकर उत्साह



1940 में जिस गाड़ी से महात्मा गांधी रामगढ़ में आयोजित कांग्रेस पार्टी के महा अधिवेशन में भाग लेने के लिए गए थे। वह कार भी संग्रहालय में लगाई गई है। बता दे इस गाड़ी से पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री और पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर जाकिर हुसैन भी सवारी कर चुके हैं।

# रांची में पलामू की युवती ने की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

## कोई सुसाइडल नोट बरामद नहीं

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के इंद्रपुरी इलाके में एक युवती ने घर के कमरे में खुदकुशी कर ली है। युवती श्रुति श्रीवास्तव मूल रूप से पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र की निवासी थी। रांची के इंद्रपुरी इलाके में युवती किराए के मकान में रहती थी।

**मूल रूप से पलामू की रहने वाली थी युवती** : युवती सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के इंद्रपुरी मोहल्ला स्थित रोड नंबर-12 में नारायण प्रसाद के मकान में किराए पर रह रही थी। सोमवार को युवती का कमरा काफी देर तक बंद था। इस पर मकान मालिक को शक हुआ। इसके बाद मकान मालिक के परिवार वालों ने आवाज लगायी, लेकिन फिर भी कमरे का दरवाजा नहीं खोला गया। इसके बाद मकान मालिक के परिवार वालों ने खिड़की से झांक कर देखा तो युवती अपने कमरे में मृत अवस्था में नजर आई।

घटना के बाद मकान मालिक ने फौरन सुखदेव नगर थाना को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद सुखदेव नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और युवती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। हालांकि मौके से पुलिस को कोई सुसाइडल नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस मामले में अलग-अलग बिंदुओं पर जांच में जुट गई है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। मामले में पुलिस ने मकान मालिक से भी पूछताछ की। थानेदार विनोद कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## आरोप लगाने वाले कई संवेदकों ने सरकार से जांच की मांग की

# ग्रामीण कार्य विभाग में टेंडर प्रक्रिया में चहेतों को लाभ पहुंचाने की शिकायत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा निविदा के निष्पादन में अनियमितता की शिकायत कई संवेदकों ने की है। ईस्ट इंडिया कंट्रक्शन कंपनी के प्रतिनिधि सूरज कांत तिलक ने आरोप लगाया है कि अपने चहेते संवेदक को लाभ पहुंचाने के लिए नियमों को ताक पर रख कर एवं मनमाने ढंग से निविदा का निष्पादन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कार्य प्रमंडल गिरिडीह अंतर्गत आमंत्रित निविदा का निष्पादन मुख्य अभियंता कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग रांची द्वारा नियमों को ताक पर रखकर किया जा रहा है। वहीं एक नियम के तहत संवेदक को योग्य तो कहीं उसी नियम के तहत आयोग्य किया जा रहा है। निविदा में 26 एएस संलग्न न रहने पर नियमतः अन्य संवेदकों की निविदा को अयोग्य माना जा रहा है। वहीं, एक संवेदक को 26 एएस निविदा में संलग्न न रहने के बावजूद कार्य प्रमंडल गिरिडीह अंतर्गत कार्य आवंटित किया गया है। एक अन्य कंपनी को भी गलत तरीके से काम दिया गया है। संवेदकों ने इसकी जांच की मांग कर ठीक करने का अनुरोध राज्य सरकार से किया है।

**प्रधान सचिव को दी गयी जानकारी** : सूरज कांत ने बताया कि इसकी सूचना ईस्ट इंडिया कंट्रक्शन कंपनी द्वारा विभाग के मुख्य अभियंता को आवेदन के जरिये अप्रैल माह में ही दी गयी थी, अब फिर विभाग के प्रधान सचिव को ज्ञापन सौंपा गया है। उन्होंने बताया कि पूर्व की निष्पादित निविदा पर ध्यान दिया जाये तो वैसे संलग्न त्रुटिपूर्ण कागजात के आधार पर अन्य संवेदकों को तकनीकी रूप से आयोग्य करार दिया जा चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि अन्य टेंडर की प्रक्रिया में भी ऐसी ही अनिमितता बरती जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यालय के ही इंजीनियरों के द्वारा निविदा निष्पादन में मनमानी की जा रही है।

## बच्चे को पालतू कुत्ते ने पहुंचायी क्षति

**रांची।** रास्ता अतिक्रमण का विरोध करने पर हेसाग गांव के ग्रामीणों के बच्चों को पालतू कुत्ते से क्षति पहुंचाने का मामला आया है। ग्रामीणों ने जगन्नाथपुर थाना में शिकायत दर्ज करायी है। ग्रामीणों ने थाना में दर्ज शिकायत में कहा है कि हेसाग गांव में थाना संख्या 215 के प्लॉट नंबर 306 के जमीन मालिक सुनील कुमार उपाध्याय रास्ता वाली जमीन पर अतिक्रमण कर बॉउन्ड्री बना रहे हैं, इसका विरोध करने पर सुनील कुमार उपाध्याय और उनके साथ आए लोगों ने ग्रामीणों के बच्चों पर दो कुत्ता छोड़ दिया। ग्रामीणों ने पुलिस से अनुरोध करते हुए कहा है कि मामले में कानूनी कार्रवाई की जाए और हमारे रास्ते को अतिक्रमण से मुक्त होने से बचाया जाये।

# अमन श्रीवास्तव समेत आठ पर कार्रवाई की तैयारी, एटीएस की रिपोर्ट पर रांची उपायुक्त ने गृह विभाग को भेजा प्रस्ताव

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जेल में बंद अमन श्रीवास्तव समेत 8 अपराधियों पर अनलॉफुल एक्टिविटी एक्ट (यूएपीए) के तहत कार्रवाई की तैयारी है। एटीएस की रिपोर्ट पर रांची डीसी ने मुकदमा चलाने के लिए प्रस्ताव तैयार करके गृह विभाग को भेजा है। इनमे चतरा जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के अमन श्रीवास्तव, रांची के खलारी थाना क्षेत्र के फिरोज खान, जहीर अंसारी, मो महमूद आलम उर्फ नेपाली, एजाज अंसारी, रामगढ़ जिले के पतरातू थाना क्षेत्र के मिंकु खान उर्फ शहरियार, कुजू थाना क्षेत्र के रवि सरदार उर्फ रविन्द्र सिंह सलुजा उर्फ राजा सरदार ओर मांडू थाना क्षेत्र के सुरेन्द्र कुमार का नाम शामिल है। डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने एटीएस थाना (काण्ड संख्या 10/2023) के प्राथमिकी अभियुक्तों के विरुद्ध धारा-16/17/20/21 यूएपी एक्ट के अंतर्गत अभियोजन स्वीकृति का अनुरोध किया गया है। इस संबंध में डीसी ने गृह विभाग के प्रधान सचिव को पत्र लिखा है, जिसमें एटीएस एसपी से प्राप्त प्रस्ताव पर अभियोजन स्वीकृति आदेश निर्गत करने की दिशा में अग्रेतर कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है।

## डीसी ने विभिन्न मामलों में 3 अभियुक्तों के खिलाफ अभियोजन की दी स्वीकृति

**रांची।** डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने चान्हो और एटीएस थाना से संबंधित मामले में शस्त्र अधिनियम की धारा अन्तर्गत अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की है। चान्हो थाना काण्ड संख्या- 171/2023 और एटीएस झारखंड, थाना कांड संख्या- 11/2023 के प्राथमिकी अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित प्रतिवेदनों का अवलोकन उपरांत शस्त्र अधिनियम की धारा अन्तर्गत अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की गई है। चान्हो थाना कांड संख्या- 171/2023 में अलीम अंसारी, थाना- चान्हो, एवं लक्ष्मण गंझू, थाना-चान्हो के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम की धारा 25 (1-बी) ए/26/35 के अंतर्गत अभियोजन की स्वीकृति दी है। वहीं एटीएस थाना के कांड संख्या- 11/2023 में प्राथमिकी अभियुक्त अभिमन्यु कुमार साव, पे०-सुरेश साव, सा०-चमातु, थाना-बालूमाथ, जिला-लातेहार के खिलाफ शस्त्र अधिनियम की धारा -25(1-बी) ए/25(6)/25(7)/26 के अंतर्गत अभियोजन की स्वीकृति दी गयी है।

# स्पीकर रबींद्रनाथ महतो की प्रारंभिक आपत्ति पर बहस पूरी, आदेश सुरक्षित

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष सह नाला विधायक रबींद्रनाथ महतो के निर्वाचन को चुनौती देने वाली संतोष हेंब्रम की चुनाव याचिका की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में प्रतिवादी रबींद्रनाथ महतो की ओर से दायर प्रारंभिक आपत्ति पर बहस हुई। प्रारंभिक आपत्ति पर दोनों पक्षों की सुनवाई सोमवार को पूरी हो गई, इसके बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है।

प्रतिवादी रबींद्रनाथ महतो के अधिवक्ता अरविंद लाल ने कोर्ट से आग्रह किया कि इस चुनाव याचिका को निरस्त किया जाए क्योंकि यह याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। पिछली सुनवाई में प्रारंभिक आपत्ति पर सुनवाई के दौरान प्रतिवादी रबींद्रनाथ महतो की ओर से कोर्ट को बताया गया कि उक्त चुनाव याचिका में कई त्रुटियां हैं। प्रार्थी ने कोई ऐसा बिंदु नहीं दिया है जिससे इस चुनाव याचिका पर सुनवाई हो सके। इस चुनाव याचिका में एक तरफ कोर्ट का समय बर्बाद हो रहा है, वहीं दूसरी तरफ प्रतिवादी रबींद्रनाथ महतो को भी परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है।

## खबर एक नजर में

### रिम्स के डॉ सुनील को मिला विशिष्ट शिक्षक पुरस्कार



**रांची।** रिम्स के नेत्र विशेषज्ञ डॉ सुनील कुमार को देश की राजधानी दिल्ली में विशिष्ट शिक्षक पुरस्कार 2024 से नवाजा गया है। डॉ कुमार को एम्स नई दिल्ली में फोरम ऑफ ऑफ्थल टीचर ऑफ इंडिया के 7वें राष्ट्रीय सम्मेलन में यह पुरस्कार प्रदान किया गया। बताते चलें कि डॉ सुनील कुमार को उत्कृष्ट शिक्षण अनुभव एवं चिकित्सा शिक्षा में असाधारण योगदान के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। दो दिवसीय इस सम्मेलन में एम्स नई दिल्ली एवं पूरे देश के विभिन्न मेडिकल कॉलेज के 200 प्रोफेसर शामिल हुए। इसमें चिकित्सा शिक्षा प्रणाली एवं रिसर्च को बेहतर बनाने पर चर्चा की गई।

### हथियार के साथ अपराधी गिरफ्तार



**रांची।** रांची पुलिस ने हथियार के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी का नाम आसिफ अंसारी है। गिरफ्तार अपराधी रांची के डोरंडा इलाके का रहनेवाला है। गिरफ्तार अपराधी के पिता का नाम मुख्तार अंसारी है। पुलिस को जानकारी मिली थी कि एक युवक पिस्टल के साथ लोअर बाजार इलाके में घूम रहा है। जिसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने एक पिस्टल, एक गोली और स्कूटी बरामद किया है।

### रांची विश्वविद्यालय में खुला विद्यार्थी सुविधा केंद्र

**रांची।** विद्यार्थियों की परेशानी को देखते हुए रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा के निर्देश पर छात्र संकायाध्यक्ष कार्यालय भवन में विद्यार्थी सुविधा केंद्र की स्थापना की गयी है। इस केंद्र में परीक्षा विभाग डीपीसी डाटा सेंटर से संबंधित विद्यार्थियों के कार्यों के निराकरण के लिए सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। यह केंद्र कुलानुशासक के अधीन कार्य करेगा। पीपीके कॉलेज बुंडू के गणित विभाग के व्याख्याता अरुण कुमार इस केंद्र के नोडल अफसर बनाये गये हैं। वह अपने पूर्व निर्धारित कार्यों के अतिरिक्त इसका कार्य भी देखेंगे। वीसी ने बताया कि यह कार्यालय सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक प्रत्येक कार्यालय दिवस में काम करेगा।

## कोहरे और धुंध की चादर में लिपटी रही रांची




राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में इन दिनों सुबह में घना कोहरा देखने को मिल रहा है। वहीं, दिन में धुंध और आंशिक बादल छाये रहने से लोगों को ठीक से धूप नहीं मिल पा रही है। राजधानी रांची के मोरहाबादी इलाके में सोमवार की सुबह घना कोहरा छाया रहा।

# श्रीराम जन्मभूमि के उद्घाटन के दिन सत्य अमर लोक हरमू रोड में मनेगी दिवाली

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अयोध्या में नव निमृत श्री राम जन्मभूमी के शुभारंभ के दिन 22 जनवरी को रांची की प्रसिद्ध धार्मिक संस्था सत्य अमर लोक द्वारा दिवाली मनाने का निर्णय लिया गया है। संस्था के अध्यक्ष हेम सिंह ने बताया कि 22 जनवरी संस्था के द्वारा हरमू रोड में विशेष आयोजन किया जाएगा। उस दिन हरमू रोड में विशेष कट आउट लगाकर श्री राम जन्मभूमी समारोह को भव्य बनाया जाएगा। संस्था की ओर से हरमू रोड स्थित हरित भवन पर राम जन्मभूमी से संबंधित 40/20 का फ्लैक्स एवं 5/4 का दीप प्रज्जवलित कर सैकड़ों दीपो को जलाकर दिवाली मनाया जाएगा। वहीं भगवान राम जन्म भूमी के उपलक्ष्य में सवा मन बुनिया का प्रसाद वितरण किया जाएगा।



## देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी की थी रांची के बुक बैंक की सराहना

# बुक बैंक में 19 हजार परिवारों ने 2 लाख 75 हजार से अधिक किताबें दीं : संजय सेठ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** स्थानीय सांसद संजय सेठ ने तीन साल पहले बुक बैंक की स्थापना की थी। इस बैंक के 3 वर्ष पूरे होने पर उन्होंने कहा कि बच्चों की मांग पर नमो बुक बैंक की स्थापना की थी। 2020 के अंतिम माह में बुक बैंक की स्थापना की गई थी। लॉकडाउन के दौरान जब लोगों के बीच राशन सैनिटाइजर मास्क का वितरण कर रहा था। उस समय युवाओं ने इसकी मांग रखी थी कि उनके लिए पुस्तकें उपलब्ध कराई जाये। उन्होंने बताया कि आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण कई युवा पुस्तक नहीं खरीद पाते थे। इस वजह से उनकी पढ़ाई बाधित होती थी। उन्होंने कहा कि



तीन सालों में बुक बैंक में 19 हजार परिवारों ने 2 लाख 75 हजार से अधिक पुस्तकें दान की हैं। इससे राज्य के लगभग 80 हजार छात्रों को फायदा मिला है। पीएम नरेंद्र मोदी ने भी इसकी सराहना की है।

**20 पुस्तकों के साथ शुरू हुआ था बैंक** : महज 20 पुस्तकों के साथ शुरू हुए इस बैंक में आज 2 लाख 75 हजार से अधिक पुस्तकें आयी। यह बुक बैंक सिर्फ रांची ही नहीं, बल्कि हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, चतरा, रामगढ़, खूंटी, गुमला, सरायकेला, पलामू, लातेहार जैसे जिलों के विद्यार्थियों के लिए भी बड़ा सहयोगी साबित हुआ है। ऐसे जिलों के विद्यार्थी जो रांची में रहकर अपनी पढ़ाई कर रहे हैं। विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं. उनकी पढ़ाई में बुक बैंक ने बड़ी भूमिका निभाई है।

**राजनीति का उद्देश्य सेवा :** उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रेरणा पुरुष बताते हुए कहा कि उन्होंने राजनीति और सत्ता को सेवा का माध्यम बनाया। दीनदयाल जी ने भी यही कहा था कि राजनीति का उद्देश्य सिर्फ सत्ता प्राप्ति नहीं होना चाहिए। राजनीति का उद्देश्य सेवा होना चाहिए। कई बार ऐसा भी हुआ है जब पुस्तक देखकर विद्यार्थी आश्चर्य चकित हो गए, क्योंकि यह पुस्तक आर्थिक संकट के कारण उनकी पहुंच से बाहर की थी। उन्होंने कहा कि छात्र अपने पूर्ववर्ती कक्षाओं की किताबें लाकर देते हैं और नई कक्ष की किताबें लेकर जाते हैं।

सांसद ने कहा कि उन्हें खुशी है कि उनके द्वारा स्थापित इस बुक बैंक ने निःशुल्क पुस्तक वितरण का एक रिकॉर्ड कायम किया है। इस पहल के बाद दिल्ली में देश भर के कई सांसदों ने उनसे इसके बारे में जानकारी ली। उन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में बुक बैंक आरंभ किया है।

**हर वर्ग के लिए उपलब्ध है किताबें** : मौके पर विधायक सीपी सिंह ने कहा कि राजनीति के साथ सामाजिक कार्य करना वह भी जनहित में एक बहुत बड़ा काम है। उन्होंने बुक बैंक की स्थापना दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि यह पुण्य का काम है। गरीब बच्चे जो किताब के अभाव में पढ़ाई से वंचित रह जाते हैं, ऐसे लोगों तक निशुल्क कक्षा 1 से लेकर डॉक्टर, इंजीनियरिंग, सहित कई महत्वपूर्ण किताबें यहां उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि मुझसे जो भी सहयोग होगा मैं पूर्णता करने को तैयार हूं।

# पार्टी की सशक्त विंग है महिला कांग्रेस कमेटी : राजेश ठाकुर

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** महानगर महिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में सोमवार को पुराना विधानसभा धुर्वा रांची में लोकसभा महिला कांग्रेस मैत्री महासम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, गौ सेवा आयोग अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह, प्रदेश महासचिव अजय नाथ शाहदेव, रांची जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो मौजूद थे। सम्मेलन की अध्यक्षता महानगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष नीतू देवी ने की। सम्मेलन में पूर्व एवं वर्तमान महिला पदाधिकारियों के साथ-साथ नए लोगों को जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए हम सभी को सशक्त रहना होगा। महिला कंांग्रेस, पार्टी का सशक्त विंग है। ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को पार्टी से जोड़ेकर आने वाले लोकसभा चुनाव 2024 में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को विजयी बनाने के लिए पहल करनी है। नारी शक्ति के बिना कोई भी कार्य अधूरा है। सभी अग्रणी मोर्चा संगठन को संगठित होकर कार्य करने की जरूरत है।

महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह ने कहा कि मैत्री सम्मेलन में उपस्थित सभी महिला बहनों को मिशन 2024 को लेकर कार्य करने की आवश्यकता है। सभी लोगों को कांग्रेस पार्टी की विचार-धारा को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए काम करने की जरूरत है।

सम्मेलन में सुन्दरी तिर्की, पिंकी सिंह, मेरी तिर्की, पुजा कुमारी, मीनू सिंह, पार्वती सिंह, विघा खलखो, रीता देवी, मालती कुमारी, रेणु पाल, सबिना खतुन, रीना यादव, कविता देवी, राधा देवी, रीना सांगा, मधु , रोज तिर्की, मीना मुण्डा, रेश्मा गुलशन, शीला लकड़ा, संध्या देवी, सुनिता देवी, लडली खातून सहित सैकड़ों नेत्री शामिल थीं।

## आज का राशिफल
09-01-2024

**मेष** : अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा भी जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

**वृष** : महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। क्रोध में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें।

**मिथुन** : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा।

**कर्क** : सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा।

**सिंह** : अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी।

**कन्या** : कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें।

**तुला** : पूर्व में किये कार्यो से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा।

**वृश्चिक** : दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे।

**धनु** : संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**मकर** : मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रह। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**कुंभ** : स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी।

**मीन** : सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

### नगड़ी में आयोजित विकसित भारत अभियान में बोले अमर बाउरी

# 2047 तक भारत बनेगा विकसित राष्ट्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची/ नगड़ी।** वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ-साथ हम सभी सवा सौ करोड़ लोगों ने लिया है। उक्त बातें नेता प्रतिपक्ष झारखंड अमर कुमार बाउरी ने सोमवार को नगड़ी में आयोजित विकसित भारत अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो भी गारंटी देते हैं उसके पूरा होने की भी गारंटी होती है। देश में विकास और परिवर्तन वर्ष 2014 के बाद ही देखने को मिला। जब गरीबों के छत पर दो कमरे का पक्का मकान, उसमें रसोई, रसोई में 5 किलो चावल, गैस चूल्हा, शौचालय, हर व्यक्ति का 500000 का स्वास्थ्य बीमा, नल से जल, बिजली, अच्छी सड़क सब कुछ मिल रहा और यह न सिर्फ किसी एक वर्ग या जाति को दिया जा रहा है। सबका साथ सबका विश्वास सबका प्रयास के मूल मंत्र के साथ इन सभी योजनाओं का लाभ देश के हर वर्ग को दिया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आयुष्मान भारत अब विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा बन गई है और यह सब कुछ संभव हुआ है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्ट संकल्प से। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में राम लाला अपने गर्भगृह में स्थापित हो रहे हैं। 500 वर्षों के लंबी लड़ाई के बाद आखिरकार 22 जनवरी 2024 को राम लाला फिर से अपने भव्य मंदिर में स्थापित होंगे। हम सबको मिलकर 22 जनवरी को दिवाली माननी है अपने घर और आसपास सभी मंदिरों में दीप जलाकर प्रभु श्री राम का स्वागत करना है। कार्यक्रम में संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प और नरेंद्र मोदी की गारंटी की गाड़ी को हर पंचायत हर गांव तक पहुंचाने का उद्देश्य है कि वैसे लोग जो केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी नहीं रखते हैं या फिर वैसे लोग जिन्हें केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिला है उन्हें समुचित जानकारी मिल सके और तत्काल उनके समस्या का समाधान किया जा सके। उन्होंने बताया कि इसके जरिए केंद्र सरकार की सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी मिल सकेगी और इसका फायदा आम जनता भी उठा सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वैसे आसपास के लोगों को भी इस वैन की जानकारी दें जिन्हें केंद्र सरकार के किसी भी लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए।

22 जनवरी 2024 के आलोक में उन्होंने कहा कि हम सबके लिए यह गर्व की बात है कि 500 वर्षों की लंबी लड़ाई के बाद आखिरकार प्रभु श्री राम टेंट से निकलकर अपने भव्य मंदिर में स्थापित हो रहे हैं। इस दिन को हमें यादगार बनाना है और सभी लोग अपने-अपने घरों में दीप जलाकर प्रभु श्री राम का स्वागत करना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, हटिया विधायक नवीन जयसवाल, भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती समेत कई नेता-कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## इंडियन बैंक ने किया रोड शो




**रांची।** इंडियन बैंक, अंचल कार्यालय, के समन्वय से अपर बाजार शाखा द्वारा सोमवार को अपर बाजार के आस-पास क्षेत्रों में रोड़ शो का आयोजन किया गया। इस रोड शो का उद्देश्य इंडियन बैंक के डिजिटल उत्पाद-इंड जीएसटी एडवांटेज से सभी को अवगत कराना है। इस दौरान सभी दुकान में इंड जीएसटी एडवांटेज के पैम्फलेट वितरित की गई एवं सभी को इसकी पूरी जानकारी प्रदान की गई। इंड जीएसटी एडवांटेज अपने व्यवसाय वृद्धि का सर्वोतम साधन है। इस उत्पाद से व्यवसाय के लिए रु.5 लाख से रु.25 लाख तक का ऋण तुरंत प्राप्त कर सकते है। ऋण लेने के लिए डिजिटल माध्यम से आवेदन करना पड़ता है। जिसके लिए किसी भी संपार्श्विक की आवश्यकता नहीं है। इस रोड शो में अंचल प्रबंधक एफ. आर. बोखारी, उप अंचल प्रबंधक प्रभाकर कुमार की उपस्थिति में मुख्य प्रबन्धक संजय कुमार, राहुल जायसवाल, अजीत कुमार, मोहन राय एवं शाखा प्रबंधक साकेत श्रीवास्तव सहित राँची अंचल एवं राँची के शाखाओं के लगभग 50 स्टाफ सदस्यों ने अत्यंत उत्साह से भाग लिया।

## मनरेगा कर्मचारी संघ ने लंबित मांगों के पूरा नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ की वर्चुअल बैठक गूगल मीट के माध्यम से हुआ। बैठक में मनरेगा कर्मियों के बीच वर्षों से लंबित मांगों पर चर्चा की गई। अब तक सरकार के द्वारा लंबित मांगों की पूर्ति नहीं होने पर सभी मनरेगा कर्मियों ने नाराजगी जताई। मनरेगाकर्मियों ने कहां की हमलोग अल्प मानदेय में काम कर रहे हैं वह भी समय पर नहीं मिल रहा है। विगत मानदेय बढ़ोतरी में सरकार ने बहुत ही कम बढ़ोतरी की जिससे परिवार की भरण पोषण नहीं हो पाता है। इसके अलावा सामाजिक सुरक्षा बीमा नहीं होने के कारण आए दिन लगातार मनरेगा कर्मियों विभिन्न प्रकार के दुर्घटनाओं में मारे जा रहे, जिससे उनकी आश्रित परिवारों को किसी भी प्रकार के सरकार के द्वारा लाभ नहीं मिल पा रहा है। इपीएफ की व्यवस्था अब तक पूर्ण रूप से नहीं लागू हो पाया है। वहीं, छोटी-छोटी गलतियों के कारण मनरेगा कर्मियों की बर्खास्त जैसे कार्रवाई की जा रही है। इससे मनरेगा कर्मी काफी आक्रोशित है। मनरेगा कर्मियों का कहना है विगत 15-16 सालों से मनरेगा के कार्य को पूरी ईमानदारी से आगे बढ़ाया है और वर्तमान में इतने लंबे समय तक कार्य करने के बाद बर्खास्त करना उचित नहीं है। सरकार और विभाग को इस पर विचार करना चाहिए। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष महेश सोरेन ने कहा लंबित मांगों की पूर्ति के लिए सरकार और विभाग से समन्वय स्थापित कर लंबित मांगों की पूर्ति करने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में सभी मनरेगा कर्मियों ने एक स्वर में कहा यदि सरकार और विभाग हमारी मांगों के पूर्ति नहीं करती है तो संघ आंदोलन की राह अपना कर वृहद आंदोलन करेगी। आगामी 15 जनवरी को फिर से मनरेगा कर्मियों की बैठक होगी जिससे आगे की रणनीति तैयार की जायेगी।

## रामरथ पहुंचा राजधानी, भक्तों ने किया स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** रामरथ झांकी सोमवार को 26000 किलोमीटर दूरी तय कर राजधानी पहुंची। राजधानी पहुचें पर राम भक्तों ने स्वागत किया। रामरथ बीकानेर शहर से रवाना हुआ था। यह रथ देश के विभिन्न हिस्सों से होते हुए अयोध्या धाम 22 जनवरी को पहुंचेगा। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में रामरथ निकाली गयी है। श्री रामरथ रांची के ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर से प्रारंभ होकर रांची शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नगर भ्रमण करेगा।

## गुरुनानक सत्संग सभा ने निकाली प्रभातफेरी

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा सोमवार को प्रभातफेरी सुबह छह बजे गुरुद्वारा साहब के पार्किंग गेट से निकलकर सरदार सुरजीत सिंह, हरीश नागपाल, अजय अरोड़ा, नीरज ग्रोवर, पूर्व पार्षद देवराज खत्री, सुभाष बजाज, हीरा झंडई, मनीष सरदाना के घरों से होते हुए होलाराम तेहरी की गली तथा विवेकानंद अस्पताल होते हुए गुरुद्वारा साहिब के दर्शन दिउड़ी गेट पहुंचकर अरदास के साथ विसर्जित हो गई। फेरी के समापन पर संगत के लिए चाय नाश्ते का लंगर चलाया गया। सरदार भूपेंद्र सिंह ने निशान साहब उठाकर प्रभातफेरी की अगुवाई की. मनीष मिढ़ा ने श्रद्धालुओं के घरों के सामने अरदास की। प्रभात फेरी में द्वारका दास मुंजाल, अर्जुन देव मिढा, अशोक गेरा, हरगोबिंद सिंह, डॉ सतीश मिढ़ा, मोहन काठपाल, सुरेश मिढ़ा, अनूप गिरधर, विनोद सुखीजा, जीवन मिढ़ा, महेंद्र अरोड़ा, बसंत काठपाल, प्रकाश नागपाल, मोहित झंडई, राकेश गिरधर, रमेश तेहरी, आशु मिढ़ा, कशिश नागपाल, गगन सरदाना, अशोक तेहरी, नवीन मिढ़ा, राजेन्द्र मक्कड़, रमेश पपनेजा, इन्दर मिढ़ा, गुलशन मिढ़ा, रौनक ग्रोवर, सूरज झंडई, विनीत खत्री, रिक्की मिढ़ा, हरीश तेहरी, ममता थरेजा, श्वेता मुंजाल, गूंज काठपाल समेत अन्य शामिल थे।

## शीर्ष अदालत ने महिलाओं और जनता का भरोसा बहाल किया : मंजूर अंसारी



**रांची।** झारखण्ड प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मंजूर अंसारी ने बिलकिस बानो केस में सुप्रीम कोर्ट का फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि गुजरात सरकार ने एक जघन्य और दुर्लभ अपराध के दोषियों को रिहा करके देश भर की महिलाओं का अपमान किया था। कोर्ट ने भाजपा सरकार के उस आदेश को फ्रॉड एक्ट बताते हुए रद्द कर दिया है। श्री अंसारी ने कहा है कि एक गर्भवती महिला के साथ गैंगरेप, उसकी बच्ची समेत परिवार के सात लोगों की हत्या की घटना सिर्फ एक महिला के खिलाफ नहीं, मानवता के खिलाफ था। दोषियों को सभी अदालतों से सजा मिली थी लेकिन भाजपा सरकार ने अन्याय और संवेदनहीनता की पराकाष्ठा को पार करते हुए उन दोषियों को छोड़ दिया। जब उनकी रिहाई को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई तो सरकार वहां भी फैसले का बचाव करने पहुंच गई। श्री अंसारी ने कहा है कि प्रधानमंत्री महिला सुरक्षा की चाहे जितनी बातें करें।

## उद्धव से ज्ञानी को भी कहना पड़ा यह, गोपियों तू धन्य हो : संत सदानंद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम दिव्यांग आश्रम में सोमवार को श्री कृष्ण प्रणामी सेवा समिति द्वारा श्रीमद् भागवत कथा व्यास पीठ पर आसीन संत सदानंद महाराज ने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि दुख- सुख को समझने वाले जिस धैर्यवान पुरुष को एक इंद्रियों के विषयों के संजोग व्याकुल नहीं करते वह मोक्ष के योग्य नहीं है। महाराज ने भगवान श्री कृष्ण के प्रति गोपियों के हृदय में प्रेम का वर्णन करते हुए कहा की के उद्धव से ज्ञानी को भी कहना पड़ा यह गोपियों तू धन्य हो तुम्हारा जीवन सफल है और तुम सारे संसार के लिए पूजनीय हो क्योंकि तुम लोगों ने इस प्रकार भगवान श्री कृष्ण को अपना हृदय अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया है। नंद बाबा के ब्रज में रहने वाले गोपांगनाओ तुम्हारी चरण धूलि को मैं बार-बार प्रणाम करता हूं। भगवान श्री कृष्ण की अद्भुत लिलाएं सागर में द्वारकापुरी निर्माण कर वास किया। एक एक कर 8 विवाह किया और एक ही मुहूर्त में 16100 कन्या से विवाह किया इतने बड़े परिवार में बड़े आनंद पूर्वक रहते थे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल सचिव मनोज चौधरी, ओम सरावगी, प्रमोद सारस्वत, नंद किशोर चौधरी, विजयअग्रवाल, पवन पौदार, निर्मल छावनिका, विष्णु सोनी, मनीष जालान, विशाल जालान, सुरेश चौधरी, सुरेश भगत, नरेश अग्रवाल शिवभगवान अग्रवाल, सज्जन पाडिया, सुनील पोद्दार, रमेन्द्र पांडे, धीरज गुप्ता, आलोक सिंह तथा महिला मंडल की विधा देवी अग्रवाल सुनीता अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, मनीषा, अमिता, पुनम अग्रवाल, ललिता पोद्दार, चंदा देवी अग्रवाल मौजूद थी।

# युवाओं को शहीदों के बलिदान से प्रेरणा लेकर राज्य के नवनिर्माण के लिए आगे आना होगा : सुदेश महतो

### शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह को अर्पित की गयी श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** यह एक ऐतिहासिक स्थल है जो हमेशा हमें अपने हक और अधिकार के लिए लड़ने को प्रेरित करता रहेगा। अंग्रेजों के शोषण, अत्याचार एवं गलत नीतियों के खिलाफ बिगुल फूंकने के साथ ही लोगों को गोलबंद कर अपनी अंतिम सांस तक संघर्ष करने वाले झारखंडी माटी के लाल शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने चुटुपालू स्थित शहीद स्थल पर शहीद शेख भिखारी और शहीद टिकैत उमराव सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रधांजलि अर्पित कर कही। इस दौरान पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष सह गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, महासचिव सह गोमिया विधायक लंबोदर महतो सहित कई पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहें। श्री महतो ने कहा कि वीर क्रांतिकारियों ने कुबार्नी के हद तक संघर्ष का मिसाल पेश किया है। उन्होंने कहा कि देश ऋणी है उन क्रांतिवीरों का जिन्होंने देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। भारत भूखण्ड के लिए जो कृत किया है यह हमेशा लोगों के जेहन में बना रहेगा। युवाओं को वीर शहीदों के बलिदान से प्रेरणा लेकर राज्य और देश के निर्माण में योगदान देना चाहिए। इसके बाद सुदेश कुमार महतो शहीद टिकैत उमराव सिंह की जन्मस्थली ओरमांझी के खटंगा गांव पहुँचे। जहां उन्होंने उनके परिजनों से मुलाकात की और उनकी प्रतिमा में माल्यर्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

मौके पर उन्होंने कहा कि जिस माटी के लिए इन वीर सपूतों ने अपनी कुबार्नी दी है उनके परिजनों का सम्मान सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। आदर्श ग्राम की परिकल्पना भारत भूखण्ड के लिए वीर शहीदों ने जो कृत किया है यह हमेशा लोगों के जेहन में यादगार बना रहे इसके लिए हमने आदर्श ग्राम के अतर्गत ग्राम संसद, मुलभूत संरचना के साथ-साथ विकास के सभी आयामों को स्थापित करने की योजना का प्रारंभ किया था जो अब तक अधुरा है। उन्हें जल्द से जल्द पूरा करने की दिशा में काम करना चाहिए लेकिन राज्य सरकार का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण है।

### पुण्यतिथि पर याद किये गये डॉ बीके चांद

हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में अखिल झारखंड बुद्धिजीवी मंच के पूर्व अध्यक्ष डॉ. बी. के. चांद की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर पार्टी के उपाध्यक्ष हसन अंसारी ने उनके योगदानों को याद करते हुए कहा कि झारखण्डी हितों और सवालों पर हमेशा मुखर रहने वाले चांद साहब का पार्टी के प्रति योगदान अतुलनीय और अविस्मरणीय है। उन्होंने पार्टी के विचारों और सिद्धान्तों को जन जन तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस दौरान राजेंद्र मेहता, भारत काशी, ज्ञान सिन्हा, डॉ सुधीर यादव, आदिल अजीम, जुबेर आलम, संजय महतो, बनमाली मण्डल मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### अशोक नगर देवालय एवं चिंतन स्थल का चुनाव संपन्न



**रांची।** रांची स्थित अशोक नगर देवालय एवं चिंतन स्थल में कल नई कार्यकारिणी समिति के गठन के लिए चुनाव हुआ। यह चुनाव हर तीन वर्ष पर नई समिति के गठन के लिए होता है। चुनाव में मुकेश कुमार और उनकी टीम निर्विरोध कार्यकारिणी समिति के लिए चुन ली गयी। नई समिति में मुकेश कुमार अध्यक्ष, प्रेमजीत आनंद उपाध्यक्ष, बी बी मिश्रा सचिव, प्रवीण नंदन सहाय संयुक्त सचिव एवं मनोरंजन कुंवर कोषाध्यक्ष चुने गए हैं। वहीं कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों में अजय पांडेय, संजय शरण, डॉ. अभिषेक वर्मा, डॉ. शिप्रा शरण एवं राजीव रंजन निर्विरोध चुने गए। चुनाव अधिकारी एपी चौधरी ने चुनाव परिणाम की घोषणा की और सभी निर्वाचित सदस्यों को सर्टिफिकेट प्रदान किया। मुकेश कुमार ने कहा कि नई समिति मंदिर के विकास के लिए काम करेगी।

### पुण्यतिथि पर गर्म कपड़ों का वितरण



**रांची।** कैंब्रिज ग्रुप के दिवंगत मुख्य सलाहकार व पूर्व प्रशासनिक अधिकारी स्व बीके चांद की 5वीं पुण्यतिथि के मौके पर सोमवार को सीआईटी में चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों के बीच गर्म कपडे का वितरण किया गया। मौके पर स्व चांद के पुत्र कौशिक चांद, कैंब्रिज ट्रस्ट के प्रशासनिक निदेशक नवनीत सिंह, संयुक्त निदेशक डॉ पल्लवी चौहान, वित्त निदेशक पीके सेन, प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन, डॉ ए भट्टाचार्य, मनीष नाथ आदि ने मुख्य रूप से उपस्थित होकर जरूरतमंदो को गर्म कपडे का वितरण किया। मालूम हो कि प्रत्येक वर्ष स्व चांद के पुण्यतिथि के मौके पर संस्थान मे गर्म कपड़ों का वितरण किया जाता है। स्व बीके चांद के पुत्र कौशिक चांद ने बताया कि इस वर्ष भी गर्म कपडे के रूप मे दर्जनों जरुरतमंदो के बीच शाल, जैकेट, स्वेटर, चादर आदि का वितरण किया गया है। गर्म कपडे पाकर कर्मी काफी खुश दिखे।

### लायंस क्लब ने कराया भोजन




**रांची।** लायंस क्लब ऑफ राँची के द्वारा एलसीआईफ सप्ताह के तहत सोमवार को गुरुनानक हैंडीकैपड होम बरियातु के बच्चों को दोपहर का भोजन कराया। एलसीआईफ के सयोंजक पूर्व अध्यक्ष लायन श्याम सुन्दर शर्मा ने बताया की लायंस क्लब इंटरनेशनल फाउंडेशन के द्वारा प्रत्येक वर्ष 8 जनवरी से 14 जनवरी तक पुरे सप्ताह भर जरूरतमंदो की सेवा की जाती है। प्रोग्राम को सफल बनाने में क्लब अध्यक्ष लायन परविंदर जीत सिंह, लायन सिमलजीत कौर, लायन डॉ हरबिंदर बीर सिंह, लायन श्याम सुन्दर शर्मा, लायन टीना तिवारी, लायन सुक्रित तिवारी ने अपना योगदान दिया।

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल के बारहवीं के छात्रों ने की लर्निंग यात्रा



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने कक्षा 12 (2023-24) बैच के लिए सोमवार को मिलन समारोह का आयोजन किया। छात्रों को पुरुलिया स्थित कुशल पल्ली रिसॉर्ट्स, अयोध्या हिल्स ले जाया गया। यह एक मनोरंजक यात्रा थी जिसमें छात्रों ने बड़े उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। दोपहर के भोजन का आनंद लेने के बाद, छात्र पूल साइड पार्टी में शामिल हुए। विद्यार्थियों ने गो कार्टिंग, बास्केटबॉल आदि विभिन्न खेलों का आनंद लिया। शाम को, स्टैंड-अप कॉमेडियन, पीयूष शर्मा ने उनका मनोरंजन किया। इसके बाद छात्रों ने डीजे नाइट का आनंद लिया। छात्रों के लिए कुछ खेलों का आयोजन किया गया, जिससे एकता और टीम वर्क की भावना को बढ़ावा मिला। अगली सुबह छात्रों ने वहां से विद्यालय के लिए प्रस्थान किया। इस यात्रा से छात्रों ने टीम भावना, समय-प्रबंधन और अनुशासन के गुण सीखे। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने प्रत्येक वर्ष ऐसी यात्राएं आयोजित करने के स्कूल के प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों को उनकी आगामी बोर्ड परीक्षा के लिए शुभकामनाएँ दी।

### प्रदेश कांग्रेस ने अमर शहीद टिकैत उमराव सिंह एवं शेख भिखारी को याद किया

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में अमर शहीद एवं वीर स्वतंत्रता सेनानी टिकैत उमरांव सिंह एवं शेख भिखारी की शहादत दिवस प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सोमवार को मनायी गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि स्वतंत्रता आन्दोलन में शहीद टिकैत एवं शेख भिखारी ने अग्रणी भूमिका निभाई तथा अंग्रेजों से जान की बाजी लगाकर उनसे लोहा लिया और देश को अंग्रेजों से मुक्ति दिलाई। वक्ताओं ने शहीदों के किये गए कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि उन दोनों शहीदों को चुटूपालु घाटी में फांसी दे दी गयी। शहीद टिकैत एवं शेख भिखारी की कुबार्नी को सदैव याद किया जाता रहेगा। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में अमुल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, जगदीश साहु, निरंजन पासवान, सोनल शांति, नेली नाथन, बेलस तिर्की, हुसैन खान, अख्तर अली, खुर्शीद हसन रूमी, सोनू कुमार, प्रभात कुमार, छोटू सिंह सहित अन्य कांग्रेसजन शामिल थे।

## बार चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया खत्म, 74 वकीलों के बीच मुकाबला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला बार एसोसिएशन की नयी कमिटी के लिए 20 जनवरी को चुनाव होने हैं। सोमवार को इसके लिए नामांकन प्रक्रिया खत्म हो गई। जिसके बाद अब प्रत्याशियों के नामांकन पत्र की स्क्रूटनी मंगलवार को होगी। नामांकन वापसी के लिए बुधवार तक का समय प्रत्याशियों को दिया गया है। इस वर्ष बार चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष और प्रशासनिक सचिव जैसे महत्वपूर्ण पदों पर 33 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के 10 पदों के लिए 41 वकीलों ने परचा भरा है।

**प्रमुख पदों पर ये हैं प्रत्याशी**

अध्यक्ष पद के लिए शम्भू अग्रवाल, अरविंद मित्रा, सुधीर सिन्हा और रश्मि कात्यायन

उपाध्यक्ष- मो मुमताज, विनय राय, अनूप कुमार लाल, रंजीत महत और सतीश वर्मा

महासचिव- संजय विद्रोही, अनिल कुमार कंठ, आशीर्वाद बेदिया और प्रदीप सरकार

कोषाध्यक्ष- अमर कुमार, प्रीतांशु सिंह और मुकेश केसरी

प्रशासनिक सचिव- पवन खत्री, अभिषेक भारती, दर्पणा तमांग, अजित कुमार सिंह, कुमुद रंजन प्रसाद, सुनील पांडेय और मो. कफीउर रहमान

स्पीड न्यूज

## स्कॉर्पियो के धक्के से स्कूटी सवार महिला की मौत

**तमाड़।** थाना क्षेत्र के रांची–टाटा मार्ग जोजोडीह के समीप सोमवार को स्कॉर्पियो (जेएच01 ईएन 5685) की चपेट में आने से स्कूटी सवार एक महिला की मौत घटनास्थल पर हो गयी। घटना अहले सुबह 9 बजे की है। घने कोहरा के कारण कार ने स्कूटी सवार महिला को टक्कर मार दी। मृतका की पहचान शांति मुक्ता बारला के रूप में हुई, जो जमशेदपुर महिला कॉलेज में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत थीं। मृतका गुमला निवासी बतायी जा रही हैं। बताया जाता है कि उक्त महिला अपनी सहेली सीता कुमारी के साथ अपनी स्कूटी पर सवार होकर जमशेदपुर से गुमला जा रही थीं। तब जोजोडीह के समीप स्कार्पियो की चपेट में आ गयीं। टक्कर इतनी जोरदार थी की स्कूटी के परखच्चे उड़ गये। तमाड़ पुलिस ने कार को जब्त कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## कोकदोरो में खुला धान अधिप्राप्ति केंद्र

**पिठोरिया।** कोकदोरो लैम्पस लिमिटेड में धान अधिप्राप्ति केन्द्र का उद्घाटन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि कांके प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुण्डा, जिला परिषद प्रतिनिधि जमील अख्तर, मुखिया उज्जवल पहान, पूर्व मुखिया रुमिला देवी प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी सुदर्शन चौबे लैम्पस प्रबंधक जीतनाथ बेदिया ने संयुक्त रूप से फीता काट कर एवं नारियल फोड़कर किया। मौके पर भाजपा एसी मोर्चा के मंत्री सुरेश राम, जिलाध्यक्ष एसी मोर्चा मनोज राम, रणधीर केशरी, रघु पहान, शफीक खान, मानती देवी, मनशा उरांव, सजाद अंसारी, तीर्थनाथ पहान, प्रल्हाद कुमार, सोनिया देवी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मैक्लुस्कीगंज में बिजली चोरों पर केस लगा जुर्माना

**खलारी।** झारखंड राज्य बिजली वितरण नगर निगम के तहत मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र में एकदिवसीय छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान मंडार जेई आशीष कुमार मुंडा व एसडीओ राजेश विरवा के नेतृत्व में लपरा व कोंनका के कुल आठ लोगो पर बिजली चोरी करने के आरोप लगाते हुए थाना में मामला दर्ज कर लगभग 1 लाख 59 हजार 925 रुपये का जुमार्ना लगाया गया। अभियान में बिजली कर्मी बाबूलाल यादव, बिजय कुमार, कार्तिक उरांव, आशीष उरांव सहित अन्य बिजली कर्मी शामिल थे।

## रामलला प्राणप्रतिष्ठा को लेकर निमंत्रण पत्र का वितरण

**मुरी।** सोमवार की शाम विश्व हिंदू परिषद सदस्यों द्वारा अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला के प्राणप्रतिष्ठा को लेकर छोटा मुरी में घर घर जाकर निमंत्रण पत्र और अक्षत दिया गया। साथ ही अपने अपने घरों में संध्या में दीप जला कर घरों को दीपक से जगमग करने का आग्रह भी किया। इसके अलावा 22 जनवरी की शाम मां वैष्णवी दुर्गा मंदिर में होने वाले भजन–कीर्तन में शामिल होने का न्योता भी दिया।

## खलारी में मना शेख भिखारी, उमरांव सिंह का शहादत दिवस

**खलारी।** खलारी बैंक चौंक स्थित मैदान में शहीद शेख भिखारी व टिकैत उमराव सिंह मेमोरियल सोसाइटी के बैनर तले मजदूर नेता सह पूर्व जिप सदस्य अब्दुल्ला अंसारी के अध्यक्षता में शेख भिखारी व टिकैत उमरांव सिंह का शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पुरनाडीह परियोजना पदाधिकारी शकील अहमद व विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य सरस्वती देवीएरैयत मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन इस्लाम अंसारी मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहरी कांग्रेस ग्रामीण प्रदेश महासचिव इंदिरा तुरी कांग्रेस जिला महासचिव तनवीर आलम कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष साबिर अंसारी मुखिया तेजी किस्पोट्टा पारसनाथ उरांव मल्का मुंडा उपस्थित थे।

# बलिदानियों के जयकारे से गूंजी चुटूपालू घाटी

●टिकैत उमरांव सिंह और शेख भिखारी का मनाया गया बलिदान दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता


श्रद्धांजलि देते सांसद संजय सेठ।

**ओरमांझी।** 1857 इ. जंगे आजादी में अपने प्राणों की बलिदान करने वाले ओरमांझी की धरती के शूरवीर अमर बलिदानी टिकैत उमराव सिंह व शहीद शेख भिखारी की बलिदान दिवस पर बलिदान स्थल चुटूपालू घाटी व दोनो के जन्म स्थली गांव खटंगा व खुदिया में श्रद्धांजलि दी गई। चुटूपालू घाटी स्थित बलिदानी पेड़ बरगद के नीचे सुबह से ही विभिन्न राजनीति पार्टी के नेता व कार्यकर्ता श्रद्धांजलि देने पहुंचने लगे। पूर्व उपमुख्यमंत्री सह विधायक सुदेश महतो, पूर्व मंत्री सह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, सांसद संजय सेठ, विधायक राजेश कच्छप, लंबोदर महतो, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, प्रमुख अनुपमा देवी, पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, जिप सदस्य सरिता देवी, आजसू जिला अध्यक्ष संजय कुमार, उपाध्यक्ष रामधन बेदिया, उपप्रमुख रिजवान अंसारी, पूर्व उप प्रमुख मुनजतीर अहमद रजा, पूर्व जिप सदस्य मुखिया वीणा देवी, भारत मुंडा समाज के अध्यक्ष भीम मुंडा, बीडीओ विजय कुमार, सीओ नितिन शिवम गुप्ता, मानकी रोजेंद्र शाही, सुरेंद्र सिंह सिंधी, शंकर गुप्ता, विक्रांत तिवारी, सत्यमराज कुशवाहा, शषि मेहता, रोहित साहू, राजकिशोर साहू भाजपा, कांग्रेस, जेएमएम, आजसू व काफी समाजिक कार्यकर्ता द्वारा बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी गई। वहीं सुदेश महतो कहा देश के लिए अपने प्राणों की बलिदानी करने वाले हम सभी के लिए प्रेणाश्रोत हैं। बलिदान स्थल का विकास हुआ है, लेकिन बलिदानियों के गांव व परिवार का विकास के लिए भी सरकार को सोंचना चाहिए। वहीं विधायक राजेष कच्छप बलिदान स्थल को विकास करने के लिए सीओ से भूमि चिन्हित करने को कहा। वहीं कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे गरीब, वृद्धों को कंबल वितरण किया गया।

## वीर योद्धाओं की भूमि है झारखंड : आजम अहमद

कंबल वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता


रातू में कंबल का वितरण करते अतिथि।

**रातू।** झारखंड आंदोलनकारी आजम अहमद ने कहा कि झारखंड वीर योद्धाओं की भूमि है। उनकी अदम्य साहस और बलिदान की वजह से हमें आजादी मिली है। युवाओं को अमर शहीदों के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है। उन्होंने शिक्षा को विकास की कसौटी बताते हुये लोगों से बच्चों की तालीम पर विशेष ध्यान देने की अपील की। श्री अहमद फुटकलटोली स्थित अंजुमन इस्लामिया के प्रखंड कार्यालय सभागार में आयोजित अमर शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह के 166 वें शहादत दिवस पर कंबल वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, समाजसेवी कमरुल हक, मो मुजीब, जोहर पार्टी के कुशवाहा विजय महतो व हैदर अली आदि ने भी अपनी बातें रखी। इससे पूर्व अतिथियों ने विभिन्न मदरसा के 150 असहाय बच्चों के बीच गर्म कपड़े और वेश कीमती कंबल का वितरण किया। स्वागत भाषण अध्यक्ष अताउल्लाह अंसारी ने दिया। कार्यक्रम की शुरूआत तिलावत ए कुरआन से की गयी। सामूहिक दुआ में सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। संचालन सचिव अनीसुर्रहमान ने किया।

### कार्यक्रम में लिया हिस्सा

कमेटी के उपाध्यक्ष अंजुम खान, उप सचिव मोख्तार अंसारी, कोषाध्यक्ष अजमुल हक, राजीव रंजन मिश्र उर्फ चिंटू, सिंदबाज खान, बसंत पाहन, राजाराम महतो, रईश अंसारी, बबलू अंसारी, मौलाना परवेज अंसारी, जुमाउद्दीन अंसारी, सिराजुद्दीन अंसारी, जियाउल हक, युसूफ अंसारी, कलीम अंसारी, मो इरशाद व मो आरिफ आदि।

## महेशपुर में शेख भिखारी का मना शहादत दिवस

**अनगड़ा।** शहीद शेख भिखारी वेलफेयर एंड डेवलपमेंट सोसाईटी के तत्वाधान में सोमवार आठ जनवरी को शहीद शेख भिखारी का शहादत दिवस श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। मौके पर सोसाईटी की ओर से वृद्ध वृद्धाओ के बीच विभिन्न लोगों के सौजन्य से कम्बल का वितरण भी किया गया। शहीद को श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से विधायक राजेश कच्छप प्रमुख दीपा उरांव बीडीओ जयपाल सोय भाजपा नेता जैलेन्द्र कुमार लोक सेवा समिति रांची के नौशाद खान पूर्व प्रमुख अनवर खान विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुण्डा मुमताज खान शोनू खान शिवदास गोस्वामी वनमाली महतो अलताफ खान रब्बानी खान पूर्व मुखिया अनीता देवी वालीद खान जाकीर खान शमीम खान कार्यक्रम को सफल बनाने में सोसाईटी के शमसाद खान शहीद के वंशज शेख चरकू जयशंकर पहान दूबराज मुंडा शहनाज खातुन इत्यादि ने बहुमूल्य योगदान दिया।

## राहे में हाथियों ने मचाया उत्पात घर का दरवाजा तोड़ खा गये अनाज

खबर मन्त्र संवाददाता

**राहे।** प्रखंड के दोकाद एरंगामाटी ओर बदालु गांव में हाथियों का झुंड ने जम कर उत्पात मचाया है। दोकाद गांव के किसान विशेश्वर महतो रंगामाटी गांव के किसान रमन महतो मनबोध महतो पारना लोहरा ओर डोमन महतो के खलिहान में रखे धान को खाया और नष्ट किया है। मनबोध महतो के घर का दरवाजा को तोड़ कर घर मे घुस कर चावल को खाया है। बदालु गांव के किसान मृगेन्द्र नाथ महतो के 2 एकड़ में लगे मटर ओर आलू को मन भर खाया।हरिनाथ लोहरा के खलिहान में रखे धान को खाया। चिरुडीह गांव में खलिहान में आग लगा कर हाथी को भगाया गया। किसानों ने वन विभाग से मुआवजा की मांग किया है।इधर गांव में हाथी के उत्पात की सूचना पर आजसू के प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर महतो बालेंदु महतो मनोज महतो कमल महतो प्रदीप महतो सुषेन महतो मनोहर महतो नगेन्द्र सिंह मुंडा गांव जाकर नुकसान की जानकारी लिये था। किसानों को मुआवजा प्रक्रिया की जानकारी दिये।

## कूर्गी लैंपस में खुला धान अधिप्राप्ति केंद्र

**इटकी।** प्रखंड के कूर्गी लैम्प्स में सोमवार को धान अधिप्राप्ति क्रय केंद्र का जिप सदस्य रीना देवी, प्रमुख किरण उरांवए बीडीओ गौतम प्रसाद साहू, उप प्रमुख परवेज राजा व मुखिया रमेश महली द्वारा विधिवत ढंग से फीता काटकर संयुक्त रूप से उदघाटन किया गया। कूर्गी लैम्प्स सहकारिता प्रसार पदाधिकारी विनोद नारायण झा ने जानकारी दी कि धान की सरकारी दर 2300 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीद की जाएगी। निबंधित किये गये किसान ही धान विक्रय कर सकते हैं। वहीं अपना निबंधन ई उपार्जन पोर्टल पर करा लें।

# सारस्वत सम्मान से सम्मानित होंगे प्रो सत्यदेव मुंडा

पर्यावरणविद और भाजपा नेता हैं सत्यदेव

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** अखिल भारतीय सारस्वत परिषद द्वारा अनगड़ा प्रखंड के बीसा पंचायत अंतर्गत बेती गांव निवासी पर्यावरणविद भाजपा नेता प्रो सत्यदेव मुंडा को प्रतिष्ठित सारस्वत पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की गई है। यह कार्यक्रम देश के आध्यात्मिक, साहित्यिक, शैक्षणिक, सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करता है। प्रत्येक वर्ष परिषद द्वारा दिव्यता ज्ञान सेवा और बलिदान के सिद्धांतों को अपनाने वाले उत्कृष्ट व्यक्तियों को सम्मानित करती है। इस वार्षिक उत्सव में अखिल भारतीय सारस्वत परिषद 24 जनवरी को वाराणसी में वर्ष 2023-24 का सारस्वत सम्मान समारोह का आयोजन कर रहा है। अखिल भारतीय सारस्वत परिषद का उद्देश्य समाज और राष्ट्र की भलाई के लिए समर्पित व्यक्तियों को बढ़ावा देना है। प्रो सत्यदेव मुंडा रांची विश्वविद्यालय रांची के जनजाति एवं क्षेत्रीय भाषा से एमए, नेट, बीएड के छात्र रहे हैं। वर्तमान में बेती निवासी सत्यदेव मुंडा की पहचान पर्यावरणविद शिक्षाविद कुशल नेता के रूप में लोग जानते हैं।

### जंगल को बचाने का कर रहे हैं प्रयास



प्रोफेसर सत्यदेव मुंडा के नेतृत्व में सैकड़ों एकड़ जंगल को पूरे गांव के सहयोग से खेती की तरह देखरेख कर बचाया जा रहा है, जो इस क्षेत्र में अलग पहचान बनाए रखा है। इनके कुशल नेतृत्व में सुदूर क्षेत्र बेंती में अस्पताल आवासीय विद्यालय बन रहा है। प्रोफेसर सत्यदेव मुंडा का मानना है कि सदैव समाज को सही विचार और मार्गदर्शन देने की आवश्यकता है तथा लोगों की सहायता के लिए तत्पर रहना चाहिए।

## ग्रामीणों ने ग्रहण की झारखंड पार्टी की सदस्यता

आर्थिक मुद्दे पर हो पार्टियों का चुनाव धर्म नहीं बने मुद्दा

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** खलारी प्रखंड अंतर्गत चूरी दक्षिणी पंचायत में क्रांतिकारी और पूर्व सरपंच बुटन मुंडा की अध्यक्षता में अनेकों ग्रामीणों ने जल जंगल जमीन की पार्टी झारखंड पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। पार्टी के अनुसूचित जाति के केंद्रीय महासचिव अनिल कुमार पासवान ने कहा कि हमारी समाज की सबसे बड़ी दुश्मन गरीबी बेरोजगारी और बीमारी से लड़ने के लिए आर्थिक मुद्दे की हत्या की जरूरत है, इसलिए राजनैतिक पार्टियों का चुनाव आर्थिक मुद्दे पर करें न की धार्मिक मुद्दे पर। बैठक का संचालन प्रखंड सचिव सुनील कुमार ने किया। इस बैठक में खलारी महिला प्रखंड अध्यक्ष नगीना देवी अरुण सिंह निकेत वर्मा प्रेम गंझू जीतन गंझू राजू गंझू विश्व गंझू बालादेव मुंडा सनोज मुंडाए तपेश्वर गंझू शंकर गंझू राजेश्वर मुंडा जमीदार गंझू मुन्ना गंझू आदि शामिल थे।

## कामगारों को संडे ड्यूटी देने को लेकर प्रबंधन संग मोर्चा की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में डकरा भीआईपी सभागार में संयुक्त मोर्चा की आपातकालीन बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता ललन प्रसाद सिंह व संचालन ध्वज राम धोबी ने किया। बैठक मुख्य रूप से रोहणी परियोजना में ज्वलन समस्या को लेकर बैठक रखा गया। बैठक में चर्चा करते हुए बताया कि विगत कुछ वर्षों से रोहणी परियोजना जमीन की समस्या से जूझ तो रही है। साथ ही कामगारों में फूट डालो और राज करो का नियम भी लागू किये हुए है। रविवार से अतिआवश्यक सेवाओं के नाम पर चार कामगारों को संडे ड्यूटी दिया जा रहाए बाकी कामगारो रविवार ड्यूटी से वंचित रखा जा रहा है। यह शोषण रोहाणी परियोजना प्रबंधन के द्वारा किया जा रहा है। घटिया नियम के विरोध में संयुक्त मोर्चा के नेताओं ने रोहणी प्रबंधन से मांग करते हुए सभी मजदूरो को बिना किसी भेदभाव से रविवार ड्यूटी मिलना चाहिए। अगर नहीं मिलता तो सभी रोहणी के कामगार एक साथ अवकाश करेंगे।

### एक नजर में

## शैक्षणिक भ्रमण : बाघवार अकादमी के बच्चों ने दशम फॉल के मनोरम वादियों का किया अवलोकन



**चान्हो।** बाघवार अकादमी के बच्चों को सोमवार को विद्यालय प्रबंधन द्वारा वन भोज सह शैक्षणिक भ्रमण के लिए दशम जलप्रपात ले जाया गया। जाने से पूर्व विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार एवं प्रधानाचार्य, अरुण बाघवार सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक गण एवं स्टाफ के द्वारा सभी बच्चों को आवश्यक निर्देश दिया गया। वहां पहुंचकर सभी बच्चों को पंक्तिबद्ध कर इस दर्शनीय स्थल को देखने के लिए ले जाया गया। प्रकृति के गोद में बैठे इस अकल्पनीय, अतुलनीय, मनोरम एवं मनमोहक दृश्य को देखकर सबका मन मंत्र मुग्ध हो गया। इसके बाद सभी बच्चों को पंक्तिबद्ध बैठाकर भोजन कराया गया। इस वन भोज को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अजय उरांव, प्राइमरी सेक्शन इंचार्ज हरे कृष्णा सिंह, शिक्षिका संगीता एक्का, फरहत जहां, पिंकी कुमारी मीनाक्षी कुमारी, शिवानी चौधरी, शालिनी टोप्पो, शिक्षक विकास गुप्ता, मुकेश विश्वकर्मा, सत्येंद्र प्रसाद सिन्हा, वरुण गुप्ता, पीयूष चक्रवर्ती एवं अनुज टोप्पो सहित विद्यालय के अन्य कर्मचारीगण मौजूद थे।

## ड्रॉप आउट छात्र भी कर सकते हैं मैट्रिक पास



**ओरमांझी।** जो महिला पुरुष किसी मजबूरी में पढ़ाई नही कर सके और उम्र की इस पड़ाव में कम–से–कम मैट्रिक तक की पढ़ाई करने के इच्छा रखते हैं। वैसे लोगों के लिए लर्निंग सेंटर एक वरदान होगी। रविवार को नेवरी पंचायत के उर्दू मध्य विद्यालय में काशवी लर्निंग सेंटर का उद्घाटन मुखिया साधो उरांव करते हुए उक्त बातें कही, कहा लर्निंग सेंटर को खोलने का उद्देश्य है की खास कर गांव की महिलाएं इतनी पढ़ाई कर सके जिससे वह अपने बच्चों के भविष्य संवारने व समाजिक बदलाव में अपनी भूमिका निभा सके। बताया गया कि मैट्रिक पास करने के इक्छुक लोग अपना निबंधन करा सकते हैं। निबंध कराने वालों को निशुल्क पठन–पाठन की पूरी सुविधा दी जाएगी। इसमें ड्राप आउट छात्र–छात्राएं भी अनुबंध करा सकते हैं। मौके प उपमुखिया मजहर अंसारी, वार्ड सदस्य मोमिना खातून, नगमा परवीन, नाजनीन प्रवीण, काशवी शिक्षक तारकेश्वरी देवी, मंजू कुमारी, काशवी कोडिनेटर शिवेंद्र मिश्रा, उर्दू स्कूल प्रचार्य आजाद अंसारी, रीता कुमारी उपस्थित थे।

## खलारी : अगरवा जंगल में वाहन जलाने की अफवाह

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज थाना व चतरा जिला पिपरवार थाना क्षेत्र के सीमांत धमधमियाँ अगरवा तेतर टाँड़ जंगल में बीते रात्रि अज्ञात अपराधियों के द्वारा वाहन जलाने का मामला प्रकाश में आया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अगरवा जंगल में रविवार रात्रि लगभग 10 बजे अज्ञात हथियार बंद अपराधियों के द्वारा वाहन जलाने का मामला आया। सूत्रों ने बताया कि उक्त रात्रि जंगल में एक पिकअप व मारुति वैन को आग के हवाले कर दिया गया। इसके बाद अपराधियों ने हवाई फायरिंग भी किया। हालांकि सूचना के बाद सोमवार सुबह घटना स्थल पर पहुंचने के बाद उक्त जगज पर कोई भी जला हुआ वाहन नही पाया गया। जिस जगह वाहन जलने का बात कही जा जरी थी। उस जगह पर कुछ कोयला व पेड़ पौधे अथवा किसी अन्य वस्तु का मालवा जला हुआ पाया गया। उधर मैक्लुस्कीगंज पुलिस ने बताया कि 11रू 30 बजे रात्रि को सूचना मिला थीए कि जंगल मे अज्ञात लोगों के द्वारा वाहन में आग लगा दिया गया है। सूचना पाकर पुलिस पूरे दल बल के साथ अगरवा जंगल पहुँची। जहां जला हुआ वाहन अथवा किसी भी प्रकार का कोई वस्तु नही प्राप्त हुआ।

## पानी की कम खपत और लहलहा रही फसल

●लकड़ाफाड़ा के समीप 12 एकड़ में किसानों ने लगायी है फसल

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेड़ो।** तकनीकी प्रबंधक गोपाल महतो ने मांडर प्रखंड के 30 किसानों के दल को बेड़ो प्रखंड के जरिया गांव के लकड़ाफाड़ा के समीप अरविंद महतो के 12 एकड़ के क्षेत्र में पानी की बचत से की जा रही खेती का परिभ्रमण कराया। किसानों का दल 20 फीट लंबे चौड़े और 10 फीट गहरा डोभा से पानी की कम खपत पर की जा रही 12 एकड़ के क्षेत्र में लगी लहलहाती फसल को देखकर अभिभूत हो गए। वर्तमान में अरविंद महतो ने खेतों पर मटरएबैगनएतरबूज व कद्दू का फसल लगभग 5 एकड़ में लगा रखा है। वहीं उन्होंने तीन से चार एकड़ में तरबूज का फसल लगाना शुरू कर दिया है। इधर बेड़ो प्रखंड के प्रगतिशील और युवा किसान अरविंद कुमार महतो ने कहा कि पानी की बचत से कर पा रहा हूं ज्यादा एरिया में खेती। वहीं मांडर प्रखंड के बीटीएम गोपाल महतो ने किसानों को भ्रमण के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि बीज के किस्मों के चयन में सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने किसानों को पानी की कम खपत पर उन्नत तकनीक के तहत की जा रही खेती की जानकारी दिया। जिससे किसान बेहद प्रभावित हुए। वहीं मौके पर किसानों में गंदूरा उरांवए बिनोद उरांव व चरवा उरांव समेत अन्य 27 किसान मौजूद थे।

## मांडर फॉरेस्ट मैदान में मना शहादत दिवस



**मांडर।** प्रखंड अंतर्गत मांडर फारेस्ट मैदान में अमर शहीद शेख भिखारी एवं टिकैत उमराव सिंह का शहादत दिवस कार्यक्रम सोमवार को मनाया गया। इस दौरान विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने उन शहीदों की तस्वीर पर पुष्प माला चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने शहीदों को याद करते हुए उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला साथ ही उनके आदर्शों पर चलने की बात कही। साथ ही इस दौरान प्रखंड यूथ कांग्रेस कमिटी की ओर से गरीबों के बीच ढाई सौ कंबल का वितरण भी किया गया। मौके पर जमील मल्लिक विधायक प्रतिनिधि नसीम अंसारी समीम अंसारी अनुप राम सेरोफिना मिंज सरिता मिंज होसे उरांव अर्जुन महतो बैरनाबेथ मिंज के एलवा यूथ कमेटी के अमरनाथ मुंडा, रिशु कुजूर संतोष नायक सुरेश सिंह राजेश सिंह मुंडा रितेश पांडे आदि मौजूद थे।

# अक्षत लेकर अयोध्या जा रहे रामरथ का ओरमांझी में स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता


ओरमांझी पहुंचे श्रीराम रथ के साथ रामभक्तगण।

**ओरमांझी।** राजस्थान से श्रद्धा का अक्षत लेकर अयोध्या जा रहे श्रीराम रथ का ओरमांझी में स्वागत किया गया। श्रीराम रथ ओरमांझी पहुंचने की जानकारी होते ही आसपास के महिलाएं व बच्चों के साथ रामभक्त पहुंचने लगे। भक्तों ने रथ व श्रीराम जानकी व रामभक्त हनुमान की दर्शन करने साथ श्रद्धा के अक्षत अर्पित किए। साथ ही जयश्रीराम उद्घोष के साथ लोगों ने रथ पर पुष्प वर्षा कर श्रीराम रथ को विदा किए। हनुमान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष तिलक दुबे के साथ रथ में सवार वैष्णो दासजी महराज व घनश्याम दासजी महराज ने बताया कि रथ विकानेर राजस्थान से 25 नवंबर को चली है। पूरे भारत में 26 हजार किमी की यात्रा कर 14 जनवरी को अयोध्या पहुंचेगी। रथ में एक बड़ा कलश में 75 जिला के रास्ते में भक्तों द्वारा दिए जा रहे अक्षत को श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा में दिया जाएगा। राजस्थान से आयोध्या तक की रथयात्रा के उद्देश्य के संबंध में बताया कि श्रीराम के प्रति जन-जन की भक्ति भावनाएं रथ के माध्या से आयोध्या पहुंचाना है। रथ के साथ विभिन्न वाहनों की काफिला में हनुमान सेना के राष्ट्रीय सचिव राकेश कुमार सिंह, पितांबर महराज, पुनमचंद वैष्णो, मोनू शर्मा, उतम यादव, राजेश प्रसाद शामिल थे।

## इटकी में पूजित अक्षत का वितरण

इटकी। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को इटकी में अयोध्या से आये पूजित अक्षत व आमंत्रण पत्र का भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर घर जाकर वितरण किया। मंडल अध्यक्ष राजकुमार तिर्की के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने गाजे बाजे के साथ हाथों में महावीर पताका लिये इटकी के कोइरी टोला, झखरा टोला, महुआ टिकराए गडरा टोलाए कटहल टोला व दरहाटांड़ में घर घर जाकर पूजित अक्षत व आमंत्रण पत्र का वितरण किया। इस दौरान लोगों से 22 जनवरी को अयोधया में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा का लाइव टेलीकास्ट देखने, सभी मंदिरों में संध्या आरती, भजन कीर्तन व घरों में दीप प्रज्वलित करने का आह्वान किया। 15 जनवरी तक इटकी प्रखंड में करीब छह हजार आमंत्रण पत्र वितरण किया जायेगा। मौके पर कृष्णा राम तिवारी, राजकुमार महतो, राहुल सिंह, पवन महतो, पूनम देवी, सीता देवी, वंदना देवी, गायत्री देवी, रेखा देवी, उज्ज्वल केसरी सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।



# कैसी आशंका

देश ही नहीं दुनिया का बड़ा कार्यक्रम अयोध्या में 22 जनवरी को सुनिश्चित कर दिया गया है। रामलला विराजमान को एक भव्य मंदिर के गर्भ गृह में पूरे विधि विधान के साथ स्थापित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के राजनैतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय असर को नकारा नहीं जा सकता है। लेकिन इस बात पर भी गौर करने की आवश्यकता है बहुसंख्यक वर्ग ने जिस धर्य से इस दिन का इंतजार किया है उससे यह साफ संकेत मिलता है कि दुनिया में इतना सहज, शालिन, समभाव रखने वाला वर्ग शायद ही दुनिया में कोई दूसरा हो। ऐसे में कुछ लोग 22 जनवरी को हिंसा और आंतक का भय बताकर देश के अल्प संख्यक को डराने और देश की छवि को नकरात्मक भाव पैदा करने की जुगत लगा रहें हैं। निश्चित ही इस प्रकार के बोल का कुछ राजनीतिक लाभ हो सकता है लेकिन आम भारतीय पहले की तुलना में इन कुछ गिने चुनें लोगों की वाणी का भाव समझने लगा है। हजारों साल की परम्परा और उकसे बीच एक जननायक के प्रति देश में जो भाव है वह ईश्वरीय है। इसका प्रभाव भी वैश्विक ही रहा है लेकिन विगत कुछ वर्षो में इस पर अधिकाधिक राजनीति होने से हम अपने ही अराध्य के बारे में निष्क्रय भाव से भर गये। हमारे जननायकों के जीवन आधार में जो सांस्कृतिक विरासत छिपी है उसे हर भारतीय चाहे वह किसी धर्म जाति और संप्रदाय का हो उसे जानना और समझना चाहिए। 22 जनवरी इतिहास के पन्नें में एक अमिट स्थान प्राप्त करने जा रहा है। इस काल में हमें पूरे मन से इस गौरवपूर्ण क्षण का स्वागत करना चाहिए। 60 से अधिक देशों में जिस नायक को हर धर्म संप्रदाय के लोग पूजते हैं उससे प्रेरणा लेते हैं उनके भव्य मंदिर का बन जाना देश के लिये गौरव की बात है। इस गौरव को चंद अर्थहीन शब्दों से कम करना अक्षम्य है।

# बढ़ता साइबर अपराध

देश में साइबर अपराधों पर शिकंजा कसने में देरी और लोगों में जागरूकता की कमी से भी अपराधी अपने मंसूबों में कामयाब हो जाते हैं। यह खबर परेशान करने वाली है कि देश में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ व हरियाणा में साइबर अपराध की दर सबसे ज्यादा है। बल्कि हरियाणा में मेवात साइबर अपराधों के जरिये वसूली का बड़ा केंद्र बनकर उभरा है। यह स्थिति कितनी चिंताजनक है कि पिछले तीन साल में वित्तीय धोखाधड़ी में दस हजार तीन सौ नब्बे करोड़ रुपये का चूना लोगों को लगा। देश में एक लाख की आबादी पर 129 साइबर अपराध दर्ज किए गए हैं। लेकिन इसकी संख्या राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रति लाख आबादी पर 755, चंडीगढ़ में 432 तथा हरियाणा में 381 है। हालांकि, देश की केंद्रीय एजेंसियां लगातार अपराधियों पर नजर रखे हुए हैं और निरंतर इनके खिलाफ अभियान चलाती रहती हैं। मेवात सहित कई राज्यों में साइबर क्राइम के खिलाफ बड़े अभियान चलाए गए हैं। राष्ट्रीय एजेंसियों ने 2.9 लाख फर्जी सिम, 2810 गलत मंशा से चलाए जा रहे यूआरएल और 595 मोबाइल ऐप्स ब्लॉक किए हैं। लेकिन इसके बावजूद कहना कठिन है कि साइबर क्राइम इन कार्रवाइयों से कम हुए हैं। दरअसल, साइबर अपराधी पुलिस व जांच एजेंसियों की सक्रियता के बावजूद अपनी गतिविधियों को अंजाम देने में कामयाब हो जाते हैं। साइबर अपराधों का दायरा इतना विस्तृत व जटिल है कि पुलिस भी उन पर आसानी से हाथ नहीं डाल सकती। असल में, अपराध की दुनिया में साइबर अपराध की शुरूआत एक नया खतरा है, जिसके लिए हम अपनी पुलिस को पूरी तरह प्रशिक्षित नहीं कर पाए हैं। साथ ही नागरिकों को भी इस भ्रमजाल से बचने के लिये पर्याप्त रूप से जागरूक करने की जरूरत है।

# स्वास्थ्यवर्द्धक माने जाने वाले शहद में मिलावट



**हम** जिस शहद को गुणवत्तापूर्ण समझकर उसका सेवन करते हैं उसमें चीनी मिली हुई है। इस मिलावट का पता इसलिए नहीं लग पाता क्योंकि चीन की कंपनियों ने ऐसा शुगर सीरप बनाया है जो भारतीय प्रयोगशालाओं में शहद की शुद्धता की जांच में खरा उतरता है। कोविड-19 महामारी के कारण हम सब की सेहत पहले ही खतरे में है। इस बीच शहद की खपत भी बढ़ी है क्योंकि यह रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है और इसे अपने ऐंटीऑक्सीडेंट और ऐंटी-माइक्रोबॉयल गुणों के लिए भी जाना जाता है। परंतु हम शहद के स्थान पर चीनी का सेवन कर रहे हैं जो हमारे खिलाफ जाएगा क्योंकि चीनी वजन बढ़ाती है। इस बात के स्पष्ट प्रमाण हैं कि औसत से अधिक वजन वाले लोगों में कोविड-19 से जुड़ी दिक्कतों का खतरा अधिक है।

इसका अर्थ यह भी है कि मधुमक्खीपालन करने वालों को आय का नुकसान हो रहा है। यदि वे कारोबार से बाहर हो जाते हैं तो मधुमक्खियां भी नदारद हो जाएंगी और साथ ही उनकी परागण सेवा भी। यदि मधुमक्खियां एक पौधे से दूसरे पौधे तक पराग ले जाना बंद कर देंगी तो खाद्य उत्पादकता में कमी आएगी। यह मिलावट आपराधिक है।

मैं अनुमान लगा सकती हूं कि इस खुलासे पर उद्योग जगत की प्रतिक्रिया क्या होगी। वे कहेंगे कि उनके द्वारा तय मानकों का पालन किया जा रहा है। दलील आएगी कि कई बड़े ब्रांड प्रयोगशाला परीक्षण में पास हुए हैं तो उन्हें मिलावटी कैसे कहा जाएगा। परंतु हम कह सकते हैं और इसलिए कह सकते हैं क्योंकि इसके लिए व्यापक जांच हुई। इससे यही पता चलता है कि खाद्य बाजार अब आसान नहीं रहा।

हर मोड़ पर मेरे सहयोगियों को लगा कि अब आगे कुछ नहीं हो पाएगा। जब हमने सुना कि मधुमक्खीपालक रोजगार गंवा रहे हैं तो सबको पता था कि ऐसा क्यों हो रहा है लेकिन कोई कहना नहीं चाह रहा था। कोई भी चीन की कंपनियों और शुगर सीरप का नाम नहीं लेना चाह रहा था। लेकिन इन कंपनियों या इस रहस्यमय सीरप की मिलावट का कोई सबूत नहीं था।

मई में भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने शुगर सीरप के आयातकों को निर्देश जारी किए और कहा कि ऐसे प्रमाण मिले हैं कि शहद में ऐसे सीरप की मिलावट की जा रही है। उसने खाद्य आयुक्तों से कहा कि वे निगरानी बढ़ाएं। एफएसएसएआई ने जिन शुगर सीरप का जिक्र किया था उनका उद्योग एवं वाणिज्य मंत्रालय के आयात-निर्यात आंकड़ों में कोई उल्लेख नहीं मिलता।



**-सुनीता नारायण**

> पहली मिलावट में पौधों (मक्का और गन्ना) से हासिल होने वाले शुगर सीरप का इस्तेमाल किया गया जो सी 4 फोटोसिंथेसिस का इस्तेमाल करता था। जब यह पकड़ में आने लगा तो सी 3 पौधों यानी चावल तथा चुकंदर से हासिल नए तरह की मिठास का इस्तेमाल शुरू किया गया। परंतु विज्ञान की मदद से शहद में इसकी मिलावट भी पकड़ में आ गई।

परंतु इस बारे में आवाज उठाई जाती रही। फरवरी में सरकार ने आयातित शहद के लिए अतिरिक्त प्रयोगशाला जांच अनिवार्य कर दी। इस जांच का नाम है- न्यूक्लियर मैग्नेटिक रेजोनेंस स्पेक्ट्रोस्कोपी (एनएमआरएस)। हम जानते थे कि इस जांच का इस्तेमाल उस समय किया जाता है जब शहद में शुगर सीरप मिलाए जाने की आशंका हो। ऐसा इसलिए कि यह आसानी से पकड़ में नहीं आ सकता।

यह हमारी सेहत से जुड़ा मामला है। हम इसे ऐसे ही जाने नहीं दे सकते। हमारी कोशिश तब कामयाब हुई जब हमें ऐसी चीनी कंपनियों की वेबसाइट मिलीं जो खुले आम ऐसा सीरप बेच रही थीं जो जांच को धता बता सकती थीं। तब हमें समझ में आया गया कि यह एक धंधा बन चुका है। पहली मिलावट में पौधों (मक्का और गन्ना) से हासिल होने वाले शुगर सीरप का इस्तेमाल किया गया जो सी 4 फोटोसिंथेसिस का इस्तेमाल करता था। जब यह पकड़ में आने लगा तो सी 3 पौधों यानी चावल तथा चुकंदर से हासिल नए तरह की मिठास का इस्तेमाल शुरू किया गया। परंतु विज्ञान की मदद से शहद में इसकी मिलावट भी पकड़ में आ गई। अब ऑनलाइन चीनी पोर्टल पर कंपनियों का दावा है कि उन्होंने ऐसे तरीके तलाश लिए हैं जो सी 3 और सी 4 शुगर टेस्ट को पास कर सकते हैं। ये वही कंपनियां थीं जो भारत में फ्रक्टोस सीरप निर्यात करतीं। लेकिन हम भारत में उनके अंतिम उपभोक्ता का पता नहीं लगा पाए। ये सीरप कई तरह के औद्योगिक इस्तेमाल के लिए आयात किए जाते हैं। यानी सरसरी तौर पर यह वैध कारोबार था। जब हमने इस सीरप का एक नमूना खरीदा तो देखा कि चीनी कंपनियां इसे बेचने के लिए बहुत उत्सुक हैं। उन्हे पता था कि भारतीय तंत्र, खासकर सीमाशुल्क विभाग कैसे काम करता है। एक कंपनी ने हमें नमूना पेंट पिगमेंट के नाम पर भेजा।

हमने गत वर्ष ध्यान दिया था कि फ्रक्टोस सीरप का आयात कम हो रहा है। सूत्रों ने बताया कि भारतीयों ने चीन से उक्त तकनीक खरीद ली है। हमने पता लगाया कि और पता चला कि बाजार में यह 'ऑल पास सीरप' के नाम से उपलब्ध है यानी ऐसा सीरप जो हर जांच में सफल साबित हो। हमने इसे प्रयोगशाला में जांचा और यह वाकई पास हो गया। अब यह घातक धंधा हमारे सामने खुल चुका था। हमने जिन 13 प्रसिद्ध ब्रांड की एनएमआरएस तकनीक से जांच की उनमें से अधिकांश विफल रहे। जबकि ये शहद ब्रांड 2020 में शुरू एफएसएसएआई के नए मानकों में पास हो गए थे। हमने जिस जर्मन प्रयोगशाला में नमूनों की जांच कराई, उसने अपनी रिपोर्ट में कहा कि इन नमूनों में शुगर सीरप मिला हुआ है।

शहद में मिलावट की हमारी रिपोर्ट सामने आने के बाद उद्योग जगत की ओर से हमें किताबी प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। इनमें वही बातें कही जा रही हैं जो दुनिया भर के बिजनेस स्कूल में पढ़ाई जाती हैं। शब्दाडंबर रचकर उपभोक्ताओं को भ्रमित करना और अपने उत्पादों को साफ और सुरक्षित बताने का प्रयास करना।

परंतु उपभोक्ता भी जागरूक हैं। शहद अन्य उत्पादों की तरह नहीं है। इसे अनुपूरक पोषक आहार के रूप में लिया जाता है। इसमें औषधीय गुण होते हैं और इसलिए चीनी मिलाने का अर्थ है स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाना। हमें पता है कि उद्योग जगत ताकतवर है लेकिन हम यह भी मानते हैं हमारा स्वास्थ्य और मधुमक्खियों का अस्तित्व दांव पर लगा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## खास बात

### सरकार के पांच साल

**विजय केसरी**

हेमंत सोरेन एक मजबूत और क्रियाशील मुख्यमंत्री के रूप में अपनी पहचान बनाने में सफल रहे हैं। वे संचिकाओं को लटकाते नहीं है बल्कि त्वरित निर्णय लेते हैं। राज्य की विधि व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पुलिस के बड़े अधिकारियों को भी फटकार लगाने से नहीं हिचकते हैं।आकलन यह बताता है कि झारखंड की बुनियादी सुविधाओं में वृद्धि जरूर हुई है, लेकिन यह वृद्धि संतोषजनक नहीं है। आज झारखंड के बहुत सारे गांव ऐसे हैं, जहां बिजली अब तक पहुंच नहीं पाई है। जिन गांवों में बिजली पहुंची है। आपूर्ति की स्थिति बहुत बेहतर नहीं है। सड़कों का विस्तार झारखंड में जरूर हुआ है, लेकिन सुदूर गांव वासी अभी भी कच्ची सड़कों से आने को विवश हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का विस्तार जरूर हुआ है, लेकिन पर्याप्त सुविधाओं के अभाव में अभी भी लोग निजी अस्पतालों में जाने को विवश है। इन उठाते सवालों पर राज्य की सरकार को ध्यान देने की जरूरत है। अब सरकार के पास मात्र एक वर्ष का समय शेष बचा हुआ है। कुछ कर गुजरने के लिए एक वर्ष का समय भी कम नहीं होता है। यूपीए सरकार को उठते इन सवालों पर समाधान की दिशा में तीव्र गति से आगे बढ़ाने की जरूरत है।

जब 29 दिसंबर, 2019 को हेमंत सोरेन की सरकार ने शपथ ली थी। तब विपक्ष ने यह चुटकी लेते हुए कहा था कि 'यह सरकार ज्यादा दिनों तक चल नहीं पाएगी।' हेमंत सोरेन का अपने मंत्रिमंडल सहयोगियों के साथ बहुत ही बेहतर तालमेल दिख रहा है। बीच में कुछ विषयों को लेकर मंत्रियों के बयान के आधार पर विवाद जरूर हुआ था, लेकिन हेमंत सोरेन ने इस आपसी विवाद को बहुत ही सूझबूझ के साथ हल कर दिया गया था। हेमंत सोरेन सदैव गतिशील रहने वाले नेता के रुप में अपनी पहचान बनाने में सफल रहे हैं।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से प्रांत के बेरोजगारों को नियुक्ति पत्र सहित विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन बहुत ही जोरदार तरीके से करते चले जा रहे हैं।

# अचंभित सीता

## विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**हनुमान** जी ने देखा कि अशोक वाटिका में रावण आ रहा है। वह सीता जी को अनेक प्रकार से लोभ और भय देने लगा। लोभ यह दे रहा था कि सीता तुम मेरा वरण करों मेरी पटरानी बनों मंदोदरी सहित जितनी रानियां है सब तुम्हारी सेविका बन जायेगी। इस प्रकार का लोभ दे रहा था। सीता बोली- रावण तुम मुझें नहीं जानते हो। अगर तुम जानते तो इस तरह की बातें नहीं करते। श्रीराम के सामने तुम्हारी हैसियत इतनी ही है जितना सूर्य के सामने एक भगजोगिनी की हैसियत होत है। तुम्हारी चलती तभी तक है जब तक श्रीराम लंका नहीं पधारते हैं। जैसे सूर्योदय होने के बाद रात्रि समाप्त हो जाती है और रात्रि के बाद भगजोगिनी समाप्त हो जाती है उसी प्रकार ज्यों ही श्रीराम लंका पधारेंगे वैसे ही तुम्हारी शक्ति का नाश हो जाएगा और तुम्हारी हैसियल का पता चल जायेगा।

इतनी बात सुनकर वह क्रोध से भर गया। क्रोधातुर होकर कहा कि सुना सीता मैं तुम्हें एक माह का समय देता हूं। अगर एक महीने में मेरी बात पर तुम विचार नहीं करती मेरा प्रस्ताव स्वीकार नहीं करती तो एक महिना बाद आऊंगा और तुम्हारा गर्दन काट दूंगा। यह कहकर रावण चला गया।

हनुमानजी सारी स्थिति देख रहे थे। सीता जी दुखी हो सोच रही थी कि मैं क्या करूं? रावण एक माह वाद आयेगा और मुझे मार डालेगा। उस निशाचर के हाथ मैं मरना नहीं चाहती हूं। कहीं से मुझे आग मिल जाता तो मैं अपने देह में आग लगा लेती। सीता की इसी व्याकुलता की स्थिति में हनुमान जी ने उपर से मुद्रिका गिरा दी। सीता यह मुद्रिका देखकर अचंभित रह गयी।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

विकसित भारत संकल्प यात्रा' के अवसर पर गोरखपुर में 647 लाख की लागत से 24 लोक-कल्याणकारी परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास हुआ इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को मिला **– योगी आदित्यनाथ, सीएम**

## आपके ट्वीट

केंद्र की मोदी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाएं झारखण्ड में बंदरबांट की शिकार हो रही हैं. राज्य सरकार गड़बड़ी करनेवाले बिचौलियों और ठेकेदारों को संरक्षण दे रही है,इसलिए बार बार शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं होती.

**– अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**





हम फिर आ रहे हैं
अपनों के बीच,
अन्याय और अहंकार
के विरुद्ध - ह्यन्याय की
ललकारह्न लेकर।
सत्य के इस पथ पर मेरी शपथ है, यात्रा जारी रहेगी, न्याय का हक, मिलने तक।

**–राहुल गांधी, सांसद**

# शबरी ने गुरु आदेश से भगवान राम से नवधा भक्ति की शिक्षा ली

**एनके मुरलीधर**

गुरु मंतग ने मृत्यु के पूर्व शबरी को बताया कि मेरे मरने के बाद सभी सहयोगी आश्रम छोड़कर भाग जायेंगे। लेकिन भक्ति जीवन में चाहिए तो राम की प्रतिक्षा करना वो इस आश्रम में आयेंगे।

दंडकारण्य में दयालु मुनि ने शरण दी तथा भक्ति का ज्ञान दिया। मतंग मुनि सदा प्रभु भक्ति में लीन रहा करते थे। अंत समय में उन्होंने शबरी को आदेश दिया, तुम यहीं रहना क्योंकि यहां श्रीराम और लक्ष्मण पधारेंगे। तुम उनका स्वागत करना। श्रीराम परब्रह्म हैं, उनका दर्शन करके तुम्हारा जीवन सफल हो जाएगा।

शबरी के मन में श्रीराम भक्ति की एक लौ उन्होंने जगा दी थी। गुरु के आदेशानुसार शबरी श्रद्धापूर्वक प्रतिदिन आश्रम में प्रभु श्रीराम के आगमन की प्रतीक्षा करती रहती थीं कि पता नहीं प्रभु श्रीराम कब पधार जाएं? अतः नित्य आश्रम के प्रवेश द्वार तक के मार्ग को बुहारतीं और सम्पूर्ण मार्ग को नवीन पुष्पों से ओट देती थीं।

शबरी सिद्ध तपस्विनी थीं। उन दोनों भाइयों को आश्रम में आया देख वह हाथ जोड़कर खड़ी हो गईं। उन्होंने श्रीराम और लक्ष्मण के चरणों में प्रणाम किया। कमल सदृश नेत्र, विशाल भुजाओं वाले, सिर पर जटाओं का मुकुट और गले में वनमाला धारण किए, सुंदर, सांवले और गोरे दोनों भाइयों के चरणों से शबरी लिपट गईं।

श्रीराम ने शबरी को दोनों हाथ बढ़ाकर उठा लिया और प्रेमपूर्वक पूछा, ह्यह्ये चारुभाषिणि! तुमने जो गुरुजन की सेवा की वह पूर्ण सफल हो गई है न?





**अवध में राम आये हैं...**

उनके ऐसा पूछने पर शबरी ने उत्तर दिया, हे रघुनंदन! आज आपका दर्शन पाकर मुझे अपनी तपस्या में सिद्धि प्राप्त हो गई। आज मेरा जन्म सफल हुआ। गुरुजनों की उत्तम पूजा भी सार्थक हो गई।

फिर वह हाथ जोड़कर खड़ी हो गईं। तब श्रीराम बोले,हे भामिनि! मैं तो केवल भक्ति का ही संबंध मानता हूं। जाति, पाति, कुल, धर्म, बड़ाई, धन-बल, कुटुम्ब, गुण एवं चतुराई इन सबके होने पर भी भक्ति रहित मनुष्य जलहीन बादल-सा लगता है।

क्या है नवधा भक्ति जो राम ने शबरी को बताया मेरी भक्ति नौ प्रकार की है - **1.संतों की संगति अर्थात सत्संग, 2. श्रीराम कथा में प्रेम, 3. गुरुजनों की सेवा, 4. निष्कपट भाव से हरि का गुणगान, 5. पूर्ण विश्वास से श्रीराम नाम जप, 6. इंद्रिय दमन तथा कर्मो से वैराग्य, 7. सबको श्रीराममय जानना, 8. यथालाभ में संतुष्टि तथा 9. छल रहित सरल स्वभाव से हृदय में प्रभु का विश्वास।** इनमें से किसी एक प्रकार की भक्ति वाला मुझे प्रिय होता है, फिर तुझमें तो सभी प्रकार की भक्ति दृढ़ है। अतएवं जो गति योगियों को भी दुर्लभ है, वह आज तेरे लिए सुलभ हो गई है। उसी के फलस्वरूप तुम्हें मेरे दर्शन हुए, जिससे तुम सहज स्वरूप को प्राप्त करोगी।

इतना कहकर श्रीराम ने शबरी से जानकी के विषय में पूछा। शबरी ने तब उन्हें पंपा सरोवर पर जाने को कहा और बोली, वहां सुग्रीव से आपकी मित्रता होगी। हे रघुवीर! वे सब हाल बताएंगे। आप अंतयार्मी होते हुए भी ये सब मुझसे पूछ रहे हैं? वह श्रीराम में वात्सल्य भाव रखती थीं और श्रीराम ने भी उन्हें माता कौशल्या की भांति मातृभाव से ही देखा। गुरु में निष्ठा और राम से शिक्षा के कारण शबरी अमर हो गयी। आज भी भक्ति के उच्च स्थिति में शबरी को स्थान दिया जाता है। शबरी के तप, त्याग और समर्पण को आज भी सर्वोच्च स्थान पर माना जाता है और उससे शिक्षा ली जाती है। शबरी के वातसल्य भगवान की प्राण प्रतिष्ठा है और पूरा देश कह रहा है राम आयेंगे,आयेंगे राम आयेंगे। यह राम ब्रम्ह्य के स्थापना का उत्सव है।

## कार्टून वर्ल्ड

**पुतिन का शौक ...**





साभार : कार्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडिटर

### नशे की जड़

**आपके** अखबार में प्रकाशित भारत बना नशे का बड़ा बाजार लेख भटके नशेड़ी युवाओं को अवैध कारोबार का पटाक्षेप करने वाला था। लॉकडाउन के चलते इस गोरखधंधे का फलना-फूलना बिना राजनीतिक-प्रशासनिक शह के तो प्रश्न ही नहीं उठता। भारत में बेरोजगारी भी इस धंधे को अपनाने में सहायक रही है। अब यह धंधा विकराल रुप ले रहा है।

**–अनिल कौशिक, गुमला**

### चीनी हठधर्मिता

**हालांकि,** दोनों देशों के उच्च सैनिक अधिकारियों तथा मास्को में दोनों देशों के विदेश मंत्रियों तथा रक्षा मंत्री के बीच इस विवाद को लेकर कुछ समझौता होने की उम्मीद थी लेकिन चीन उसके ऊपर अमल नहीं करना चाहता। एलएसी पर कोई सार्थक समझौता नहीं हो सका। वैसे भी युद्ध किसी भी मसले का हल नहीं है। भारत ने कभी किसी देश पर हमला नहीं किया है।

**– श्यामलाल, रांची**

# शैक्षणिक विकास के लिए बेहतर है प्रोजेक्ट अलंकार

**डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**

**योगी** सरकार ने व्यवस्था में सुधार और विकास के नये आयाम बनाये हैं। इसमें शिक्षा व्यवस्था भी शामिल है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भी शिक्षा क्षेत्र में योगी आदित्यनाथ के कार्यों का सराहना की है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के सरकारी विद्यालयों की स्थिति में बदलाव हुआ है। यह योजना बलिया से शुरू की गई थी। योगी आदित्यनाथ और धर्मेंद्र प्रधान ने लखनऊ में पीएमश्री स्कूलों के आधुनिकीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। चार सौ करोड़ से अधिक की धनराशि से आधुनिकीकरण का कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही प्रोजेक्ट अलंकार के तहत माध्यमिक विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं के संतृप्तीकरण के लिए करीब साढ़े तीन सौ करोड़ की धनराशि हस्तांरित की गयी। उत्तर प्रदेश में माध्यमिक और बेसिक शिक्षा पर इतना ध्यान पहले कभी नहीं दिया गया। ऑपरेशन कायाकल्प योगी आदित्यनाथ की अभिनव योजना रही है।

परिषदीय विद्यालयों में इंफ्रॉस्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए ऑपरेशन कायाकल्प के पहले चरण में किए गए प्रयासों में आशातीत सफलता मिली। इस अवधि में परिषदीय विद्यालयों के इंफ्रॉस्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए ग्यारह हजार करोड़ रुपये खर्च किये गए। बेसिक शिक्षा परिषद तथा माध्यमिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में एक लाख चौसठ

## चर्चा में

हजार से अधिक शिक्षकों की भर्ती की गई है। बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में करीब साठ नये विद्यार्थियों का नामांकन हुआ। सितंबर तक प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के करीब दो लाख चालीस हजार शिक्षकों को टैबलेट उपलब्ध कराए जाएंगे। शिक्षकों को ट्रेनिंग दी गई। टैबलेट में शासकीय कार्यक्रमों की योजनाओं के बारे में जागरुकता सामग्री प्री-लोडेड होगी।ऑपरेशन कायाकल्प के दूसरे चरण में इंफ्रॉस्ट्रक्चर के साथ शैक्षिक गुणवत्ता, पठन-पाठन का माहौल, तकनीकी दक्षता, डिजिटल लर्निंग और वोकेशनल शिक्षा की ओर बढ़ा जा रहा है। विद्यालयों में ह्यएट ग्रेड लर्निंगह्न की व्यवस्था हो रही है। मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयों को प्रारम्भिक तौर पर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लिया जाएगा। सभी जनपदों में एक विद्यालय मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय के रूप में विकसित किया जाएगा। प्रोजेक्ट अलंकार के तहत माध्यमिक विद्यालयों के जीर्णोद्धार कार्य को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा।

नीति आयोग की रिपोर्ट में कहा गया कि उत्तर प्रदेश विकसित प्रदेश बनने की दिशा में अग्रसर है। छह वर्ष में साढ़े पांच करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ चुके हैं। लोग समर्थ और सक्षम बन रहे हैं। नीति आयोग के निर्धारित मानकों में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद शिक्षा के सभी स्तरों पर व्यापक सुधार हुआ है। राज्य में करीब साढ़े सात सौ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के क्रमिक उन्नयन तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों को प्री-प्राइमरी के रूप में विकसित करने का कार्य किया जा रहा है। बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को ड्रेस, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता-मोजा एवं स्टेशनरी क्रय के लिए धनराशि का डीबीटी के माध्यम से अन्तरण किया जाता है। योगी सरकार ने नकल विहीन परीक्षा सुनिश्चित की गई। इससे देश में उत्तर प्रदेश की शिक्षा का महत्व और सम्मान बढ़ा है। छह वर्ष पहले प्रदेश में मात्र बारह राजकीय मेडिकल कॉलेज थे। अब दो वर्ष में 80 होंगे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### गोविंदपुर में ग्राम सभा का आयोजन


ग्राम सभा में शामिल।

**मांडू।** मांडूचट्टी पंचायत के ग्राम गोविंदपुर में सोमवार को ग्राम जन मन योजना अंतर्गत आदिम जनजाति को आवास दिए जाने को लेकर ग्राम सभा का आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता मुखिया अनीता देवी ने और संचालक पंचायत सचिव राज कुमार ने किया। ग्राम सभा में 30 लाभुकों का नाम चयनित किया गया। ग्राम सभा में मुख्य रूप से उपस्थित सोनी देवी, राजू विरहोर, मंगल विरहोर, लीला देवी, उर्मिला देवी,सुमित्रा देवी, किरण देवी, किशोर बिरहोर, विनोद विरहोर, छोटेलाल, बिरहो समाज सेवी छोटेलाल, दिनेश प्रजापति, सुरेंद्र गुप्ता सहित ग्रामीण एवं विरहोर समाज की लोग उपस्थित थे।

### हर हाल में गरीबों को ठंड से बचाया जायेगा : विकाश पांडेय


कंबल का वितरण करते मुखिया व पंसस।

**भुरकुंडा, रामगढ़।** बढ़ती ठंड को देखते हुए चीफ हाउस पंचायत में सोमवार को दर्जनों गरीब-जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान पंचायत के मुखिया विकाश पांडेय और पंचायत समिति सदस्य सुनील कुमार उर्फ पिंटू ने अपने पंचायत के हर वार्ड में जाकर 10-10 गरीब जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर मुखिया व पंसस ने कहा की जो लोग चलने-फिरने में असमर्थ हैं उनके घर जाकर कंबल पहुंचाने का कार्य किया जायेगा। मौके पर मुखिया विकाश पांडेय ने कहा कि हर हाल में गरीबों को ठंड से बचाया जायेगा। जिन्हें कंबल नहीं मिल पाया है जल्द ही उनतक भी कंबल पहुंचाया जायेगा। उन्होंने कहा की गरीब-जरूरतमंदों की सेवा ही सबसे बड़ा पूण्य कार्य है। मौके पर उपमुखिया विंदा देवी, वार्ड सदस्य मालती देवी, जया देवी, राजु गुप्ता, रेखा देवी, अंजनी देवी, रीता देवी, प्रदीप श्रीवास्तव, समाजसेवी रामवृक्ष राम, जॉस्मिन डिक्रूज, सेविका अंजना मिंज सहित दर्जनों लाभुक मौजूद थें।

### गिरफ्तार कर अभियुक्त को जेल

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया थाना क्षेत्र के टाटीझरिया गांव निवासी मृतिका नेहा देवी उम्र लगभग 23 वर्ष के फांसी में लटकती हुई शव को देख मृतिका के पिता ने पुलिस प्रशासन को 4 नवंबर 2023 को लिखित आवेदन देकर सास कुलेश्वरी देवी पति खिरोधर साव उम्र लगभग 55 वर्ष, ससुर खिरोधर साव, और मृतिका के पति द्वारा प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए आवेदन में लिखा था कि मृतिका नेहा ने यह कदम मजबूरन उठाकर फांसी के फंदे में झूल गई। यह आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाया था। जिसमे पुलिस ने आवेदन को संज्ञान में लेकर थाना कांड संख्या 44/23 भा.द.वि धारा 304 (बी)/34 के तहत प्रार्थमिकी दर्ज कर आरोपियों को सोमवार को न्यायिक हिरासत के लिए हजारीबाग जेल भेज दिया।

### योजना पूरा करने को लेकर प्रतिनिधि मंडल ने कार्यपालक अभियंता से किया मुलाकात


मांग पत्र सौंपते।

**कुजू।** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ नगर परिषद का एक प्रतिनिधि मंडल भाजपा नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरि के नेतृत्व में कार्यपालक पदाधिकारी मनीष कुमार से मुलाकात किया। मुलाकात के दौरान उन्होंने दिगवार नदी के किनारे विद्युत श्मशान घाट का निर्माण करने विभिन्न सार्वजनिक जगह पर ठंड को देखते हुए अलाव की व्यवस्था करवाने प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर जो आवास पूर्ण हो चुका है उन लाभुक शीघ्र भुगतान करने सार्वजनिक जगह पर लाइट लगवाने गरीबो के बीच कंबल का वितरण करने दिगवार फोरलाइन से लेकर परमेश्वरी महतो के होटल तक पीएससी पर पथ निर्माण कराने सहित अन्य अन्य मांग शामिल है। इस पर कार्यपालक अधिकारी ने सभी मांगों को बारीकी से देखकर जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया मौके पर मनोज गिरि, संजय शाह, विजय गिरि, देवेंद्र गिरि, दुलाल पंडा आदि शामिल थे।

# उपप्रमुख ने संवेदक पर भवन निर्माण में अनियमितता के लगाए गंभीर आरोप

- निर्माण कार्य की जांच को लेकर उपायुक्त से करेंगे शिकायत : प्रखंड उप प्रमुख

खबर मन्त्र संवाददाता


दरवाजा में टिन के फ्रेम में बालू सीमेंट का मिश्रण दिखाते उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा।

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत विजैया पंचायत में बन रहे तहसील कचहरी का निर्माण भवन निर्माण विभाग द्वारा लाखो रुपये की लागत से बनाया जा रहा है। निमार्णाधीन भवन के निर्माण में भ्रष्टाचार का खुले रूप से प्रयोग किया जा रहा है। जिसके तहत जांच करने स्थानीय पंचायत समिति सदस्य सह बरही प्रखंड के उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा सोमवार को स्थल निरीक्षण करने पहुंचे। जहां उन्होंने पाया कि निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरती जा रही है। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य काफी निम्न गुणवत्ता का हो रहा है और तो और लाखों रुपये से पांच पंचायतों के लिए बन रहे तहसील कचहरी, जहां जमीन संबंधित कई जरूरी कागजात रहेंगे। उसका दरवाजा व चौखट टीना का लगाया जा रहा है और लोगो के आंखो में धूल झोंकने के लिए चौखट का आकार ऐसा दिया गया है, जिसमे बाहर से टिन का चौखट है और अंदर से बालू व सीमेंट भर दिया गया है। स्थल जांच के दौरान देखा गया कि निर्माण कार्य मे लगाए जा रहे बालू एवं सीमेंट में सीमेंट की मात्रा नाममात्र का है। जिसके कारण कभी भी कोई बड़ा हादसा होने की संभावना हो सकता है। उन्होंने संबंधित विभाग से मांग किया की उक्त निर्माण कार्य की जांच हो और संबंधित संवेदक के ऊपर कार्यवाही हो, उनका लाइसेंस ब्लैकलिस्ट किया जाए। इतना ही नही उन्होंने कहा कि जल्द ही उपायुक्त हजारीबाग से मिलकर इसकी शिकायत करूंगा और विभाग को पत्राचार करते हुए इसकी जाँच कराऊंगा। इस बाबत विभाग के जेई से फोन पर बात करने की कोशिश में कोई बात नही हो पाई। उन्होंने फोन भी रिसीव नही किया। इन सभी बातों से पता चलता है कि निर्माण कार्य मे काफी घोटाला होने की संभावनाएं है।

### आजसू के नाम पर राजनीति करना बंद करे कांग्रेस : आजसू

## अपनी खिसकती जमीन देख विधायक लोगों को कर रहे हैं दिग्भ्रमित : वैद्यनाथ महतो

खबर मन्त्र संवाददाता



वैद्यनाथ महतो।

**केरेडारी।** आजसू पार्टी के केरेडारी प्रखंड कमिटी के प्रखंड अध्यक्ष बैद्यनाथ महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आजसू के नाम पर कांग्रेस पर राजनीति करने का आरोप लगाया है। प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि बीते 6 दिसंबर दिन शनिवार को बेलतु पंचायत के ठूठुंगवा में कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें खबर और सोशल मीडिया के माध्यम से पता चला कि उसमें लिखा गया था आजसू पार्टी में बड़ी टूट, प्रखंड उपाध्यक्ष मुकेश ठाकुर कांग्रेस में घर वापसी किए है, द्रौपदी देवी कांग्रेस में शामिल। इस खबर को आजसू पार्टी प्रखंड कमिटी पूरी तरह से खंडन करती है। जिस मुकेश ठाकुर की बात कि गई है वो ना ही कभी हमारे पार्टी के कोई कार्यकर्ता रहे और ना ही कोई पद पर थे, ना हीं उन्होंने कोई प्राथमिक सदस्यता ली थी। उसे तो कोई आजसू पार्टी के कार्यकर्ता जानते पहचानते तक नहीं है फिर वो आजसू के कब और कैसे हो गए ? साथ ही जिस द्रौपदी देवी जी की बात की जा रही है वह खुद कांग्रेस की महिला नेत्री है। जो खुद पहले से ही कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता है उसे माला पहनाकर फोटो डालकर किसी अन्य पार्टी से जोड़कर कुछ भी लिख देना और बयान दे देना ये कांग्रेस की दिवालिया राजनीति को सिद्ध करता है। कांग्रेस पार्टी का पूरे बड़कागांव विधानसभा में अपनी जमीन खिसकती नजर आ रही है। लोगों को विधायक के द्वारा दिग्भ्रमित करने का कार्य किया जा रहा है। जिसे आजसू पार्टी कतई बर्दाश्त नहीं करेगी।

### अयोध्या से आये पूजित अक्षत का किया गया वितरण


कार्यक्रम में शामिल लोग।

**रामगढ़।** रांची रोड महतो टोला में सोमवार को अयोध्या से आए पूजीत अक्षत का वितरण किया गया। वितरण से पूर्व जुलूस का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों ने जय श्रीराम के नारे लगाए। साथ ही लोगों ने वहां स्थित दक्षिणेश्वरी काली मंदिर में पूजा अर्चना की। कहा की यह सौभाग्य की बात है की लंबे प्रयास के बाद श्रीराम लला राम मंदिर में विराज रहे हैं। कहा की इसको लेकर आगामी 22 जनवरी को हम सब दिपावली बनाएंगे क्योंकि श्रीराम लला उस दिन राम मंदिर में विराजेंगे। मौके पर अरूण महतोए विशाल यादवए अमित शर्माए शिव महतोए अतीराज शर्माए संध्या शर्माए रीना देवीए किरण देवीए नीलम सिंहए प्रभा देवीए मंजू देवीए रीतू देवीए जानकी देवीए सविता देवी आदि मौजूद थे।

### विधायक अंबा प्रसाद ने जराद एवं बीचा में धूमकुड़िया भवन की रखी आधारशिला


धूमकुड़िया भवन का आधारशिला रखती विधायक अंबा प्रसाद।

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा, रामगढ़।** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने पतरातू प्रखंड अंतर्गत जराद एवं बीचा में धूमकुड़िया भवन निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। इससे ग्रामीणों में काफी हर्ष का माहौल दखने को मिला। मौके पर ग्रामीणों ने अंबा प्रसाद के कार्यों की सराहना करते हुए धूमकुड़िया भवन निर्माण कार्य के लिए उन्हें बधाई भी दी। विधायक ने बारी-बारी से दोनों गांव पहुंचकर धूमकुडिया भवन निर्माण कार्य के आधारशिला रखते हुए कहा की क्षेत्र का चहुमुखी विकास व जन समस्याओं का समाधान ही कांग्रेस पार्टी का उद्देश्य है। उन्होंने कहा की ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना मेरा लक्ष्य है। बताया गया की धुमकुड़िया भवन के निर्माण कार्य में लगभग 14 लाख की लागत आएगी। इसके पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के यहां पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूल माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। मौके पर मुख्य रूप से योगेंद्र सिंह खरवार फुलेश्वर मुंडा, चंद्र किशोर सिंह खरवार, अजीत सिंह, प्रदीप महतो, तुलसी सिंह, उपेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, बिरसा करमाली, सागर मुंडा, रामेश्वर मुंडा, नकुल करमाली, राजेंद्र महतो, मदन सिंह, दिनेश सिंह, अरुण सिंह खरवार, प्रमिला देवी, बालमुनी देवी, रंजू देवीए,सारिका देवी, रमेश बेदिया, सीताराम मुंडा, देव कुमार बेदिया, झलकू बेदिया, शिवनाथ बेदिया, सुष्मिता देवी, रीता देवी, बिंदेश्वर बेदिया सहित दर्जनों महिला व पुरूष मौजूद थें।

## राम के चरित्र को अपनाकर हमें संस्कारवान बनना है : राकेश नाजुक

- रामानगर में अक्षत पूजा संपन्न अयोध्या से आये अक्षत का कराया गया नगर भ्रमण

खबर मन्त्र संवाददाता


नगर भ्रमण में शामिल श्रद्धालु महिला व पुरूष।

**भुरकुंडा, रामगढ़।** अयोध्या से आये पूजित अक्षत का रामगढ़ के रामानगर स्थित मारुति नन्दन मंदिर में पूरे विधि-विधान से वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना की गई। पूजा के बाद राम परिवार की तस्वीर के साथ झांकी निकाली गईं। झांकी का पहला पड़ाव शिव मंदिर रामानगर था। इसके बाद चतुर्वेदी कॉलोनी के मंदिर में जाकर पूजा अर्चना की गईं। रामानगर कॉलोनी में पूजा के बाद झांकी पुनः मारुति नंदन मंदिर लाई गईं। जहां सभी रामभक्तो ने नाल और ढोलक की थाप पर प्रभु राम को याद किया। इस दौरान जय सियाराम के उद्घोषों से पूरा वातावरण राममय हो गया। मौके पर समाजसेवी राजू चतुर्वेदी व दामोदर पाण्डेय ने कहा की आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में जब श्री रामलला के प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होगा। उस दिन मारुति नंदन मंदिर में भी कई धार्मिक अनुष्ठान होंगे। मंदिर प्रमुख दामोदर पाण्डेय ने रामानगर वासियों को 22 जनवरी को बढ़चढ़ कर अपने सनातन के लिए मंदिर आने का निमंत्रण दिये। वहीं पूजा के बाद पूजित अक्षत को घर.घर वितरण किया गया। मौके पर गीतकार राकेश नाजुक और हरिशंकर तिवारी ने कहा की अयोध्या धाम में 22 जनवरी को रामलला विराजमान होंगे। इस अवसर पर रामानगर में दिवाली जैसा महोत्सव मनाया जायेगा। साथ ही पूरा निमी गांव अयोध्याधाम रूपी दिखेगा। इस दौरान दीये तो जलेंगे ही दीपों का उत्सव भी मनाया जायेगा। गीतकार श्री नाजुक ने कहा की राम सिर्फ नाम नहीं राम एक चरित्र हैंए जिन्हें अपनाकर हमें संस्कारवान बनना है। नगर भ्रमण में चंद्रशेखर पाण्डेयए पप्पु अग्रवालए पिंटू अग्रवालए आत्मा सिंहए निप्पू चौधरीए डॉ मुरारी प्रसादए मनीष श्रीवास्तवए भावना श्रीवास्तवए माधुरी श्रीवास्तवए शालिनी तिवारीए जीतेन्द्र श्रीवास्तव आदि शामिल थें।

## एक नजर में

### सरैया पैक्स में धान क्रय केन्द्र का हुआ उद्घाटन


मौके पर उपस्थित लोग।

**पदमा।** प्रखण्ड अंतर्गत सरैया पैक्स में धान क्रय केन्द्र का उद्घाटन प्रखण्ड उपप्रमुख सत्येन्द्र कुमार राणा एवं मुखिया शांती देवी ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर एवं फीता काट कर किया। पैक्स अध्यक्ष अनिल कुमार मेहता ने कहा कि सरकार के द्वारा निर्धारित दर 2300/ दो हजार तीन सौ रुपए प्रति क्विंटल के दर से धान क्रय किया जाएगा। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुरेन्द्र गुप्ता, उपमुखिया चिंतामन यादव, वार्ड सदस्य टींकू शर्मा, बिंदु पासवान पूर्व पंसस जगदीश यादव, पूर्व उपमुखिया सुरेश कुमार पाण्डेय, सुरज नारायण मेहता, कामेश्वर मेहता, नागमनी मेहता, शंकर यादव, प्रमेश्वर मेहत, हेमराज मेहता, अनिल मेहता, शंकर यादव, महेश यादव, पप्पू मेहता, अजीत गिरी साथ ही मौके पर सैंकड़ों किसान मौजूद रहे। उपप्रमुख ने किसानों से कहा कि केंद्र में आकर ही धान का बिक्री करें और सरकार के द्वारा दिए जा रहे अच्छी कीमत को प्राप्त करें बिचौलियों से बचें। मुखिया शांती देवी ने पंचायत के सभी किसानों से आहवान किया कि साफ सुथरा सुखा धान 50 किलो का पैकेट बना कर केन्द्र में दें और सरकारी लाभ को उठाएं। पुर्व उपमुखिया सुरेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि सरकार ने ग्राम स्तर पर इस प्रकार की सुविधा देकर गरीब किसानों के दोहरे लाभ दिलाने का जनकल्याणकारी योजना चलाएं जिसका लाभ किसान उठाए।

### अयोध्या मे पुजीत अक्षत गांव-गांव पहुंचा

**दारु।** अयोध्या मे राम मंदिर के निर्माण और पुजीत अक्षत के बितरण को लेकर पुरा प्रखंड प्रभु श्रीराम के भक्ति मे गो लगाते नजर आ रहा है। प्रखंड के सभी पंचायतों मे अयोध्या मे पुजीत अक्षत के बितरण को लेकर रामभक्त पुरी भक्ति और श्रद्धा के साथ लगे हुए है। सोमवार को प्रखंड के दिगवार, इरगा, मेडकुरी और कबलासी पंचायत मे सेकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी मे अक्षत से भरा कलश भक्तों को सौपा गया। इस दौरान पुरा माहौल भक्तिमय हो गया। अयोध्या मे पुजीत अक्षत को कलश मे भरकर हर पंचायत तक पहुंचा दिया गया है जहां से हर घर मे अयोध्या मंदिर का चित्र, अक्षत की पोटली और पत्रक को घर घर तक पहुंचाया जायेगा। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कुणाल जी, श्रद्धानंद सिंह, अशुतोश कुमार, बलदेव बाबू, अशोक कुशवाहा, राजन सिन्हा, रौशन सिन्हा, सुरेश प्रसाद, शत्रुंजय प्रसाद, सीताराम प्रसाद, विकाश यादव, रूबी देवी, सीतराम यादव, युवराज सिंह, संतोष पासवान, छत्रधारी राणा आदि मौजूद थे।

### मलकोको पंचायत ने विकास की लंबी लकीर खिंची

- जनता का विकास हमारा उद्देश्य : विजय यादव


मुखिया विजय यादव।

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय यादव को पंचायत वासियों ने पिछले तीन कार्यकाल में पंचायत में इनके सरल व सहज व्यवहार से जनता ने अपना प्रतिनिधित्व सौंपा। बरही प्रखंड में इन्हें मुखिया संघ का अध्यक्ष भी बनाया गया है। खबर मन्त्र संवाददाता से बातचीत के क्रम में उन्होने बताया कि वह पंचायत वासियों के लिए किसी भी समय एवं किसी भी परिस्थिति में जनता के लिए उपस्थित रहते हैं। जनता के लिए किसी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं है, जाति धर्म अमीरी गरीबी से ऊपर उठकर वह नैतिकता एवं मानवता को देखकर पंचायत वासियों की सेवा करते हैं। उनके कार्यकाल में पंचायत में विकास के कई कार्य किए गये हैं। जिसमें मॉडल स्कूल का स्थापना करवाना है। जहां गरीब बच्चे भी अच्छी शिक्षा प्राप्त कर रहें है। बताया कि गरीब बच्चे जो आर्थिक अभाव के कारण निजी विद्यालयों में नहीं पढ़ पाते थे, वह आज मॉडल विद्यालय में इंग्लिश मीडियम से अच्छी शिक्षा दीक्षा ग्रहण कर रहे हैं। साथ ही मॉडल विद्यालय से पंचायत के कई लोगो का रोजगार का सृजन हुआ है। अपने कार्यकाल में पंचायत में कई पीसीसी रोड, नाली, चबूतरा, विद्यालयों में स्वच्छ जल के लिए आरओ लगवाना आदि का कार्य कराएं हैं। किसानों को सिंचाई की व्यवस्था करने के लिए चेक डैम, लिफ्ट इरिगेशन, डोभा, तालाब एवं कुआं का निर्माण कराया गया।

### चुरचू प्रखंड के पीडीएस संघ का चरही में विरोध प्रदर्शन

**चरही।** चुरचू प्रखंड के पीडीएस संघ का चरही के पुराना पंचायत भवन में विरोध प्रदर्शन किया गया ।यह प्रदर्शन चुरचू प्रखंड पीडीएस के अध्यक्ष सुकूल रजक के नेतृत्व में किया गया। संघ के अध्यक्ष ने कहा कि एक जनवरी से राज्य सहित चुरचू प्रखंड के डीलर विभिन्न मांगों को लेकर हडताल पर हैं। आगे कहा कि जब तक सरकार मांगों को पूरी नहीं कर देती तब तक डीलर हड़ताल पर रहेंगें। चुरचू प्रखंड के 42 डीलर आठवें दिन हड़ताल पर रहे है। डीलरों की मांग है कि 300 रूपया प्रति क्विंटल कमीशन दिया जाय। अनुकंपा पूर्व की तरह चालू रहे। प्रोत्साहन राशि तीस हजार रुपए दिए जाएं। इस विरोध प्रदर्शन में प्रखंड अध्यक्ष सुकूल रजक, सचिव राहुल कुमार, कोषाध्यक्ष बैजनाथ राम, खुलेशवर भोक्ता, विशेश्वर करमाली, मोमीन खान, लालजी मांझी, जयनाथ महतो, सुरज देव महतो, जितन कुरमाली, गब्बर सिंह, रमेश सोरेन, रमचरण करमाली, प्रकाश साव, रामायण साव, राजकुमार साव सहित डीलर शामिल थे।

### चुरचू प्रखंड स्तरीय विश्वकर्मा समाज की बैठक

**चरही।** चुरचू प्रखंड विश्वकर्मा समाज इकाई का बैठक आरजीएस हाई स्कूल में की गई। जिसकी अध्यक्षता होरिल शर्मा ने किया। बैठक में कई पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया ।बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 17 जनवरी को विश्वकर्मा समाज का प्रखंड स्तरीय पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन खरकना मोड़ में किया जाएगा। जिसके मुख्य अतिथि समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा होंगें। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया की रांची में होने वाले 18 फरवरी की रैली पर चर्चा की गई। मौके पर होरिल शर्मा, चंद्रदेव कुमार शर्मा, अरुण राणा, डॉ बसंत कुमार राणा, उमेश राणा, महेश राणा, सुरेंद्र राणा, सुरेश राणा, इंद्रदेव मिस्त्री, चंद्रदेव कुमार शर्मा, सोना राणा, विजय राणा, गणेश राणा, नरेश राणा, बंशी राणा, प्रदीप राणा, महरु मिस्त्री, आशुतोष राणा, नागेश्वर मिस्त्री, उमेश राणा, नारायण मिस्त्री विजय राणा, मिथलेश राणा, राजेश राणा, मोहन राणा, भुनेश्वर राणा अजय राणा, अनिल सहित कई विश्वकर्मा समाज के लोग उपस्थित थे।

### ओएनजीसी परियोजनाओं में भूमि संबंधित मामलों को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन


बैठक में शामिल।

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला अंतर्गत संचालित ओएनजीसी परियोजनाओं में भूमि संबंधित मामलों को लेकर सोमवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान ओएनजीसी के प्रतिनिधियों द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जिले में संचालित विभिन्न परियोजनाओं की जानकारी दी गई वहीं उनके द्वारा विभिन्न परियोजनाओं में भूमि संबंधित समस्याओं से अवगत कराया गया। उपायुक्त ने परियोजनावार आ रही समस्याओं की समीक्षा करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ एवं संबंधित अंचल अधिकारियों को स्थानीय लोगों के साथ बैठक आयोजित कर समस्या के समाधान सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिया।

### झारखंड मुक्ति मोर्चा बलकुदरा पंचायत कमेटी की रिचीबंधा नयाटोला में हुई बैठक

# हक-अधिकार नहीं मिला तो कार्य नहीं होने देंगे : योगेंद्र यादव

- पीवीयूएनएल कंपनी के विरूद्ध ग्रामीणों में रोष

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा, रामगढ़।** झारखंड मुक्ति मोर्चा बलकुदरा पंचायत कमेटी की बैठक रविवार को फुटबॉल ग्राउंड रिचीबंधा नयाटोला में हुई। इसकी अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष सुनील मुंडा और संचालक पंचायत सचिव सनी मुंडा ने किया। बैठक में कहा गया की विस्थापित सह झामूमो युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष योगेंद्र यादव के नेतृत्व में विगत वर्षो से बलकुदरा छाई.डैम के स्थानीय विस्थापित ग्रामीण नौकरी मुआवजा और पुनर्वास को लेकर पीवीयूएनएल कंपनी पतरातू के खिलाफ आंदोलनरत है। विस्थापित ग्रामीणों की जन समस्याओं को लेकर कई बार कंपनी को ज्ञापन सौंपा गया लेकिन अभी तक सकारात्मक पहल नहीं की गई। जिसके कारण ग्रामीणों में कंपनी के खिलाफ रोष है। योगेंद्र यादव ने बताया की 18 दिसंबर 2023 को विस्थापित ग्रामीणों द्वारा सैकड़ो की संख्या में विशाल जन आक्रोश रैली व धरना प्रदर्शन के माध्यम से पीवीयूएनएल कंपनी को मांग पत्र सौंपा गया था। लेकिन अभी तक विस्थापित ग्रामीणों की मांगों पर किसी तरह का सकारात्मक पहल नहीं की गई है। कंपनी द्वारा बलकुदरा छाई.डैम के विस्थापित ग्रामीणों को दरकिनार कर कार्य करने की कोशिश की जा रही है। जिसे विस्थापित ग्रामीण बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा की जब तक बलकुदरा छाई.डैम के विस्थापित ग्रामीणों को हक-अधिकार नहीं मिलता तब तक किसी हाल में छाई.डैम का कार्य नहीं होने देंगे। यादव ने कह की विस्थापित ग्रामीण अपने अधिकार को लेकर पीवीयूएनएल कंपनी के खिलाफ आरपार की लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। बताया गया की पिछले 30 दिसंबर 2023 को रामगढ़ डीसी और एसपी छाई.डैम का निरीक्षण के लिए पहुंचे थे। विस्थापित ग्रामीणों ने उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक से निवेदन पूर्वक कहा है की पीवीयूएनएल कंपनी से हमारा हक-अधिकार दिलाया जाए। ग्रामीणों ने कहा की झारखंड सरकार नियोजन अधिनियम 2022 के तहत 75 प्रतिशत स्थानीय विस्थापित लोगों को रोजगार में प्राथमिकता देने का जो कानून बना है उसका खुलेआम अवहेलना पीवीयूएनएल प्रबंधन द्वारा किया जा रहा है। इसपर लगाम लगाना जरूरी है।


बैठक में उपस्थित ग्रामीण।

#### बैठक में ये थे मौजूद

मौके पर विस्थापित सह झामूमो युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष योगेंद्र यादव, मनोज महली, अनिल मुंडा, अंजु देवी, रवि महली, रामजतन यादव, चंदन महतो, अरविंद यादव, अजय यादव, सतीश मुंडा, कुणाल यादव, गुलचंद मुंडा, सौरभ राणा, विनोद यादव, सरीता देवी, पुनम देवी, संजु देवी, लक्ष्मी देवी, रानी देवी, बबीता देवी, शौभा देवी, सोनी देवी, पुष्पा देवी, कविता देवी, ललिता देवी, निराशो देवी, बानो देवी, गीता देवी, सुरूमनी देवी, आकाश यादव, दिलीप महली, दिवाकर नाग, सनोज रजक, मनोज मुंडा, शिबू मुंडा, सोनू मुंडा, अमर मुंडा, मंजीत मुंडा, राजू मुंडा, संतोष मुंडा, रूपेश मुंडा, संतोष सिंह, चरण उरांव, मुकेश मुंडा, बालेश्वर यादव, निर्मल यादव, अशोक उरांव, बाबूलाल मुंडा, सुरज यादव, भरत गोप, बंधु यादव, विक्रम मुंडा, सुकेश मुंडा, रामप्रवेश मुंडा आदि मौजूद थें।

# जब मिसाइलों से डर गये थे इमरान , आधी रात को मोदी से करना चाहते थे बात

**14 फरवरी 2019** को आतंकियों ने पुलवामा में सीआरपीएफ के जवानों पर हमला किया था, जिसमें 40 जवान शहीद हो गए थे। इस हमले के जवाब में भारत की आक्रामक कूटनीति से पाकिस्तान को दिन में तारे दिखा दिए थे, जिससे पाकिस्तान काफी डर गया था। घबराए पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान ने आधी रात पीएम मोदी को फोन किया, लेकिन उन्होंने बात करने से मना कर दिया था। उस रात की स्टोरी ही आज हम आपको बताने जा रहे हैं।

### पाक पर हमले के लिए तैयार थी भारतीय सेना

पाकिस्तान पर हमला करने के लिए भारतीय सेना बिल्कुल तैयार थी। पाकिस्तान की तरफ 9 भारतीय मिसाइलों ने निशाना साध लिया था। इसकी खबर जब पाकिस्तान को मिली तो वह डर गया। तत्कालीन भारतीय उच्चायुक्त अजय बिसारिया के दरवाजे पर दस्तक दी, ताकि बातचीत से स्थिति को शांत किया जा सके। पाकिस्तानी पीएम इमरान खान भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करना चाहते थे। ये कहानी 27 फरवरी 2019 की रात है, जिसे खुद पीएम मोदी ने 'कत्ल की रात' बताया है। ये वो रात थी जिसमें ल'ारतीय विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान पाकिस्तान की हिरासत में थे। इस घटना का जिक्र अजय बिसारिया ने अपनी किताब एंगर मैनेजमेंट में किया है। उन्होंने भारत की शानदार कूटनीति का जिक्र करते हुए विंग कमांडर अभिनंदन वाले मामले के बारे में बताया है कि कैसे भारत की कूटनीति के चलते पाक ने अभिनंदन को दो दिन में ही रिहा कर दिया।

### मोदी से बात करने की कोशिश में थे इमरान

बिसारिया ने खुलासा किया कि उन्हें आधी रात को इस्लामाबाद में पाकिस्तान के तत्कालीन उच्चायुक्त सोहेल महमूद का फोन आया, उन्होंने कहा कि इमरान पीएम मोदी से बात करना चाहते हैं। बिसारिया ने दिल्ली में लोगों से बात की और वापस महमूद के पास गए और कहा कि मोदी उस समय उपलब्ध नहीं थे और कोई भी जरूरी संदेश खुद उच्चायुक्त को दिया जा सकता है। उस रात बिसारिया ने महमूद से दोबारा बात नहीं की।

**भय के कारण अभिनंदन को छोड़ने का लिया फैसला :** अगले दिन 28 फरवरी को इमरान खान ने अभिनंदन को रिहा करने का फैसला लिया। उन्होंने संसद में कहा, उन्होंने शांति के हित में मोदी को फोन करने की कोशिश की थी, लेकिन इसके बारे में विस्तार से नहीं बताया। पाकिस्तान ने मूंछों वाले भारतीय लड़ाकू पायलट की रिहाई को शांति संकेत कहा, लेकिन भारत और पाकिस्तान में अमेरिका और ब्रिटेन के दूतों सहित पश्चिमी राजनयिकों ने इस्लामाबाद को बताया कि पायलट को नुकसान पहुंचाने पर हालात कितने खराब हो सकते थे। भारत की धमकी से पाकिस्तान काफी डर गया था। पाकिस्तान ने 26 फरवरी की घटनाओं के बाद इनमें से कुछ राजनयिकों को लगातार तीन बार तलब किया था।




### मोदी ने कहा था-अभिनंदन को लौटा नहीं तो कत्ल की रात होती

बिसारिया का कहना है कि 'भारत की आक्रामक कूटनीति प्रभावी थी, भारत की पाकिस्तान और दुनिया से अपेक्षाएं स्पष्ट थीं, संकट को बढ़ाने के विश्वसनीय संकल्प द्वारा समर्थित थी।' किताब में यह भी खुलासा किया गया है कि कैसे इमरान के एक करीबी दोस्त ने एससीओ शिखर सम्मेलन के इतर बिश्केक में इमरान और मोदी के बीच मुलाकात और बातचीत के लिए बिसारिया से संपर्क किया था, जिसके जरिए पाकिस्तान के पीएम इमरान खान प्रधानमंत्री मोदी को ये बता सकें कि आतंकवाद से निपटने के लिए वो कितने ईमानदारी से काम कर रहे हैं। 2019 में एक चुनावी रैली में पीएम मोदी ने कहा था कि सौभाग्य से पाकिस्तान ने अभिनंदन को रिहा कर दिया वरना वह कत्ल की रात होती।

**पूरी रात भारतीय राजदूत को समझाता रहा पाकिस्तान :** कुछ राजदूतों ने रात भर भारत के विदेश सचिव को फोन करके बताया कि पाकिस्तान न केवल अभिनंदन को रिहा करने के लिए तैयार है, बल्कि भारत के पुलवामा डोजियर पर कार्रवाई करने और आतंकवाद के मुद्दे पर बात करने के लिए भी तैयार है। इमरान खान अगले दिन संसद में ये घोषणाएं करेंगे। बिसारिया के अनुसार, अमेरिका और ब्रिटेन के दूतों ने डीजी आईएसआई असीम मुनीर (वर्तमान सेना प्रमुख) और विदेश सचिव तहमीना जंजुआ के साथ बातचीत में पाकिस्तान के इस दावे को खारिज कर दिया कि यह एक फेक ऑपरेशन था। उन्होंने न केवल पाकिस्तानी राजनयिकों को बल्कि जीएचक्यू, रावलपिंडी को भी भारत के कड़े संदेश से अवगत कराया।

### जंग के खतरे से डर गया था पाकिस्तान

भारत ने आधिकारिक तौर पर कभी नहीं कहा कि अभिनंदन की रिहाई के लिए उसने पाकिस्तान पर मिसाइलें दागीं, लेकिन बिसारिया ने खुलासा किया कि कैसे इस खतरे ने सेना और इमरान सरकार को डरा कर रख दिया था। जंजुआ ने अभिनंदन के पकड़े जाने के बाद भारत की मांगों पर चर्चा के लिए 27 फरवरी को अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांसीसी दूतों को बुलाया था। बैठक के बीच में शाम करीब 5.45 बजे जंजुआ ने सेना का एक संदेश पढ़ने के लिए बातचीत रोक दी कि भारत के पास पाकिस्तान की ओर 9 मिसाइलें हैं, जिन्हें उस दिन किसी भी समय लॉन्च किया जा सकता । उन्होंने दूतों से इस विश्वसनीय जानकारी को अपनी राजधानियों में रिपोर्ट करने और भारत पर तनाव न बढ़ाने के लिए दबाव डालने को कहा। इनमें से एक दूत ने उनसे इसे सीधे भारत के साथ उठाने के लिए कहा, जिसके तुरंत बाद भारतीय कार्यवाहक उच्चायुक्त को भी बुलाया गया। इसके बाद इमरान खान ने मोदी से बात करने की कोशिश की।

**मजबूर हुआ पाकिस्तान :** बिसारिया को बताया कि ऐसा लगता है कि भारत के एक्शन के बाद पाकिस्तान ने आतंकवाद की नीतियों को लेकर पुनर्विचार करना शुरू कर दिया है। सेना प्रमुख कमर बाजवा ने भारत द्वारा तैयार पुलवामा डोजियर पर भी पश्चिमी राजनयिकों को कार्रवाई का वादा किया है। पाकिस्तान की गंभीरता के बारे में सबसे महत्वपूर्ण सबूत बिसारिया को कुछ महीने बाद रात 2 बजे क्ऱकके एक करीबी व्यक्ति द्वारा किए गए फोन कॉल के रूप में मिला, जिसने भारतीय उच्चायुक्त को एक अप्रत्याशित घटना के बारे में सचेत किया।

### भारत के साथ वार्ता करना चाहता था पाक

अल कायदा ने अपने ऑपरेटिव जाकिर मूसा की हत्या का बदला लेने के लिए यह हमला किया था। मुनीर के नेतृत्व में आईएसआई सैन्य स्तर पर इस पर चर्चा करने के लिए उत्सुक थी, बल्कि यह भी चाहती थी कि इसे भारत सरकार तक पहुंचाने के लिए इसे उच्चायुक्त तक पहुंचाया जाए। यह एक गुप्त सूचना थी, यह तब स्पष्ट हो गया जब हमला अनुमानित समय और स्थान के आसपास हुआ। बिसारिया ने निष्कर्ष निकाला कि इनपुट या तो पाकिस्तान द्वारा एक और पुलवामा नहीं चाहने का नतीजा था या बाजवा उस साल जून में एससीओ शिखर सम्मेलन से पहले माहौल को बेहतर बनाने के लिए काम कर रहे थे।

किताब में बालाकोट एयर स्ट्राइक से पहले भारत सरकार के भीतर हुई बातचीत का भी जिक्र किया गया है। बिसारिया ने मोदी और तत्कालीन विदेश मंत्री सुषमा स्वराज दोनों को बताया था कि पुलवामा जैसे आतंकी हमले से निपटने में भारत के राजनयिक विकल्प सीमित थे। जहां स्वराज ने उन्हें बताया कि कुछ कड़ी कार्रवाई होने वाली है, वहीं सेना प्रमुख बिपिन रावत ने उन्हें बताया कि भारत का जवाबी हमला 2016 के सर्जिकल स्ट्राइक से कहीं बड़ा होगा। हालांकि रावत इस बात से सहमत थे कि बाजवा भारत के साथ शांति में रुचि रखते थे, लेकिन अक्सर आईएसआई और पाकिस्तान कोर कमांडरों को एजेंडा तय करने देते थे, जो बाजवा के सिद्धांत से खुश नहीं थे।

---

**डॉ. वंदना सेन**

# राम का जीवन दर्शन

प्रायः कहा जाता है कि जीवन हो तो भगवान श्रीराम जैसा। जीवन जीने की उच्चतम मयार्दा के पथ प्रदर्शक भगवान श्रीराम के जीवन पर दृष्टिपात करेंगे तो निश्चित ही हमें कई पाथेय दिखाई देंगे, लेकिन इन सबमें सामाजिक समरसता का आदर्श उदाहरण कहीं और दिखाई नहीं देता। अयोध्या के राजा श्रीराम ने अपने जीवन से अनुशासन और विनम्रता का जो चरित्र प्रस्तुत किया, वह आज भी समाज के लिए एक दिशाबोध है।

वनवासी राम का सम्पूर्ण जीवन सामाजिक समरसता का अनुकरणीय पाथेय है। श्रीराम ने वनगमन के समय प्रत्येक कदम पर समाज के अंतिम व्यक्ति को गले लगाया। केवट के बारे में हम सभी ने सुना ही है, कि कैसे भगवान राम ने उनको गले लगाकर समाज को यह संदेश दिया कि प्रत्येक मनुष्य के अंदर एक ही जीव आत्मा है। बाहर भले ही अलग दिखते हों, लेकिन अंदर से सब एक हैं। यहां जाति का कोई भेद नहीं था। वर्तमान में जिस केवट समाज को वंचित समुदाय की श्रेणी में शामिल किया जाता है, भगवान राम ने उनको गले लगाकर सामाजिक समरसता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है। सामाजिक समरसता के भाव को नष्ट करने वाली जो बुराई आज दिखाई दे रही है, वह पुरातन समय में नहीं थी। समाज में विभाजन की रेखा खींचने वाले स्वार्थी व्यक्तियों ने भेदभाव को जन्म दिया है।

यह भी सर्वविदित है कि राम वन गमन के दौरान भगवान राम ने निषाद राज को भी गले लगाया, केवट को भी पूरा सम्मान दिया। इतना ही नही भगवान राम ने उन सभी को अपना अंग माना जो आज समाज में हेय दृष्टि से देखे जाते हैं। इसका यही तात्पर्य है कि भारत में कभी भी जातिगत आधार पर समाज का विभाजन नहीं था। पूरा समाज एक शरीर की ही तरह था। जैसे शरीर के किसी भी हिस्से में दर्द होता है, तब पूरा शरीर अस्वस्थ हो जाता था। इसी प्रकार समाज की भी अवधारणा है, समाज का कोई भी हिस्सा वंचित हो जाए तो सामाजिक एकता की धारणा समाप्त होने लगती है। हमारे देश में जाति आधारित राजनीति के कारण ही समाज में विभाजन के बीजों का अंकुरण किया गया। जो आज एकता की मयार्दाओं को तार-तार कर रहा है।

भगवान राम ने अपने वनवास काल में समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का काम पूरे कौशल के साथ किया। समाज की संग्रहित शक्ति के कारण ही भगवान राम ने आसुरी प्रवृत्ति पर प्रहार किया। समाज को निर्भयता के साथ जीने का मार्ग प्रशस्त किया। इससे यही शिक्षा मिलती है समाज जब एक धारा के साथ प्रवाहित होता है तो कितनी भी बड़ी बुराई हो, उसे नत मस्तक होना ही पड़ता है। सीधे शब्दों में कहा जाए तो संगठन में ही शक्ति है। इससे यह संदेश मिलता है कि हम समाज के साथ कदम मिलाकर नहीं चलेंगे तो हम किसी न किसी रुप में कमजोर होते चले जाएंगे और हमें कोई न कोई दबाता ही चला जाएगा।

---

# लोककला के नाम पर अश्लीलता गलत

**प्रियंका सौरभ**

**वर्तमान** परिदृश्य में लोककला के नाम पर अश्लीलता परोसी जा रही है, जो कि चिंतनीय व शर्मनाक है। यह न केवल इन परंपरागत शैलियों को धूमिल कर रहा है बल्कि विदेशी/वेस्टर्न के चक्कर में हम अपनी पहचान से दूर होते जा रहे हैं। सोशल मीडिया या यू-ट्यूब, फिल्म हो या टीवी के कार्यक्रम सभी जगह फूहड़ नाच का नंगा प्रदर्शन किए जाने की परंपरा ने जोर पकड़ लिया है। यू-ट्यूब और सोशल मीडिया पर रील्स, गानों, फिल्मों, कार्यक्रमों सबमें अश्लीलता इस कदर घर करती जा रही है कि आप अपने परिवार के साथ देख ही नहीं सकते। और रही सही कसर अब नंगे होकर रील बनाने वालों ने पूरी कर दी है। अधिकतर गाने, एलबम और सिनेमा अश्लीलता से भरपूर हैं। आज के लोकगीत सुनने की ही बात कर लें तो उन गानों के हर शब्द में अश्लीलता कूट-कूट कर भरी होता है। जब हम-आप परिवार के साथ मिलकर गाना नहीं सुन सकते तो यह सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि इन गानों के सीन का क्या हाल होगा। ऊपर से अश्लीलता का कम्पीटिशन इस कदर होता जा रहा है कि एक से एक हिट एलबम, गाने बनते हैं। अश्लीलता को दिखाने की होड़ इस कदर है कि मत पूछिए। इस बारे में कलाकारों, गायकों से पूछ लिया जाता है तो छूटते ही कहते हैं कि यह तो पब्लिक डिमांड है। जनता यही सब देखना पसंद करती है। ऐसा न परोसें तो गाना हिट ही नहीं होगा।

अब ऐसे कलाकारों को कौन समझाए कि अश्लीलता की शुरूआत तो फिल्मों व गानों के जरिए ही हमारे समाज में फैली। जिसे रोकने का कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया। ऐसे मजनू कलाकारों के चक्कर में हमारा पूरा समाज दूषित होता जा रहा है। मान-मयार्दा सब छिन्न-भिन्न होती जा रही है। यदि आज भी हम नहीं सचेत हुए तो न जाने हमारे समाज की दशा और दिशा क्या होगी। ऐसा नहीं है कि ऐसे नृत्यों का असर नहीं हो रहा है। पिछले 5-10 सालों में जिस प्रकार के नृत्य व गाने प्रस्तुत किए गए हैं, उसने तो हमारे समाज के ताना-बाना को ही हिलाकर रख दिया है। ये मन को शांत करने के बजाय अशांत कर देते हैं।

बाजार की लालची और मुनाफाखोर प्रवृत्ति ने एक लोककला की हत्या कर दी और अब उसके नाम पर लोगों को अश्लीलता परोसी जा रही है। इन्टरनेट ने बेशक लोगों तक ज्यादा सूचनाएं पहुंचाई हैं लेकिन इसने ग्रामीण सौंदर्यबोध और मान-मयार्दा को खंडित कर दिया। इन्टरनेट ने हर चीज को अधिक बिकाऊ बनाने के लिए अश्लीलता की सारी हदें पार कर दी। कुल मिलाकर यह आसानी से देखा जा सकता है कि इन्टरनेट के विस्तार और मोनेटाइजेशन ने ऐसी सामग्री को बढ़ावा दिया है जो बहुत ज्यादा देखी जा रही है लेकिन मानवीय संवेदनाओं पर उसने घातक प्रहार किया है। संगीत की शालीनता पर फूहड़पन भारी वातावरण को प्रदूषित कर रहे हैं आशिक मिजाज गीतकारों से देशभर में लम्पटीकरण भरे गीतों के प्रचलन से संस्कृति को गहरी चोट पहुंची है।

आधुनिकता की चकाचौंध में हमारी संस्कृति व विरासत से जुड़े गीत न जाने कहां गुम से हो गये हैं और प्रचलन बढ़ा उन मद भरे गीतों का, जिनमें से संस्कृति व सौन्दर्य गायब होकर उपहासित हो गई है। लम्पटीकरण के शब्द गीतों में भर आए हैं। वर्तमान में तथाकथित रचनाकारों द्वारा रचित गीतकारों, मजनू गायकों द्वारा गाये हुए गीतों में पाश्चात्य संस्कृति की तर्ज पर नंगापन आ गया है। इन अल्फाजों में गीत गाने वाले गायकों को इतनी भी शर्म नहीं है कि जिस अंदाज में वे अपने शब्दों को व्यक्त कर रहे हैं व अंदाज ह्यजिस डाल पर बैठे हैं उसी को काटनेह्न जैसा है। यही अंदाज संस्कृति पर गहरी चोट कर रहा है।

लोक गायकों के नाम पर अश्लील लिंक्स से सोशल मीडिया बाजार भरा पड़ा है। कई चैनलों पर भी इस तरह के गीतों का प्रचलन बहुत तेजी से बढ़ा है। गीत बिकवाने की होड़, व्यूज और लाइक्स के जरिए पैसा कमाने की लालसा, इन सबने पहले ही संस्कृति व विरासत धूमिल कर डाली है क्योंकि गीत संगीत ही एक ऐसा माध्यम होता है जो समाज को संदेश का पैगाम देता है। आज ये पैगाम अपनी दिशा बदल चुके हैं। विभिन्न बस स्टेशनों, जीप-कार और बसों में जो गीत बजते हैं उनमें छिछोरापन व लम्पटीकरण का अंदाज साफ झलकता है। इन गीतों का श्रवण विशेषकर युवा वर्ग आनंदपूर्वक करता है।



कई अवसरों पर शादी-ब्याह आदि उत्सवों में कुछ बुजुर्ग जन भी इस तरह के गीतों पर जमकर ठुमके लगाते हैं। सांस्कृतिक परम्परा पर चिंतन करने वाले लोग इसे लोक संगीत पर गहरी ठेस मानते हैं। आशिकी अंदाज के साथ पाश्चात्य संस्कृति की चपेट में आकर गीत गाने वाले गायक-गायिकाएं, नायक-नायिकायें धीरे-धीरे सांस्कृतिक पहरुओं की नजर का कांटा बनते जा रहे हैं। ऐसा मालूम पड़ता है यदि ऐसे गीतों का दौर अश्लीलता की पराकाष्ठा लांघता रहा तो इस तरह के लोगों का सामाजिक बहिष्कार जरूरी हो सकता है। आज के गानों में बंदूक, दारू, लड़कीबाजी व अश्लीलता का आयाम देखने को मिल रहा है। यह हमारी संस्कृति के लिए और गानों के लिए बहुत ज्यादा हानिकारक है। इस पर रोक लगनी चाहिए।

(लेखिका,स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

---

# क्यों जरूरी है बांग्लादेश में हसीना की फिर ताजपोशी?

**डॉ. रमेश ठाकुर**

**पड़ोसी** मुल्क बांग्लादेश के संसदीय चुनाव को प्रभावित करने में वहां के विपक्षी दलों ने जमकर राजनैतिक पैंतरेबाजियों के अलावा मौजूदा प्रधानमंत्री शेख हसीना पर चुनाव में धांधली करने, भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने और भारत के साथ बेवजह दोस्ती बढ़ाने वाले गैर-जरूरी आरोप लगाए। मगर जनता ने सभी आरोपों को नकार दिया। हसीना फिर सरकार बनाएंगी। रविवार को छिटपुट घटनाओं के साथ आम चुनाव संपन्न हो गया। हालांकि बांग्लादेश चुनाव आयोग की उम्मीद से कहीं कम मतदान हुआ है। वोटिंग प्रतिशत तकरीबन चालीस फीसदी रहा। कई संसदीय क्षेत्र में तो मात्र 30-32 प्रतिशत ही मतदान हुआ। इसे मतदाताओं की उदासीनता कहें या मौजूदा सरकार के प्रति संतुष्टि? अब यह साफ है कि शेख हसीना पार्टी अवामी लीग ही सत्ता में वापसी करेगी। हसीना के अलावा भारत भी यही चाहता है, क्योंकि दोनों देशों के प्रमुखों की कूटनीति और सियासी केमिस्ट्री दोनों मुल्कों के हित में हैं।

बांग्लादेश का मुख्य विपक्षी दल ह्यबांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टीह्न यानी ह्यबीएनपीह्न के चुनाव बहिष्कार के बाद अवामी लीग का और रास्ता साफ हो गया था। बांग्लादेश में कुल 300 संसदीय सीटें हैं जिनमें 299 सीट पर फिलहाल चुनाव संपन्न हुआ है। एक सीट पर चुनाव इसलिए निरस्त किया गया, क्योंकि वहां ऐन वक्त पर एक उम्मीदवार की मृत्यु हो गई। पांच-सात संसदीय सीटों पर बहिष्कार के चलते भी चुनाव रोका गया। बांग्लादेश चुनाव को संपन्न करवाने के लिए भारत से एक तीन सदस्यीय चुनाव पर्यवेक्षकों का दल भी पहुंचा था।



उन पर भी पाकिस्तानी की सहयोगी मानी जाने वाली पार्टी ह्यबीएनपीह्न ने गड़बड़ी करवाने के आरोप लगाए। बीएनपी शुरू से नहीं चाहती थी कि भारत की दखल इस बार के चुनाव में हो? जबकि, भारतीय चुनाव पर्यवेक्षक शेख हसीना के आमंत्रण पर गए थे।

दरअसल, हसीना भारत से विशेष स्नेह रखने के साथ-साथ उसे अपना दूसरा घर भी मानती हैं। भारत एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना भरोसेमंद मित्र कहती हैं। यही, बात वहां के मुख्य विपक्षी दल को अखरती है। इस चुनाव में शेख हसीना ने मतदाताओं से चुनाव कैंपेन के दौरान कई मर्तबा अपने पुराने जख्मों को कुरेदा भी। उन्होंने 1975 का ज्रिक किया। बताया कि जब वह छोटी थीं, तब उनके पिता शेख मुजीबुर रहमान के अलावा मां और तीन भाइयों की घर में ही निर्मम हत्या कर दी गई थी। उस वक्त शेख हसीना अपनी छोटी बहन रिहाना के साथ विदेश में पढ़ाई कर रही थीं। घर पर होतीं तो उनके साथ भी हादसा हो सकता था। शेख हसीना ने बांग्लादेश की जनता को बताया कि उस मुसीबत की घड़ी में उन्हें भारत ने ही शरण दी थी।

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने देश के लोगों को भारत के खिलाफ इस चुनाव में खूब भड़काया। दरअसल, भड़काने का ये काम उन्होंने खुद से नहीं किया, बल्कि उन्हें पाकिस्तान से आईएसआई ने करवाया। भारत के सहयोग से इस वक्त बांग्लादेश विकास की नई ऊचाइयां छू रहा है। कई ऐसे बड़े प्रोजेक्ट हैं जिन्हे भारत अपने प्रयास से करवा रहा है। चुनाव कैसे करवाने हैं इसको लेकर भी उन्होंने भारतीय चुनाव आयोग से रायशुमारी की। तभी भारत के एक चुनाव दल ने वहां पहुंचकर अच्छे से चुनाव संपन्न करवाया। बांग्लादेश और भारत की सीमाएं आपस में साझा होती हैं, कमोबेश दोनों मुल्कों की संस्कृति भी आपस में मेल खाती है। पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के रीति-रिवाज एक जैसे ही हैं। भारत की हुकूमत इस पड़ोसी मुल्क की तरक्की में सहयोग करने से कभी पीछे नहीं हटती। हालांकि, खुराफाती चीन और पाकिस्तान इस बार नहीं चाहते हैं कि शेख हसीना की वापसी हो। दोनों चाहते हैं कि उनकी मनमाफिक ह्यबांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टीह्न देश में हुकूमत करे, जिसके जरिए वह भारत को परेशान करे। लेकिन शायद उनकी नापाक कोशिशों पर इस बार भी शेख हसीना पानी फेरेंगी।

शेख हसीना सन-2009 से सत्ता पर काबिज हैं। उन्होंने भारत के सहयोग से अपने यहां बहुत कुछ किया। जनता भी यही चाहती है कि भारत का सहयोग उन्हें सदैव मिले, इसलिए वो शेख हसीना को ही बार-बार चुनते हैं। चुनाव में शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के अलावा 26 अन्य सियासी दल भी मैदान में उतरे । करीब 1500 उम्मीदवारों के अलावा 436 निर्दलीय कैंडिडेट ने भी अपनी किस्मत आजमाई। चुनाव के दौरान बहिष्कार करने वाले हजारों विपक्षी नेताओं-कार्यकताओं को अरेस्ट किया। मानवाधिकार समूहों ने आपत्ति दर्ज कराते हुए सभी गिरफ्तार लोगों को रिहा करने की अपील हसीना सरकार से की है।

चुनाव के दौरान बांग्लादेशी खुफिया एजेंसियों को इनपुट मिल गए थे, कि विपक्षी नेता-समर्थक पाकिस्तान की आईएसआई के कहने पर गड़बड़ी कर सकते हैं। लगभग वैसा हुआ भी, इसलिए कोई बड़ी अप्रिय घटना न घटे, तभी एक साथ हजारों लोगों को गिरफ्तार किया गया और इतने ही लोगों को उनके घरों में नजरबंद भी करना पड़ा। इस कदम को समझदारी ही कहेंगे, खुदा न खास्ता अगर ऐसा नहीं किया जाता तो चट्टोग्राम जैसी खूनी घटनाएं अन्य जगहों पर भी हो सकती थी। चट्टोग्राम में चुनावी झड़प हुई, जमकर गोलीबाजी हुई, जिसमें तीन लोगों की सरेआम हत्या कर दी गई, जिनकी हत्या हुई उनको ह्यबांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टीह्न के लोग अपने पक्ष में वोट करने का दबाव डाल रहे थे। नहीं माने तो उन्हें गोलियों से भून डाला। शरीरबाड़ी में भी बीएनपी के नेता अवामी लीग के जिला अध्यक्ष मोहम्मद आसीम को चुनाव बूथ पर ही चाकुओं से घोप डाला, जिनका इलाज मीरपुर के जिला अस्पताल में जारी है। चीन और पाकिस्तान की इस चुनाव में शुरू से दखल रही। चुनाव के एकाध दिन पहले तक ऐसा प्रतीत हुआ कि शायद चुनाव रद्द ही हो जाएंगे। बहरहाल जनादेश भारत-बांग्लादेश दोनों के लिए सुखद है। हसीना एक मर्तबा फिर प्रधानमंत्री बन सकती हैं।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## स्पीड न्यूज

### हजारीबाग में नर्सिंग होम संचालक को मारी गोली, खतरे से बाहर

**हजारीबाग।** विष्णुगढ़ में सोमवार को लक्ष्मी नर्सिंग होम संचालक परशु राम प्रसाद को अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी। गोली उनकी कमर से पार करते हुए पेट में जा घुसी। घटना शाम करीब सात बजे की बतायी जा रही है। घायल संचालक का इलाज आरोग्यम अस्पताल में चल रहा है। उनकी हालत खतरे से बाहर है। जानकारी के अनुसार एनएच 100 पर भेलवारा मोड़ के पास पीछे से आये दो बाइक सवार अपराधियों ने उनके पीठ से सटाकर गोली चला दी। पहले उन्हें लगा कि उनके गाड़ी का टायर फट गया है। गाड़ी रोककर चेक किया तो पीछे अपने कमर को खून से लथपथ पाया। इसके बाद उन्होंने घायल अवस्था में ही तुरंत इसकी सूचना थाना और अपने सहयोगियों को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रामनारायण सिंह ने उन्हें अपने वाहन से मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि घायल की स्थिति खतरे से बाहर है। जानकारी के मुताबिक उन्होंने किसी भी तरह की धमकी या लेवी की मांग से इनकार किया है। श्री प्रसाद मूल रूप से नुनगांव पत्थलगड्डा चतरा के रहने वाले हैं। हजारीबाग में वे शहरी क्षेत्र के लाखा में किराये पर रहते हैं। वे विष्णुगढ़ में पार्टनरशिप पर एक नर्सिंग होम चलाते हैं। गोलीबारी के कारणों को लेकर तरह-तरह की बातें कही जा रही हैं। पुलिस घायल के बेहतर स्थिति में आने का इंतजार कर रही है। इसके बाद ही इस संबंध में कुछ कहा जा सकेगा। मौके पर सदर थाना प्रभारी ललित कुमार समेत कई पुलिस पदाधिकारी जांच-पड़ताल में जुटे हुए हैं।

### बोकारो में श्रीमद् भागवत कथा

**बोकारो।** धर्म जन जागरण समिति द्वारा बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर 9 स्थित वैशाली मोड़ मैदान में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। आयोजित कलश यात्रा में श्रद्धालु महिलाएं यजमान योगेंद्र कुमार शालिनी कुमारी शामिल हुए। कलश यात्रा में अतिथि के रूप में बोकारो फाउंडेशन ट्रस्ट की अध्यक्ष नीना नारायण शामिल हुईं।

### आनंद मार्ग ने गरीबों में बांटा कंबल

**बोकारो।** आनंद मार्ग प्रचारक संघ के तत्वावधान में आनंद मार्ग जागृति प्रभात कॉलोनी चास में जरूरतमंदों के बीच डेढ़ सौ कंबल का वितरण किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि बोकारो के स्टेशन प्रबंधक एके हलदर ने कहा कि मानव का सेवा ही ईश्वर की सेवा है। सेवा का अवसर बहुत ही भाग्य से मिलता है। मौके पर आचार्य रमेंद्रानंद अवधूत राम गोविंद जी रविंद्र कुमार कृष्ण कुमार पाठक दीपांकर गोराई रघुनंदन प्रसाद अरुण प्रसाद सरिता देवी बबीता पाठक रंजना देवी मधु यादव कृष्णा चौधरी अनिल कुमार युगो बाबू दीप सिंह महेश बाउरी आदि सक्रिय रहे । इस मौके पर शंख ध्वनि के साथ कीर्तन पश्चात भगवान श्री श्री आनंदमूर्ति जी के प्रतिकृति पर पुष्प अर्पण किया गया। संघ के आचार्य रविंद्रनाथ अवधूत ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### पत्थर से कूचकर युवक की हत्या

**धनबाद।** जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत दामोदरपुर के सोम नगर के समीप खेत में एक युवक का शव सोमवार की सुबह देखा गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने शव को जप्त कर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेज दिया है। शव को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि पत्थर से कुचलकर युवक की गई है। खबर लिखे जाने तक युवक की पहचान नहीं हो पायी थी।

### अटल क्लिनिक में डॉ नदारद

**लोहरदगा।** जिला मुख्यालय के नजदीक पुराने मेसो भवन मे स्वास्थ विभाग द्वारा संचालित अटल वलिनिक में मरीजों को स्वास्थ सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा क्लिनिक में दो चिकित्सक डॉक्टर अंजना लकड़ा और आयुष चिकित्सक आसिफ अहमद के भरोसे है वर्तमान में अंजना लकड़ा ट्रेनिंग के लिए बाहर है। परंतु आयुष चिकित्सक आसिफ अहमद समयानुसार प्रातः 7 बजे से क्लिनिक में उपलब्ध नहीं रहते।

### 60 बुजुर्गों को लायंस क्लब ने दिये कंबल

**गुमला।** लायंस क्लब ऑफ गुमला ने सोमवार को लायंस भवन गुमला में गरीबों के बीच निशुल्क कंबल वितरण किया। अध्यक्ष शंकर लाल जाजोदिया ने कहा कि वर्तमान में जिले में ठंड का प्रभाव बढ़ गया है। शीतलहरी व कोहरे का असर जिले में है। जिसे देख लायंस भवन में 60 बुजुर्ग को बुलाकर कंबल दिया और आंख जांच कराने हेतु गुरुवार को बुलाया। सचिव अशोक जायसवाल ने बताया कि लायंस क्लब में 33 वर्ष से मोतियाबिंद शिविर लगाया जा रहा है। मौके पर अध्यक्ष शंकर लाल जाजोदिया, सचिव अशोक जायसवाल, कोषाध्यक्ष गुलाबचंद प्रसाद, योगेंद्र प्रसाद, बनवारी अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, मनमोहन केसरी, अशोक आनंद आदि थे।

### मुर्की में युवक ने की आत्महत्या

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के मुर्की निवासी स्व कैलाश उरांव के पुत्र बहादुर ने अपने घर की छत की लकड़ी में रस्सी से फांसी लगा ली। मृतक अधिक शराब पीता था और शारीरिक रूप से कमजोर था। घर में कोई नहीं था। दरवाजा अंदर से बंद था, तो परिजनों ने गांव के लोगों को जानकारी दी। दरवाजा खोल कर देखा तो बहादुर छत की लकड़ी में लटका था। इसकी सूचना परिजनों ने सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार को दी। उनके निर्देश पर सहायक अवर निरीक्षक बीरेंद्र बखला ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया।

### दिव्यांगों के बीच मुखिया ने बांटे कंबल

**भंडरा, लोहरदगा।** भीषण ठंड को देख गरीबों की सेवा को लोग अब आगे आने लगे हैं। भंडरा पंचायत में ठंड को देख गरीब असहाय व दिव्यांगों के बीच सोमवार को भंडरा मुखिया इंद्रदेव उरांव ने कंबल बांटा। मौके पर भंडरा पंचायत के करीब एक सौ से अधिक गरीब, असहाय, वृद्ध व लाचार लोगों के बीच कंबल बांटे। मौके पर लोगों की भीड़ लगी रही। मुखिया ने कहा कि ठंड में सबसे ज्यादा परेशानी गरीब व लाचार लोगों को होती है। जिनके पास ठंड से बचने को लेकर समुचित कपड़े नहीं रहते हैं। ऐसे लोगों को हर किसी को सहयोग करना चाहिए। इस अवसर पर इसराफिल अंसारी, रतनी उराव आदि दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### एमपीएल 11 की विजेता बनी गुमला टीम

**गुमला।** माहेश्वरी युवा संगठन रांची द्वारा आयोजित माहेश्वरी प्रीमियर लीग संस्करण 11 का गुमला जिला की टीम विजेता बनी। प्रतियोगिता में कुल 8 टीमें माहेश्वरी मास्टर ब्लास्टर, बियानी मुस्किटीर्स, अभुदय टाइटंस, दादा, बाहुबली 02, राठी रॉयल्स, मारू स्टनर्स एवम गुमला की सुपर स्ट्राइकर्स ने हिस्सा लिया। सभी मैच विकास विद्यालय में हुई।

# आदिवासियों को बांट भाजपा-आरएसएस करती है वोटों का ध्रुवीकरण : बंधु तिर्की

- रैली में आदिवासियों के ज्वलंत मुद्दों पर उठायी जायेगी बात
- प्रेस कान्फ्रेंस कर पूर्व मंत्रीबंधु तिर्की ने दी जानकारी

## गोविंदा टोप्पो को बनाया गया रांची में आयोजित आदिवासी एकता रैली का गुमला जिला संयोजक



प्रेस कान्फ्रेंस करते बंधु तिर्की व अन्य।

- चार को रांची मोरहाबादी मैदान में आदिवासी जनाधिकार मंच करेगा आदिवासी एकता रैली
- अगर भाजपा आदिवासियों की हितैषी है तो जल्द सरना कोड उन्हें प्रदान करे
- स्व कार्तिक उरांव का गुणगान करनेवाली भाजपा सरकार बंद कर दी अनुदान राशि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** आदिवासी समाज के ज्वलंत मुद्दों को लेकर 4 फरवरी को रांची के मोरहाबादी मैदान में आदिवासी एकता रैली आदिवासी जनाधिकार मंच के बैनर तले की गयी है। जिसे लेकर सोमवार को पूर्व विधायक सह कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने सिसई रोड स्थित इथन गार्डेन रेस्टोरेंट में प्रेस कान्फ्रेंस किया। श्री तिर्की ने कहा कि आदिवासी एकता रैली को लेकर गुमला जिला का संयोजक गोविंदा टोप्पो को बनाया गया है।

उन्होंने कहा कि झारखंड में आदिवासियों को बांटकर भाजपा व आरएसएस वोटों का ध्रुवीकरण करती है। भाजपा व आरएसएस आदिवासियों की हितैषी नहीं है। उनके जनमुद्दों पर कभी भी भाजपा मुखर नहीं हुई है। डी लिस्टिंग का मुद्दा भाजपा उठाकर आदिवासियों में मतभेद करती है। अगर भाजपा आदिवासियों की हितैषी है तो सरना कोड उन्हें प्रदान करे। राज्य सरकार ने तो सरना कोड पारित कर केंद्र के पास भेज दिया है।

श्री तिर्की ने कहा कि स्व कार्तिक उरांव की तस्वीर लगाकर भाजपा केवल उनका गुणगान करती है। जबकि उनके द्वारा चलाये गये स्कूलों को बंद करा दिया। कांग्रेस के कार्यकाल में उन स्कूलों को वित्तीय अनुदान मिलता था। लेकिन भाजपा ने अनुदान राशि में कटौती कर दी।

### बहुत सारे आदिवासी अपने को हिंदू नहीं मानते

श्री तिर्की ने कहा कि बहुत सारे आदिवासी अपने को हिंदू नहीं मानती है क्योंकि वे प्राकृति की पूजा करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के आदिवासी अपनी जमीन को लेरि परेशान हैं। ऑन लाइन दस्तावेज मौजूद नहीं है। ऑन लाईन के नाम पर आदिवासियों को परेशान किया जा रहा है। जो मुद्दा नहीं बन पाया है। उन्होंने कहा कि इन्हीं सब बातों को लेकर रैली आयोजित की गई है। जिसमें गुमला से भारी संख्या में लोग भाग लेंगे। इस अवसर पर यूथ अध्यक्ष आजाद अंसारी सहित कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

# रासायनिक उर्वरक के प्रयोग से खेत हो रहे बंजर : कृषि वैज्ञानिक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पुरूलिया रोड स्थित समाज विकास केंद्र सभागार हॉल में रोमन कैथोलिक सोशल विंग की ओर से एक दिवसीय राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन आयोजित हुआ. जिसमें पांच जिले खूंटी, रांची,सिमडेगा, गुमला और हजारीबाग के 100 प्रगतिशील किसान शामिल हुए। इस अवसर पर बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिक रवि कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग के कारण भूमि की उर्वरता कम होती जा रही है। मौसम में काफी बदलाव हो रहा है। जिससे धीरे-धारे खेती का मौसम भी शिफ्ट हो गया है। आने वाले समय में लोगों को खाद्यान संकट से जूझना पड़ेगा। इससे उबरने के लिए जैविक खेती ही विकल्प है। क्योंकि कम समय में फसल की ज्यादा पैदावार की जरूरत है। रवि कुमार ने बताया कि जैविक खेती कम पानी में हो जाती है।



**प्रदर्शनी में लगाये गये परंपरागत बीज :** प्रदर्शनी में गोड़ा धान, करहैनी धान, जटंगी, सरसों, मडुआ, ज्वार के अलावा विभिन्न प्रकार के दाल लगाये गये थे।

**ये किसान हुए सम्मनित :** नितरन धान,तिनतुस केरकेप्ता, रेमिस रुंडा, नीलमणि टोप्पो, नारायण इंदवार, लियो डुंगडुंग, प्रकाश बरवा, राजो एक्का और विंसेंट ओडेया को उत्कृष्ट किसान संस्था के निदेशक फादर बिपिन पानी ने स्मृति चिन्ह और शाल ओढ़ा कर सम्मानित किया।

**कार्यक्रम में ये शामिल थे :** कार्यक्रम में वाल्टर केरकेप्ता, मनीष टोप्पो, अर्चना कुजूर, संजय टोप्पो, सुखराम टोप्पो, रोशन बोदरा, कॉर्नेलियुस रुंदा, सुमित डुंगडुंग, सिप्रियां केरकेप्ता, सिस्टर अन्ना खलखो, एलियास सुरीन समेत अन्य मौजूद थे।

### मोटे अनाज को बढ़ावा देने की जरूरत

कृषि वैज्ञानिक रवि कुमार ने बताया कि कम पानी में मोटे अनाज मडुआ, गोंदली, ज्वार, कोदो की खेती को बढ़ावा देने की जरूरत है। ये पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। इन खेती में कम पानी में बढ़िया फसल होती है। उन्होंने कहा कि यदि श्री विधि और एरोबिक विधि से खेती की जाए तो बहुत कम पानी में ही बढ़िया उपज प्राप्त कर सकते हैं। संस्था के निदेशक फादर बिपिन पानी ने कहा कि किसानों को परंपरागत कृषि को संरक्षित करने की जरूरत है और जैविक कृषि को बढ़ावा देना है। बड़कागांव के किसान नकुल महतो ने किसानों को सूकरपालन से संबंधित जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि यदि किसान खेती कार्य के साथ-साथ सुकर पालन का भी कार्य करें, तो उन्हें इससे दो गुना लाभ प्राप्त हो सकता है। सुकर से प्राप्त मल एवं गाय के गोबर से जो खाद तैयार होता है, वह खेतों के लिए बहुत ही लाभदायक होता है और पैदावर की क्षमता भी दोगुना होता है।

## प्रतिमाओं को खंडित करना, हिंदू समाज के लिए दुर्भाग्यपूर्ण घटना : विहिप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि डीएवी बरियातू के सामने स्थित श्रीराम - जानकी मंदिर में स्थापित सभी देवी-देवताओं को सुनियोजित ढंग से असामाजिक तत्वों के द्वारा खंडित किया गया है, जो हिंदू समाज के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। डॉ साहू ने कहा मंदिरों में स्थापित हिंदू देवी-देवताओं को खंडित करने की षड्यंत्र पूरे झारखंड प्रांत में चल रहा है। कुछ माह पूर्व रांची के मल्लहा टोली स्थित हनुमान मंदिर, मांडर के मुड़मा गांव स्थित पांच मंदिरों में स्थापित देवी-देवताओं सहित झारखंड प्रांत के दर्जनों मंदिरों में इस प्रकार की घटना घट चुकी है। परंतु यह गिरोह प्रशासन के पहुंच से अभी भी दूर है, जो चिंतनीय विषय है। हिंदू समाज के द्वारा घटना का विरोध होता है परंतु प्रशासन के द्वारा घटना को अंजाम देने वाला व्यक्ति को विक्षिप्त कहकर घटना का लीपापोती कर अपना पिंड झाड़ लेता है। डॉ साहू ने कहा है इस प्रकार की घटनाओं का पुनरावृति न हो, इसके लिए प्रशासन न्यायिक जांच करा कर दोषियों को अपने शिकंजा में लें अन्यथा बाध्य होकर विहिप - बजरंग दल के कार्यकर्ता राज्यव्यापी आंदोलन करेंगे।

### भाजमो ने मूर्ति तोड़े जाने की घटना को दुखद बताया

**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा (भाजमो) के अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कहा कि बरियातू में मंदिर तोड़ जाने की घटना बहुत दुखद है। असामाजिक तत्वों का मनोबल बढ़ रहा है। प्रशासन को कमाने खाने के एलवा इस ओर भी ध्यान देना चाहिए। मंदिरों में सीसीटीवी कैमरा होना चाहिए। धार्मिक न्यास बोर्ड को भी मंदिरों के रखरखाव पर ध्यान देना चाहिए। मूर्ति तोड़ी गई है। चोरी हुई है। दुखद भारतीय जनतंत्र में विरोध करती है।

## हेयरकट के कारण परीक्षा से वंचित छात्र 10 जनवरी को देंगे एग्जाम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** हेयरकट ठीक नहीं होने के कारण संत जेवियर्स स्कूल डोरंडा प्रबंधन ने 52 छात्रों को पिछले 6 जनवरी को दसवीं कक्षा के प्री बोर्ड परीक्षा देने से रोक दिया था। इस मामले को लेकर झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन का एक शिष्टमंडल प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की अगुवाई मे संत जेवियर्स स्कूल डोरंडा का दौरा किया। स्कूल के प्रिंसिपल के बाहर होने के कारण वाइस प्रिंसिपल रवि भूषण खेस से बातचीत हुई। वाइस प्रिंसिपल ने बताया कि अनुशासन की लगातार अवहेलना कर रहे कुछ बच्चों को परीक्षा से रोका गया था। स्कूल अनुशासन से कोई समझौता स्कूल नहीं करेगा। इसमें अभिभावकों का भी सकारात्मक सहयोग मिलना चाहिए, ताकि बच्चों के भविष्य को सवारा जा सके। स्कूल और अभिभावक के सहयोग से ही यह संभव हो पायेगा। वाइस प्रिंसिपल ने शिष्टमंडल से कहा कि स्कूल की ऐसी कभी कोई मनसा नहीं रही है कि छात्रों को परेशानी हो। प्रबंधन हमेशा यह कोशिश करता है कि उसके छात्रों का परीक्षा फल अच्छा हो, ताकि उनका भविष्य बन सके। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि स्कूल से संबंधित सभी विषयों की जानकारी अभिभावकों को भी समय-समय पर दी जानी चाहिए, ताकि उन्हें पता चल सके कि उनका बच्चा सही तरीके से शिक्षा ग्रहण कर रहा है या नहीं। इसके माध्यम से अभिभावक और विद्यालय के साथ सही तालमेल हो सकेगा। उन्होंने कहा कि स्कूल के जूनियर कक्षा के बच्चों को हो रही समस्याओं को भी ठीक करने की जरूरत है, ताकि शुरू से वे अनुशासन में रह सके। अजय राय के सभी बिंदुवार सुझावों पर स्कूल प्रबंधन ने काफी गंभीरता से लेते हुए इस पर शीघ्र पहल करने की बात कही। वाइस प्रिंसिपल ने कहा कि 10वीं कक्षा के जिन छात्रों को प्री बोर्ड परीक्षा देने से वंचित किया गया था, उनकी परीक्षा 10 जनवरी को ली जाएगी। शिष्टमंडल में नीरज भप्त, विजय सिंह, मुकेश साहू आदि शामिल थे। उक्त जानकारी झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी।

### बारियातू में 10 जनवरी को शिव गुरु महोत्सव

**बारियातू।** प्रखंड के खेल स्टेडियम परिसर में 10 जनवरी को विराट शिव गुरु महोत्सव का आयोजन किया जायेगा. जानकारी देते हुए शिव शिष्य परिवार अनिल प्रजापति ने बताया की शिव की असीम दया भाई धन्यजय की अध्यात्मिक प्रेरणा स्वरूप 10 जनवरी बुधवार सुबह 10 से शाम 4 बजे तक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कई जिलो व क्षेत्र के शिव शिष्य परिवार भाग लेंगे।

### शेख भिखारी की जयंती समारोह का आयोजन

**बरवाडीह।** सोमवार को प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में देश की आजादी के नायक रहे शहीद शेख भिखारी की जन्म जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सह प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी के साथ-साथ प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम ने शिरकत करते हुए शेख भिखारी की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित करते हुए देश की आजादी में उनकी शहादत और बलिदान को याद किया।

## नेताजी के गायब होने के रहस्य का पता लगाते हुए, चेका द रोड ऑफ बोन्स, जॉयदीप मुखर्जी की किताब हुई लॉन्च

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** सोमवार को रांची प्रेस क्लब में चेका, द रोड ऑफ बोन्स का विमोचन किया गया। चेका द रोड ऑफ बोंस का लक्ष्य उस अंधेरे पर प्रकाश की किरण फेंकना है जो अभी भी नेताजी सुभाष चंद्र बसु की मृत्यु से घिरा हुआ है। लेखक जॉयदीप मुखर्जी भारत के सर्वोच्च न्यायालय के वकील और अखिल भारतीय कानूनी सहायता फोरम और अखिल भारतीय बार एसोसिएशन के महासचिव हैं। क्या आप जानते हैं कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साथ क्या हुआ था? जिस व्यक्ति ने भारत की आजादी के सपने को साकार किया, उस नेता जी का गायब होना आज तक एक रहस्य बना हुआ है। यही वह जगह है जहां चेका, द रोड ऑफ बोन्स कुछ प्रकाश डालने का प्रयास करता है। भारत के सर्वोच्च न्यायालय के वकील जॉयदीप मुखर्जी की पुस्तक भूले हुए नायक के भाग्य का रास्ता बताती है। आज भी लॉन्च की गई भव्य पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में लेखक जॉयदीप मुखर्जी सहित समाज के सभी क्षेत्रों के गणमान्य लोग मौजूद थे। ब्रिटिश शासन के दौरान एक निजी एजेंसी द्वारा यह घोषित किया गया है कि सुभाष चंद्र बोस की मृत्यु 18 अगस्त 1945 को ताइहोकू विमान दुर्घटना में हुई थी, लेकिन विमान दुर्घटना का कोई ठोस सबूत नहीं है। कोई आ>र्य नहीं, हर 23 जनवरी को, बोस के जन्मदिन पर, भारत के लोग अभी भी नेताजी वापस आओ का नारा लगाते हैं। अपनी पुस्तक, चेका, द रोड ऑफ बोन्स में, एडवोकेट जॉयदीप मुखर्जी ने इस बात का समर्थन करने के लिए तथ्य और सिद्धांत प्रस्तुत किए हैं कि सुभाष चंद्र बोस को जोसेफ स्टालिन के सोवियत रूस में आश्रय दिया गया था और सवाल करते हैं कि 1953 में स्टालिन के निधन के बाद क्या भाग्य है। उन्होंने आगे कहा सवालः नेताजी की गुमशुदगी आज भी रहस्य क्यों? वह जहां भी था वहां से उसे भारत वापस लाने का प्रयास क्यों नहीं किया गया और जांच फाइलों को उजागर करने की भी कोई पहल क्यों नहीं की गयी, इन्हीं सब बातों पर प्रकाश डालते हुए लेखक ने इस पुस्तक को बड़ी बारीकी से अपने 20 वर्षो के रिसर्च के बाद लिखा है क किताब प्रेमियों और इतिहास पर रुचि रखने वालो के लिए यह पुस्तक वरदान साबित होगा क कार्यक्रम में मुख्य रूप से एच एच धर्म प्रचारक संत नीलेश सिंहपाल , हिंदू जन जागृति समिति के शंभू गवारे , सनातन संस्था के राष्ट्रीय प्रवक्ता चेतन राजहंस मौजूद थे।

# घड़ियाल व मगरमच्छों के लिए टाटा स्टील ने जूलॉजिकल पार्क में बनाये नये तालाब

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क ने आज घड़ियालों और मगरमच्छों के लिए नए घर जोड़े हैं, जिससे नए साल में आगंतुकों के लिए सुविधाएं और अधिक दिलचस्प हो जाएंगी। बाड़ों का उद्घाटन सोमवार को टाटा स्टील के कॉर्पोरेट सर्विसेज के उपाध्यक्ष और टाटा स्टील जूलॉजिकल सोसाइटी के अध्यक्ष चाणक्य चौधरी ने अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में किया। नए घरों का निर्माण पशु कल्याण के लिए उनकी जैविक आवश्यकताओं के अनुसार सभी आवश्यक मापदंडों को ध्यान में रखते हुए किया जाता है जैसे कि पर्याप्त बास्किंग क्षेत्र, जल निकाय, बीमार/नए आगमन के लिए पृथक्करण तालाब, जल निस्पंदन इकाई सहित हैचलिंग देखभाल तालाब। घड़ियाल तालाब 300 वर्ग मीटर का है और इसकी जल क्षमता 7.5 लाख लीटर है, जबकि मुग्गर तालाब का आकार 320 वर्ग मीटर है और इसकी जल धारण क्षमता 3.2 लाख लीटर है। ग्रीन चिड़ियाघर के बाद, बचाव और पुनर्वास केंद्र, जामनगर, गुजरात; टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क भारत में दूसरी सुविधा है जहां घड़ियाल और मगरमच्छ घरों/बाड़ों में जल निस्पंदन संयंत्र (सिस्टम) स्थापित किया गया है। इसके अलावा, पूर्वी क्षेत्र में पहली बार, जमशेदपुर के लोग घड़ियाल और मार्श मगरमच्छ के ग्लास व्यू घरों/बाड़ों का आनंद लेंगे। उत्तर बंगाल वाइल्ड एनिमल पार्क, सिलीगुड़ी से घड़ियालों के एक जोड़े के नए आगमन के साथ आगंतुक घड़ियालों के समूह का भी आनंद ले सकते हैं। इससे पहले वर्ष 1997 में, नंदनकानन प्राणी उद्यान, भुवनेश्वर, ओडिशा से चार घड़ियाल और दो मार्श मगरमच्छ प्राप्त किए गए थे।



### 6 एकड़ में लगे पोस्ता खेती को किया गया नष्ट



**चतरा।** अफीम उन्मूलन अभियान के तहत वन विभाग और वशिष्टनगर पुलिस के द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाकर पोस्ता खेती को नष्ट किया गया। वनपाल पवन कुमार के नेतृत्व में हंटरगंज के सरदम और फुलवरिया के सुरक्षित वन क्षेत्र और गैर वन भूमि जंगल में लगे 6 एकड़ में पोस्ता खेती को नष्ट किया गया। पोस्ता खेती किए जाने की जिसकी सूचना मिलने के बाद वनपाल के द्वारा यह अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पोस्ता की खेती को नष्ट करने के लिए दो ट्रैक्टर लगाया गया था। ट्रैक्टर से पोस्ता की खेती को जोताई कर नष्ट किया गया। अभियान की भनक लग जाने के कारण पोस्ता खेती करने वाले लोग फरार हो गए। वनपाल पवन कुमार ने बताया कि अफीम की खेती करने वालों के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा। साथ ही इसमें संलिप्त लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया जाएगा। इस दौरान स्थानीय लोगों से पोस्ता खेती से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में भी बताया गया। समाज और स्वास्थ्य के लिए जहर का काम कर रहे इस अवैध खेती से दूर रहने की नसीहत भी दी गई। साथ ही इस तरह के खेती किए जाने की सूचना पुलिस और वन विभाग को देने की अपील लोगो से किया गया। अभियान में वनरक्षी कपिलदेव कुमार मेहता, राजीव रंजन, सुबोध कुमार सोनी सहित वनकर्मी और पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# ऑस्ट्रेलिया से टी-20 श्रृंखला जीतने के इरादे से उतरेगी भारतीय महिला टीम

एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम लंबे और मिश्रित सफलता वाले घरेलू सत्र का अंत मंगलवार को यहां तीसरे और अंतिम मुकाबले में जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ स्वदेश में पहली बार टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीतकर करना चाहेगी। तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर चल रही है और हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम के पास गत विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को हराकर 2024 टी20 अंतरराष्ट्रीय विश्व कप के साल की शुरूआत इस प्रारूप में जीत के साथ करने का मौका है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच द्विपक्षीय टी20 श्रृंखलाओं में से केवल एक में जीत दर्ज की है जबकि चार में उसे हार का सामना करना पड़ा है। भारत ने एकमात्र श्रृंखला 2015-16 में ऑस्ट्रेलिया में जीती थी और इस टीम के खिलाफ उसकी उपलब्धियों में यह शीर्ष पर है। भारत ने पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया को रिकॉर्ड नौ विकेट से हराया था लेकिन दूसरे मैच में मेजबान टीम को छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा। भारत के लिए हरमनप्रीत की फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है। भारतीय कप्तान सभी प्रारूपों में पिछले 10 मैच में अर्धशतक जड़ने के नाकाम रही है। वह पिछली 11 पारियों में सात बार दोहरे अंक में पहुंचने में नाकाम रही हैं। दूसरे मैच में ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने गेंद और बल्ले दोनों से अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन भारत को जीत दिलाने में नाकाम रहीं। उन्होंने 27 गेंद में 31 रन बनाकर भारत को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया और फिर ऑस्ट्रेलिया की पारी के शुरूआती दो विकेट भी चटकाए लेकिन यह टीम को जीत दिलाने के लिए नाकाफी थी। शुरूआती दो टी20 मुकाबलों की पिच पर बल्लेबाजों को स्वच्छंद होकर खेलने का मौका नहीं मिला है विशेषकर पहली पारी में जिससे गेंदबाजों का दबदबा देखने को मिला। रविवार को दूसरे टी20 में मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहीं ऑस्ट्रेलिया की किम गार्थ ने कहा, यह बल्ले और गेंद के बीच वास्तव में अच्छा मुकाबला रहा है, इसमें बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों के लिए कुछ ना कुछ है। दीप्ति को भी दूसरे मैच की पिच बल्लेबाजी के लिए चुनौतीपूर्ण लगी। उन्होंने कहा, यह बल्लेबाजी के लिए आसान विकेट नहीं था। गेंद टर्न के साथ-साथ (पिच पर टप्पा खाने के बाद) धीमी रह रही थी। मुझे लगता है कि हमने लगभग 15 रन कम बनाए।



समय : शाम 7:00 बजे से।

### दोनों टीमें इस प्रकार हैं:

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यस्तिका भाटिया, रिचा घोष, अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सेइका इशाक, रेणुका सिंह ठाकुर, टिटास साधु, पूजा वस्त्राकर, कनिका आहूजा और मीनू मणि।

**ऑस्ट्रेलिया :** डार्सी ब्राउन, हीथर ग्राहम, एशले गार्डनर, किम गार्थ, ग्रेस हैरिस, एलिसा हीली (कप्तान), जेस योनासेन, एलेना किंग, फोएबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्रा, बेथ मूनी, एलिस पैरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल

## कश्मीर विकलांग क्रिकेटर आमिर पर बनेगी बायोपिक




**नयी दिल्ली।** लोकप्रिय कश्मीरी क्रिकेटर आमिर हुसैन लोन पर अब बायोपिक बनने जा रही है जिसका निर्देशन महेश वी भट्ट करेंगे। 34 वर्षीय खिलाड़ी डबल-आर्म-एम्प्युटी क्रिकेटरों में से एक है। आमिर नाम की इस बायोपिक का निर्माण बिग बैट फिल्म्स द्वारा किया जा रहा है। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा, #आमिर - #कश्मीरी क्रिकेट सनसनी #आमिरहुसैनलोन की असाधारण यात्रा-की घोषणा की गई है... बायोपिक में #आमिर के क्रिकेट क्रीज से आगे बढ़ने, विजय, धैर्य और के क्षणों को दशार्या गया है। प्रेरणा जो सार्वभौमिक रूप से गूंजती है।

# रणजी ट्रॉफी : पुड्डुचेरी की ऐतिहासिक जीत, दिल्ली को 9 विकेट से हराया

एजेंसी


**नयी दिल्ली।** पुड्डुचेरी ने रणजी ट्रॉफी यात्रा में एक ऐतिहासिक अध्याय लिखते हुए सोमवार को यहां अरुण जेटली स्टेडियम में एलीट ग्रुप डी के शुरूआती मैच में 50 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए पूर्व चैंपियन दिल्ली पर 9 विकेट से शानदार जीत हासिल की। दिल्ली की दूसरी पारी में रविवार को 126 के स्कोर में 19 रन का इजाफा कर 145 के स्कोर पर पूरी टीम ऑल आउट हो गई और उसकी कुल बढ़त 49 रन रही। हर्ष त्यागी 28 रन और ईशांत शर्मा पांच रन बनाकर आउट हुए। पुड्डुचेरी ने दूसरी पारी में 13.4 ओवर में एक विकेट पर 51 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। आकाश करगावे 23 रन बनाकर आउट हुये उन्हें चौहान ने बोल्ड आउट किया। जय पांडे ने नाबाद 21 रन और मरिमुथु विकनेरश्वरन ने नाबाद सात रन बनाए। दिल्ली की ओर से हिमांशु चौहान को एक विकेट मिला। इससे पहले पुड्डुचेरी ने रविवार को दो विकेट पर 113 रन से आगे खेलना शुरू किया और पूरी टीम 63.3 ओवर में 244 रन बनाकर सिमट गई। पुड्डुचेरी की ओर से संतोष रत्नपारखे ने सबसे अधिक 60 रन बनाए। कृष्णा पांडेय ने 44 रन, पारस डोगरा 31 रन, आकाश करगावे 28 रन, जय पांडे और कप्तान फबिद अहमद ने 18-18 रन बनाकर आउट हुए। दिल्ली की ओर से ऋतिक शौकीन ने चार विकेट लिए। हिमांशु चौहान को तीन विकेट मिले। नवदीप सैना ने दो और ईशांत शर्मा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद मैथ्यु ने शानदार गेंदबाजी करते हुए दिल्ली को हार की ओर धकेल दिया। दिल्ली की दूसरी में पारी में कप्तान यश ढुल 23 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मैथ्यू ने पगबाधा आउट किया। इसके बाद लक्ष्य थरेजा भी 24 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। वैभव शर्मा 15 रन, ऋतिक शौकीन 19 रन, हिम्मत सिंह और नवदीप सैनी पांच-पांच रन, आयुष बदोनी और क्षितिज शर्मा चार-चार रन बनाकर आउट हुए।



## केरल ने खेला ड्रॉ, आर्यर व प्रियम का शतक बेकार

इस मुकाबले में यूपी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था और पहली पारी में 302 रन बनाए थे। यूपी के लिए पहली पारी में रिंकू सिंह ने 92 रन की शानदार पारी खेली थी जबकि ध्रुव जुरेल ने 63 रन का योगदान दिया था। इस पारी में केरल की तरफ से नीधिश ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए थे तो वहीं केरल की टीम ने पहली पारी में इस स्कोर के जवाब में 243 रन बनाए थे। केरल की तरफ से कप्तान संजू सैमसन ने जहां 35 रन बनाए थे तो वहीं विष्णु विनोद के बल्ले से 74 रन निकले थे। पहली पारी में यूपी की तरफ से सबसे सफल गेंदबाज अंकित राजपूत रहे जिन्होंने 5 विकेट चटकाए और इस टीम को 59 रन की बढ़त मिली थी।दूसरी पारी में यूपी ने बेहतरीन बल्लेबाजी की और 3 विकेट पर 323 रन बना डाले और पारी की घोषणा कर दी साथ ही उनकी कुल बढ़त 382 रन की हो गई थी। यूपी की तरफ से दूसरी पारी में टीम के कप्तान और ओपनर बल्लेबाज आर्यन जुयाल ने शानदार पारी खेलते हुए 115 रन बनाए तो वहीं प्रियम गर्ग ने भी 104 रन की पारी खेली। केरल को जीत के लिए 383 रन का लक्ष्य मिला था, लेकिन यह टीम दूसरी पारी में 2 विकेट पर 72 रन बना पाई और मैच का समय खत्म हो जाने की वजह से यह ड्रॉ पर खत्म हो गया।

## आइपीएल से पहले कमबैक में जुटे हार्दिक पंड्या



**नयी दिल्ली।** वर्ल्ड कप 2023 के दौरान एंकल इंजरी के कारण मैदान से दूर हुए भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या बहुत जल्द वापसी करने वाले हैं। हाल फिलहाल में अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए घोषित हुई टीम में उनका नाम नहीं था, लेकिन माना जा रहा है कि हार्दिक आइपीएल से पहले पूरी तरह फिट हो जाएंगे और मैदान पर वापसी कर लेंगे। इसको लेकर उन्होंने जिम में कड़ी मेहनत करना शुरू कर दिया है। हार्दिक पंड्या ने अपनी रिकवरी के दौरान हैवी वेटलिफ्टिंग शुरू कर दी है। सोमवार को उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें हार्दिक इंटेंस वर्कआउट करते नजर आए। इस वीडियो में हार्दिक पंड्या काफी फिट भी दिख रहे हैं। उन्होंने इस वीडियो के जरिए एंकल इंजरी से रिकवरी का अपडेट भी दिया है। हार्दिक ने इंस्टाग्राम पर इस वीडियो को पोस्ट करते हुए कैप्शन में लिखा है, जाने की केवल एक ही दिशा है और वो भी आगे। हार्दिक पंड्या विश्व कप 2023 के दौरान पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ मैच में चोटिल हुए थे। हार्दिक उसी मैच में बाहर चले गए थे और उसके बाद वह पूरे विश्व कप में और उसके बाद ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका सीरीज में भी वापसी नहीं कर पाए। लेकिन अब आइपीएल 2024 तक उनका फिट होना लगभग तय माना जा रहा है।

# मोहम्मद रिजवान बने उप-कप्तान, न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज से पहले पीसीबी ने की घोषणा

एजेंसी

**लाहौर (पाकिस्तान)।** बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को पाकिस्तान के टी20 टीम का उप-कप्तान के रूप में नियुक्त किया गया है जो कप्तान शाहीन शाह अफरीदी के नेतृत्व वाले समूह में शामिल हो गए हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सोमवार को इसकी घोषणा की। अफरीदी न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 द्विपक्षीय सीरीज में 17 खिलाड़ियों की टीम का नेतृत्व करेंगे। पीसीबी ने एक आधिकारिक बयान में कहा, शाहीन शाह अफरीदी के उप-कप्तान के रूप में रिजवान का पहला कार्यभार न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला होगी, जो 12 जनवरी से न्यूजीलैंड में होने वाली है। पिछले साल भारत में आइसीसी विश्व कप 2023 में अपनी टीम की हार के बाद बाबर आजम ने खेल के सभी प्रारूपों से पाकिस्तान के कप्तान के रूप में पद छोड़ने की घोषणा की। बाद में पीसीबी ने घोषणा की कि बाबर के पद छोड़ने के फैसले के बाद अफरीदी टी20 कप्तान का पद संभालेंगे। 31 वर्षीय रिजवान ने 85 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 2,797 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और 25 अर्धशतक शामिल हैं। स्टंप के पीछे रिजवान ने 41 कैच और 11 स्टंपिंग की है। नियुक्ति पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए 31 वर्षीय ने कहा कि वह श्रृंखला के दौरान कोचिंग स्टाफ और नए कप्तान के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान पुरुष टी20 टीम के उप-कप्तान के रूप में नामित होना एक सम्मान की बात है। मुझे यह जिम्मेदारी सौंपने के लिए मैं पीसीबी का आभारी हूं।



## ग्रांट ब्रैडबर्न पाकिस्तान क्रिकेट से अलग हुए



**लाहौर।** ग्रांट ब्रैडबर्न ने ग्लमॉर्गन के मुख्य कोच के तौर पर तीन साल अनुबंध पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। इसी के साथ उनका पाकिस्तान की पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच का कार्यकाल समाप्त हो गया है। ब्रैडबर्न ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, पाकिस्तान क्रिकेट के साथ सुनहरे अध्याय को अंत करने का समय आ गया है। पांच वर्षों तक तीन भूमिकाओं को निभाने का अवसर मिला। इस दौरान जो कुछ भी हासिल हुआ, उस पर मुझे गर्व है और मैं शुक्रगुजार हूं कि मुझे इतने उम्दा खिलाड़ियों, कोच और सदस्यों के साथ काम करने का अवसर मिला।

## हाइनरिक क्लासन ने टेस्ट क्रिकेट से लिया संन्यास



**केपटाउन।** दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज हाइनरिक क्लासन ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। हालांकि वह सीमित ओवर क्रिकेट में उपलब्ध रहेंगे। क्लासन ने एक बयान में कहा, मैंने कई रातें जागकर यह सोचा कि क्या मैं सही निर्णय ले रहा हूं, और मैंने लाल-गेंद की क्रिकेट से संन्यास लेने का निर्णय लिया। यह एक कठिन निर्णय था क्योंकि यह मेरा पसंदीदा प्रारूप था। यह एक बेहतरीन यात्रा थी और मुझे खुशी है कि मैंने अपने देश का प्रतिनिधित्व किया। मेरा बैगी टेस्ट कैप अब तक का मेरा सबसे बहुमूल्य क्रिकेट कैप है। क्लासन ने 2019 से 2023 के बीच के अपने करियर में चार टेस्ट मुकाबले खेले। उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट मैच पिछले वर्ष की गर्मियों में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला था। उन्होंने चार टेस्ट की आठ पारियों में सिर्फ 13 की औसत से 104 रन बनाए, जिसमें उच्चतम स्कोर 35 रन था।

## संघ को भंग नहीं किया गया है, सिर्फ गतिविधियों पर रोक : संजय सिंह

**गोण्डा।** भारतीय कुश्ती महासंघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह ने सोमवार को साफ किया कि संघ को भंग नहीं किया गया है और केवल उसकी गतिविधियों पर रोक लगाई गई है। नंदनीनगर महाविद्यालय के प्रांगण में कुश्ती संघ के निर्वतमान अध्यक्ष और सांसद बृजभूषण शरण सिंह के जन्मदिन पर आयोजित युवाज्ञान शक्ति संगम समारोह में संजय सिंह ने कहा, ह्यसंघ भंग नहीं है। केवल उसके गतिविधियों पर रोक लगायी गयी है। कुश्ती संघ स्वायत्त संस्था है, इसे भंग नहीं किया जा सकता। संघ अभी भी काम कर रहा है और करता रहेगा। उन्होंने कहा कि वे तदर्थ समिति को नहीं मानते और भारतीय कुश्ती संघ द्वारा घोषित कुश्ती चैंपियनशिप पूर्व निर्धारित समय से होगी।

## इंग्लैंड के लिए खेलना मेरी प्राथमिकता : लियाम

**केपटाउन।** दुनिया भर के टी20 लीग में अपने हरफनमौला खेल की चमक बिखेरने वाले लियाम लिविंगस्टोन ने सोमवार को यहां कहा कि सीमित ओवरों के प्रारूप में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व उनकी प्राथमिकता है। मौजूदा समय में दुनिया के सबसे आक्रामक बल्लेबाजों में शामिल लिविंगस्टोन ने इंग्लैंड के लिए 25 एकदिवसीय और 38 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेले हैं। राजस्थान रॉयल्स व पंजाब का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। लिविंगस्टोन एमआई केपटाउन का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस टीम में उन्हें कैगिसो रबाडा और कप्तान कीरोन पोलार्ड जैसे दिग्गजों का साथ मिलेगा।

## भारतीय महिला हॉकी टीम एफआइएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर अमेरिका से भिड़ेगी

# हम हर समस्या से निपटने को तैयार : नवनीत कौर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** भारतीय महिला हॉकी टीम एफआइएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 में 13 जनवरी को अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेंगी। रांची में मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ में प्रशिक्षण लेने के बाद अनुभवी आक्रमणकारी मिडफील्डर नवनीत कौर ने कहा, रांची में जल्दी पहुंचने से हमें मुख्य मैदान पर कुछ सत्रों का लाभ उठाने में मदद मिली है और इससे हमें इस मौसम के साथ तालमेल बिठाने में भी मदद मिली है। चूंकि हमने भी ऐसा किया है। उन्होंने कहा, महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान टीम इस स्थान पर खेल चुकी और मैदान से अच्छी तरह परिचित हैं। हम कुंती जिले में भी गए और प्रशिक्षण लिया यह हमारे कुछ साथियों का घरेलू मैदान है और जो बच्चे यहां आए थे उनके चेहरे पर उत्साह देखना अविश्वसनीय था। भारत, न्यूजीलैंड, इटली और अमेरिका के साथ पूल बी में है। प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी और टूनार्मेंट में शीर्ष तीन पर रहने वाली टीमें पेरिस 2024 का टिकट मिलेगी। अपनी संभावनाओं के बारे में नवनीत ने कहा, हम बहुत आशावादी हैं। हमारे ग्रुप में जो टीमें हैं वे हमारे लिये कोई नई नहीं है। हम पहले भी उनके खिलाफ खेल चुके हैं। सर्कल में हम जो मौके बनाते हैं, उन्हें गोल में बदलना हमारे अभियान के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा और टूनार्मेंट में अच्छी शुरूआत करने से टीम को सही आत्मविश्वास मिलेगा। भारतीय महिला टीम लगातार तीसरी बार ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिए उतरेगी। टोक्यो ओलंपिक खेलों के पिछले संस्करण में भारत ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए चौथे स्थान पर रहा था। उन्होंने कहा, हम उत्साहित हैं और अपने अभियान को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हैं। हमारे टोक्यो ओलंपिक के प्रदर्शन के बाद, उम्मीदें बहुत अधिक हैं और हम उम्मीदों पर खरा उतरना चाहते हैं। हम आयोजन के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं और अच्छे प्रदर्शन के प्रति आश्वस्त हैं। भारतीय टीम अपने शुरूआती मैच में 13 जनवरी को अमेरिका से, उसके बाद 14 जनवरी को न्यूजीलैंड, 16 जनवरी को इटली से भिड़ेगी। सेमीफाइनल 18 और फाइनल 19 जनवरी को खेला जायेगा। अन्य टीमों में जर्मनी, जापान, चिली और चेक गणराज्य को पूल ए में है।



## लक्ष्य, किदांबी, प्रणॉय और चिराग-सात्विक की जोड़ी मलेशिया ओपन में चुनौती पेश करेंगे

**कुआलालंपुर।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणॉय, सात्विक साईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी समेत अन्य शीर्ष शटलर मंगलवार से शुरू हो रही मलेशिया ओपन बैडमिंटन 2024 में चुनौती पेश करेंगे। भारत के कुल 12 बैडमिंटन खिलाड़ी, चार एकल खिलाड़ी और चार युगल टीमें 2024 मलेशिया ओपन में प्रतिस्पर्धा करेंगे। विश्व नंबर आठ एचएस प्रणॉय और एशियाई खेलों के पुरुष युगल चैंपियन सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी, जो कि बीडब्ल्यूएफ बैडमिंटन विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर हैं।

## ओडिशा में फुटबॉल प्रशंसकों को रोमांचित करने के लिए तैयार कलिंगा सुपर कप 2024

**भुवनेश्वर।** ओडिशा, सुपर कप फुटबॉल टूनार्मेंट के 2024 संस्करण की मेजबानी के लिए तैयार है, इस टूनार्मेंट को कलिंगा सुपर कप के रूप में भी जाना जाता है। यह मार्की टूनार्मेंट 9 जनवरी को शुरू होगा और फाइनल 28 जनवरी को खेला जाएगा, जिसके मैच भुवनेश्वर के कलिंगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होंगे। टूनार्मेंट में 16 टीमें (इंडियन सुपर लीग से 12 और आई-लीग से चार) हिस्सा लेंगी, जिन्हें चार-चार टीमों के चार समूहों में विभाजित किया गया है। टूनार्मेंट से पहले खेल और युवा सेवा विभाग के सचिव, विनील कृष्णा ने कहा, हम देश भर के बेहतरीन फुटबॉल क्लबों की मेजबानी करने के लिए उत्सुक हैं। ओडिशा में फुटबॉल तेजी से बढ़ रहा है और बैक-टू-बैक फुटबॉल आयोजनों की मेजबानी से हमारा पारिस्थितिकी तंत्र मजबूत हुआ है।

# पिस्टल निशानेबाज वरुण, ईशा ने पेरिस 2024 कोटा हासिल किया

एजेंसी

**जकार्ता।** वरुण तोमर और ईशा सिंह ने सेनायन शूटिंग में एशियाई ओलंपिक क्वालीफिकेशन राइफल/पिस्टल स्पर्धा के प्रतियोगिता के पहले दिन सोमवार को यहां क्रमशः पुरुषों और महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में शानदार जीत के साथ भारत के लिए 14वां और 15वां पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा स्थान हासिल किया। वरुण ने 2.6 के अंतर से और ईशा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6.8 के भारी अंतर से जीत हासिल की। भारत ने अब 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए निशानेबाजी में 15 कोटा स्थान हासिल कर लिए हैं, जो टोक्यो 2020 की संख्या के बराबर है।

### एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर

भारत के लिए दोनों ओलंपिक स्पधार्ओं में यह दोहरा पोडियम फिनिस था क्योंकि अर्जुन चीमा ने पुरुषों की पिस्टल में रजत पदक जीता, जबकि रिदम सांगवान ने महिलाओं की प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता, जिससे खेल में भारत की महाद्वीपीय ताकत का प्रदर्शन हुआ। मंगोलियाई दावाखु एनखताइवान ने पुरुषों की स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर दूसरा उपलब्ध कोटा हासिल किया, जबकि पाकिस्तान की किशमाला तलत ने महिलाओं में रजत पदक जीतकर अपने देश के लिए पहली बार महिला निशानेबाजी ओलंपिक कोटा हासिल किया। प्रत्येक देश प्रस्तावित दो कोटा स्थानों में से केवल एक ही जीत सका, इसलिए अर्जुन चूक गये। कुल मिलाकर वरुण के लिए शूटिंग का दिन शानदार रहा। 55-फील्ड क्वालीफिकेशन में उनका 586 का स्कोर शीर्ष पर था, जो अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ स्कोर था और पिछले 12 महीनों में उनका सबसे अच्छा स्कोर था। ईशा क्वालिफाई करने वाले तीन भारतीयों में सबसे निचली रैंक पर थीं, 578 के स्कोर के साथ उन्हें छठा स्थान मिला। रिदम और सुरभि दोनों ने तीसरे और पांचवें स्थान के लिए 579 का स्कोर किया। फाइनल में 10.6 के साथ शुरूआत करने वाली रिदम भी सबसे मजबूत थी, जिसे ईशा ने अपने दूसरे स्कोर के साथ हासिल किया। हालांकि, यह पाकिस्तान की एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता किशमाला तलत थीं, जिन्होंने आठ निशानेबाजों में से सबसे मजबूत शुरूआत की, अपने पहले पांच शॉट्स में 52.4 का स्कोर किया। रिदम दूसरे स्थान पर थी, वह भी 50 से ऊपर का प्रबंधन कर रही थी जबकि इस स्तर पर ईशा तीसरे और सुरभि पांचवें स्थान पर थी। पांच शॉट की दूसरी श्रृंखला में अलग-अलग निशानेबाजों ने 10.9 के तीन शॉट देखे, लेकिन ईशा के छठे शॉट ने उसे तलत से आगे कर दिया। सिंगापुर की शियु होंग 12वें एकल शॉट के बाद सबसे पहले बाहर हुईं और 18वें शॉट के बाद, ईशा अपने कोरियाई चैलेंजर से 4.3 से आगे थीं, भारत का कोटा पक्का हो गया क्योंकि यू पांचवें में बाहर हो गईं। यह देखते हुए कि दो कोरियाई फाइनलिस्ट किम बोमी और ओह ये जिन कोटा के लिए अयोग्य थे, भारतीयों को एक कोटा के लिए तलत के अलावा चीनी ताइपे के यू ऐ वेन और सिंगापुर के तेह शियु होंग से लड़ना पड़ा। वरुण, अर्जुन और उज्जवल की भारतीय तिकड़ी ने भी पुरुष टीम का स्वर्ण जीता, वहीं, ईशा, रिदम और सुरभि की महिला टीम ने भी स्वर्ण पर निशाना साधा, भारत पहले दिन के अंत में चार स्वर्ण और कुल छह पदक के साथ शीर्ष पर था।



## अंतराष्ट्रीय मास्टर एथलीट शांति मुक्ता बारला का सड़क हादसे में निधन, झारखंड एथलेटिक्स संघ ने जताया दुख



**रांची।** अंतर्राष्ट्रीय मास्टर एथलीट सह राज्य एथलेटिक्स तकनीकी पदाधिकारी शांति मुक्ता बारला का सरायकेला से गुमला लौटने के क्रम में हुई दुर्घटना में सोमवार को प्रातः निधन हो गया गया। मूल रुप से गुमला की रहने वाली शांति मुक्ता बारला ने मलेशिया,दुबई में भारत के लिए पदक जीता था। इनके निधन पर झारखंड एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष डॉ मधुकांत पाठक, सचिव सीडी सिंह, एसके पांडे, राकेश सिंह, सिकंदर महतो, मेरी किस्पोप्ता, अनवर, आरएन मुर्मू, प्रभाकर वर्मा, योगेश यादव समेत राज्य के खेल प्रेमियों ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

# नीतीश कैबिनेट ने लिया बड़ा फैसला

## बिहार में अब अलग होगा खेल विभाग, 19 एजेंडों पर लगी मुहर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पटना।** सीएम नीतीश कुमार इन दिनों एक्शन में दिख रहे हैं। सीएम लगातार कई बैठक कर रहे हैं। वहीं, सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कैबिनेट की मीटिंग बुलाई थी। मंत्रिपरिषद की इस बैठक में कुल 19 एजेंडों पर मुहर लगी। बिहार में अब खेल विभाग होगा। नीतीश कैबिनेट ने आज इस पर मुहर लगा दी। पहले कला संस्कृति मंत्रालय के तहत आता था। वहीं, कैबिनेट की बैठक में पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधियों का मानदेय बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही आंगनबाड़ी सेविका का मानदेय 5950 से बढ़ा कर सात हजार कर दिया गया है। सहायिका का मानदेय 2975 से बढ़ाकर 4000 करने का निर्णय लिया गया है। बिनेट सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खेलों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए युवाओं को प्रशिक्षित करना आवश्यक है।

इन सभी कार्यों के लिए एक विशेष विभाग की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। बिहार में युवाओं को खेलकूद में प्रोत्साहन देने के लिए राज्य सरकार ने दृढ़ संकल्प लिया और उसके तहत खेल विभाग को अलग किया गया है। कल से इस पर प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी और खेल विभाग का सब कुछ अलग होगा। मंत्रालय भी अलग होगा। अब जल्द ही खेल विभाग के अलग मंत्री भी होंगे। आगे कैबिनेट सचिव ने जानकारी देते हुए बताया कि दूसरा सबसे महत्वपूर्ण निर्णय आंगनबाड़ी सेविका को लेकर लिया गया है। आंगनबाड़ी सेविका पर राज्य सरकार ने उदारता दिखाते हुए दो दिन पहले 18000 निलंबित आंगनबाड़ी सेविकाओं को काम पर वापस रख लिया था तो अब राज्य सरकार ने सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं का मानदेय भी बढ़ा दिया है। आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका का मानदेय समाज कल्याण विभाग के केंद्रांश और राज्यांश मिलाकर दिए जाते हैं, लेकिन केंद्र का जो 38 प्रतिशत राशि है वहीं रहेगा केंद्र ने अपना पैसा नहीं बढ़ाया है, लेकिन राज्य सरकार ने अपनी ओर से यह राशि बढ़ाकर आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका को देने की मंजूरी दे दी है। इसके अलावा के राज्य सरकार ने पंचायत प्रतिनिधियों पर भी उदारता दिखाते हुए सभी पंचायत प्रतिनिधियों के मासिक मानदेय बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसमें मुखिया का मानदेय पहले 2500 रुपया था उसे दोगना करके 5000 कर दिया गया है। उप मुखिया का पहले 1200 था जिसे बढ़ाकर 2500 रुपया कर दिया गया है। वार्ड सदस्य का मानदेय पहले 500 प्रति माह था, जिसे बढ़ाकर 800 कर दिया गया है। सरपंच का मासिक मानदेय 2500 रुपए पहले थे जिसे दोगुना करके 5000 कर दिया गया है। उप सरपंच का मानदेय पहले 1200 था जिसे ढाई हजार रुपया कर दिया गया है। पंच का मानदेय पहले 500 था जिसे बढ़ाकर 800 कर दिया गया है। राज्य सरकार को उसके लिए सालाना 3 अरब 39 करोड़ 38 लाख 85 हजार 600 रुपये अतिरिक्त व्यय होंगे।

# डीसी ने मतदाताओं के घर जाकर किया सुपर चेकिंग



**चतरा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा अबु इमरान ने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत चतरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न बूथ पर पहुंच सुपर चेकिंग किया। जिसमें मतदान केंद्र संख्या 456 (सदर आउट पोस्ट पूर्वी) मतदान केंद्र संख्या 457 (सदर आउट पोस्ट पश्चिमी) समेत अन्य शामिल है। मतदान केंद्र संख्या 456 के मतदाता के घर में जांच के दौरान पाया गया कि उस घर से नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल करने हेतु दो प्रपत्र 6 प्राप्त किया गया है।

# कुलपति ने की समीक्षात्मक बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**दुमका।** सिदो कान्हू विश्वविद्यालय के सभागार में 32 वां स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर समीक्षात्मक बैठक सोमवार संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति डॉ बिमल प्रसाद सिंह ने किया। बैठक में विभिन्न समिति स्तर पर की जा रही तैयारियों का समीक्षा कुलपति ने किया। उक्त बैठक में विभिन्न समितियों के समन्वयकों ने संभावित बजट प्रस्तुत किया। कार्यक्रम 10 जनवरी को सुबह 11 बजे से विश्वविद्यालय परिसर के स्मारक टिल्हा पर स्थित वीर सिदो-कान्हू मुर्मू का प्रतिमा पर माल्यार्पण से शुरू होगी। बाद में मुख्य कार्यक्रम विश्वविद्यालय का प्रशासनिक भवन-2 के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित होगी। ज्ञात हो विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस धूम-धाम से मनाने को लेकर विश्वविद्यालय स्तर पर तैयारियाँ की जा रही है। इस बाबत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिमल प्रसाद सिंह ने विभिन्न समितियों का गठन कर दिया है।

## रेलवे कर्मचाारियों का चार दिवसीय भूख हड़ताल, प्रदर्शन

**पाकुड़।** पाकुड़ ईटसर्न रेलवे मेंस यूनियन केकर्मचारियों ने पुरानी पेंशन व न्यू पेंशन स्कीम को रद्द करने के विरोध में चार दिवसीय भूख हड़ताल पर बैठे है। चार दिवसीय भूख हड़ताल पर बैठे ईआरएमयू के शाखा अध्यक्ष अखिलेश कुमार चौबे ने बताया कि पुरानी पेंशन स्कीम को लागू करने की मांग काफी दिनों से की जा रही है। लेकिन रेलवे ने इस और कोई ध्यान नही दे रही है। मजबूरन ईआरएमयू को धरना के साथ भूख हड़ताल जैसा आंदोलन करना पड़ा।

# पद प्रतिष्ठापन समारोह का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम में ग्रुप के सदस्य

**गढ़वा।** जायंटस ग्रुप ऑफ गढ़वा के पद प्रतिष्ठापन समारोह का आयोजन शहर के ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल में ग्रुप अध्यक्ष कमलेश कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत जायंट्स वेलफेयर फाउन्डेशन स्पेशल कमेटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, जायंटस वेल्फेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, मदन प्रसाद केशरी, यूनिट 2 के निवर्तमान डायरेक्टर मनोज केशरी, फेडरेशन 8 के निवर्तमान उपाध्यक्ष नंद कुमार गुप्ता, फेडरेशन पदाधिकारी सीमा केशरी तथा डॉ अशोक सोनी ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान पदस्थापना पदाधिकारी यूनिट 2 के निवर्तमान निदेशक मनोज केशरी ने सत्र 2024 के नव निर्वाचित जायंटस ग्रुप ऑफ गढ़वा के अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष आन्तरिक राकेश बाबू सर्राफ, उपाध्यक्ष वाह्य अशोक गुप्ता, प्रशासनिक निदेशक मोजीबुद्दीन खान, वित्त निदेशक अशोक केशरी, मेडिकल ऑफिसर डॉ वीरेन्द्र कुमार, मीडिया प्रभारी अशोक विश्वकर्मा तथा निदेशक मंडल के सुनील अग्रवाल, अवधेश कुशवाह, मंदीप प्रसाद, संतोष कुमार मेहता को शपथ दिलाई। निवर्तमान प्रशासनिक निदेशक चंद्रभूषण सिन्हा ने सत्र 2023 के कार्यक्रमों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मौके पर नव निर्वाचित अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता ने जायंट्स वाद को आगे बढाने तथा मानव सेवा में और बेहतर कार्य करने की बात कही। मंच का संचालन नंद कुमार गुप्ता जबकि धन्यवाद ज्ञापन दीपक तिवारी ने किया। मौके पर रेडक्रॉस चेयरमैन डॉ एमपी गुप्ता, लायन्स सिटी के दया शंकर गुप्ता, शौकत खान, संजय सोनी, राजमणि प्रसाद, मनोज केशरी, अरुण सोनी, चंदन चंद्रवंशी आदि लोग उपस्थित थे।

## अधेड़ की पीट पीटकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**दुमका।** जिले के जामा थाना क्षेत्र के गेणुवामारनी गांव में एक अधेड़ को सोमवार को पीट पीटकर मार डाला। सूत्रों के अनुसार गांव के महेशल सोरेन दो वर्ष पूर्व गांव की एक लड़की से बलात्कार के आरोप में जेल भेजा गया था। चार महीना पहले जेल से छुटकर लौटा था। जेल से आने के बाद मनचला की तरह गांव में तांडव मचाते रहता था। वेवजह किसी से भी लड़ जाता था। सोमवार को किसी बात को लेकर गांव के ही बाबुधन मुर्मू (55) से विवाद हो गया। जिसपर महेशल सोरेन ने बाबुधन मुर्मू को पत्थर व दावा से मारकर घायल कर दिया जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। घटना के समय मृतक की पत्नी जियामुनी मरांडी पालाजोरी हटिया गयी थी। जिसकी सूचना मिलते ही थाना पुलिस घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम हेतु दुमका भेज दिया गया है।

# सोहराय पर्व हमारी संस्कृति की पहचान है : पूर्व मंत्री डॉ लुईस मरांडी



नृत्य-संगीत प्रस्तुत करते छात्र-छात्राएं।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** प्रकृति और प्रेम का प्रतीक दिसोम सोहराय पर्व सोमवार को एसपी कॉलेज परिसर में आदिवासी संताली सांस्कृतिक परिषद ने धूमधाम से मनाया।

दिसोम सोहराय पर्व के दौरान सर्वप्रथम एसपी कॉलेज के परिसर में छात्रों की मंडली के द्वारा विधि विधान के साथ इष्ट देवता की पूजा अर्चना की। पूजा में मुख्य रूप से छात्र नेताओं में श्यामदेव हेंब्रम, राजीव बास्की, राजेंद्र मुर्मू, ठाकुर हांसदा शामिल हुए।

सोहराय पर्व में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेत्री पूर्व मंत्री डॉ लुईस मरांडी ने कहा कि सोहराय पर्व हमारी संस्कृति की पहचान है। जनजातीय समाज में इस पर्व का बेहद महत्व है।

उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज इस पर्व को बड़े ही धूमधाम के साथ इसे उत्सव की तरह मानते है। मुख्य रूप से यह पर्व पांच दिनों तक मनाया जाता हैं।

## जिला मुख्यालय में धूमधाम से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस

**पाकुड़।** सोमवार को समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाने की तैयारी को लेकर बैठक की गई। सर्वसम्मति से तय किया गया कि गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के दिन पूर्वाह्न नौ बजे रानी ज्योर्तिमय स्टेडियम में झंडोत्तोलन कार्यक्रम का आयोजन होगा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर संबंधित अधिकारियों को विभिन्न दिशा निदेर्शों का पालन करते हुए झांकियां निकालने के निर्देश दिए।बैठक में उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने कहा की बेहतरीन कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत व्यवसाय के बारे में ली गई जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोड्डा।** झारखंड सरकार द्वारा सतत् रूप से प्रदेश के युवाओं के विकास की दिशा में कार्य किया जा रहा है। सरकार द्वारा जहां एक ओर युवाओं के स्वरोजगार / रोजगार के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर स्वरोजगार/ रोजगार को प्रोत्साहित करने हेतु मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, जैसे योजनाओं का संचालन जिला कल्याण विभाग के माध्यम से किया जा रहा है। इन स्वरोजगार/ रोजगार योजनाओं में युवाओं को अपने व्यवसाय के लिए ऋण देने के साथ ही अनुदान भी प्रदान किए जाते हैं। इसी कड़ी में आज उपायुक्त, गोड्डा के द्वारा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना से लाभान्वित रंजीत कुमार दास के फर्नीचर व्यवसाय से जुड़े वर्कशॉप में जाकर उनके द्वारा किए जा रहे व्यवसाय के बारे में जानकारियां ली गई एवं उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। आज जिले के अनेक युवा इन कल्याणकारी योजना का लाभ लेकर स्वयं का व्यवसाय कर अपने परिवार को एक बेहतर जिंदगी जिने के साथ अन्य को भी रोजगार देने के लिए सक्षम हो गए हैं। ऐसा ही उदाहरण गोड्डा जिला के ग्राम भेड़ा भंडार कोली में भी देखने को मिला। प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री रोजगार योजना का लाभ लेकर श्री रंजीत कुमार दास ने कल्याण विभाग के द्वारा ऋण प्राप्त कर 'गुरुनानक फर्नीचर हार्डवेयर प्लाई' के मालिक बने। रंजीत कुमार दास बताते हैं कि परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नही होने के कारण पढ़ाई पूरी ना कर सके और काम की तलाश में बाहर जाकर काम किए एवं जब घर आए तो समाचार पत्रों के माध्यम से उन्हें मुख्यमंत्री रोजगार योजना की जानकारी प्राप्त हुई थी। जिसके संदर्भ में उन्होंने कल्याण विभाग में संपर्क कर आवेदन प्रस्तुत किया तथा शीघ्र ही उनका प्रकरण स्वीकृत कर उन्हें फर्नीचर दुकान के लिए 15 लाख रुपए का ऋण स्वीकृत कर दिया गया है एवं प्रथम किश्त के रूप में 7 लाख रुपए प्रदान किया गया है।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के मानिकपुर पंचायत सचिवालय में मानिकपुर व अन्य पंचायत के गांव के दर्जनों किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र आत्मक गोड्डा द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से इलाके के किसानों को प्राकृतिक खेती, जैविक खेती करने संबंधी विस्तार पूर्वक जानकारी दी जा रही है। किसानों को बताया जा रहा है कि वे सर्वप्रथम अपने खेतों की मिट्टी का जांच करावें।हर खेतों के पांच जगहों का मिट्टी को खोदकर मिलाकर एकत्रित किए जाने की जानकारी दी जा रही है। मिट्टी कितनी लंबाई चौड़ाई और कितने गड्ढे से किस मात्रा में खोदकर निकला जाए ईस बारे में भी बताया गया। साथ ही साथ मिट्टी जांच के लिए अपना नाम पता और मोबाइल फोन नंबर लिखकर प्रखंड कार्यालय के माध्यम से जांच में भेजने की सलाह दी गई।

# अयोध्या से आए अक्षत और आमंत्रण पत्र वितरित, हजारों श्रद्धालु और रामभक्त हुए शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखंड के मोरडीहा पंचायत में अयोध्या से आए अक्षत और आमंत्रण पत्र वितरण समारोह काफी धूमधाम से रविवार को मनाई गई। मोरडीहा पंचायत के मोरडीहा दुर्गा मंदिर में अयोध्यानाथ धाम से आए कलश और आमंत्रण पत्र का पुरोहित पंकज कुमार झा गणमान्य ग्रामीण फूलचंद कुमार और युवा शक्ति संघ सदस्यों द्वारा विधिवत पूजा पाठ के बाद दुर्गा माता, शंकर भगवान, बजरंगबली, काली माता साहित विभिन्न देवी देवताओं को मंदिरों में पूजित अक्षत और आमंत्रण पत्र दिया गया। उसके बाद वितरण समारोह प्रारंभ की गई जिला परिषद सदस्य निरंजन पोद्दार ने पुरोहित पंकज कुमार चौधरी को अक्षत और आमंत्रण पत्र देकर वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उसके बाद रथ पर झांकी, झंडा, बैनर के साथ शोभायात्रा प्रारंभ की गई। कमराचक टोला से मुखिया सविता देवी के घर से अक्षत और आमंत्रण पत्र वितरण शुरू किया गया। कमराचक के बाद मोरडीहा, बिहारी, पैरणरायकित्ता परासी, बिहारी मिलिक, बगीचा टोला, नयातोला सहित पंचायत के घरों घरों में मोरडीहा पंचायत के श्रद्धालुओ, युवा शक्ति संघ के सदस्यों, बुजुर्गो, गणमान्यों, शिक्षाविदों, समाजसेवियों, सामाजिक कार्यकर्ता आदि द्वारा डीजे ढोल, बाजे, रथ, झंडा, बैनर के साथ धूमधाम से अक्षत और आमंत्रण पत्र वितरित किया गया। शोभा यात्रा में रथ पर छोटे बच्चों को राम, लक्ष्मण, सीता, बजरंगबली का रूप देकर सुशोभित किया गया था। जिससे कि आमंत्रण वितरण शोभायात्रा काफी भक्तिमय हो गया। चांदा गांव के समाजसेवियों के आग्रह पर शोभायात्रा चांदा गांव के चंदेस्वरनाथ महादेव मंदिर तक गई। भगवान राम सहित अन्य भगवान, भगवती, देवी, देवताओं से संबंधित गाने की धुन पर दर्जनों युवाओं और श्रद्धालुओं ने ताली बजाकर झुमना शुरू किया।

हजारों श्रद्धालुओं के मन में अपार भक्ति भावना आस्था विश्वास टूट पड़ी। शोभा यात्रा में समाजसेवी सह जिला परिषद सदस्य निरंजन पोद्दार, गोल्डमेडलिस्ट पत्रकार फूलचंद कुमार रूंजी गांव के समाजसेवी उमेश प्रसाद साह, दीपक कुमार शाह, मिथिलेश कुमार साह, गौतम कुमार सिंह, चांदा गांव के हिमांशु चंद्र सिंह, ऋषभ सिंह, मोरिडीहा गांव के समाजसेवी जयकांत यादव, गनोरी साह, चीकू उर्फ अमरेंद्र कुमार झा, ज्योतिष कुमार साह, अमरेंद्र कुमार आजाद, राजकुमार पासवान, प्रीतम कुमार यादव, अजय कुमार साह, सोनू वर्मा, अजय यादव, पुरोहित पंकज कुमार चौधरी, सुरेंद्र कुमार चौधरी, राजकुमार चौधरी, राजेश कुमार साह, अंकित कुमार साह, छोटू कापरी, सोनू कुमार पोद्दार, महुआ गांव के संतोष कुमार पोद्दार, महेश मंडल, ब्रह्मदेव मंडल सहित मोरडीहा पंचायत के और निकटवर्ती पंचायत के कई गांव के हजारों गणमान्य, शिक्षाविद, बुद्धिजीवी, बुजुर्ग, नवयुवक, ग्रामीण मजदूर, किसान, श्रद्धालु शामिल थे।

## एक नजर में

### सीनियर वर्ग में गोविंद हाई स्कूल और जूनियर वर्ग में साउथ प्वाइंट सेफा में

**गढ़वा।** 22वी गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में गोविन्द हाई स्कूल ने साउथ प्वाइंट को छह विकेट से हराकर वही जूनियर वर्ग में साउथ प्वाइंट ने बीएसकेडी पब्लिक स्कूल को सात विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सीनियर वर्ग के मैच में साउथ प्वाइंट स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राहुल के 55 रन की बदौलत ने 135 रन बनाए। गोविंद हाई स्कूल की ओर से गोलू ने तीन विकेट प्राप्त किया।

## पेज 1 का शेष

### दोषियों की रिहाई...

जिस राज्य में आरोपियों को सजा मिली, उसे ही रिहाई पर फैसला लेना चाहिए। था। सजा महाराष्ट्र में मिली थी। इस आधार पर रिहाई का आदेश निरस्त हो जाता है। 13 मई 2022 के जिस आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार को रिहाई पर विचार के लिए कहा था, वह तथ्यों को छुपाकर हासिल किया गया था। बिलकिस बानो मामले में दोषियों को दी गयी छूट को रद्द करने के बाद जस्टिस बी वी नागरत्ना और उज्जल भुइयां की अदालत ने कहा कि क्या सभी आरोपियों को वापस जेल भेज दिया जाना चाहिए। क्या इस मामले के आरोपियों को एक अक्षम प्राधिकारी से छूट दिये जाने और धोखाधड़ी से शीर्ष अदालत से आदेश प्राप्त करने के बावजूद अपनी स्वतंत्रता का लाभ मिलना चाहिए। आरोपी को केवल कानून के अनुसार छूट दी जा सकती है। न्यायमूर्ति ने अदालत के समक्ष उठे कई सवालों का विवरण देते हुए कहा, क्या न्याय का तराजू कानून के शासन के विरुद्ध झुकना चाहिए? कानून के शासन को कायम रखते हुए, क्या अदालत अभियुक्तों को उनकी स्वतंत्रता के अधिकार से वंचित कर रही है? **तभी कानून का शासन संभव है :** पीठ ने कहा,'हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि केवल तभी जब कानून का शासन कायम होगा, हमारे संविधान में स्वतंत्रता और अन्य सभी मौलिक अधिकार प्रबल होंगे। इसमें समानता का अधिकार और कानून की समान सुरक्षा भी शामिल है जैसा कि संविधान के अनुच्छेद 14 (संविधान के) में निहित है। कानून के शासन का मतलब है कि जब भी राज्य अपने कर्तव्यों का पालन करने में विफल रहता है, तो अदालत कानून का शासन कायम सुनिश्चित करने के लिए कदम उठायेगी। कानून के शासन का मतलब है कि कोई भी, उच्च या निम्न, कानून से ऊपर नहीं है। अगर कानून के समक्ष समानता नहीं है तो कानून का कोई शासन नहीं हो सकता है।

### गांव, कृषि, किसान...

**ये अधिकारी थे मौजूद :** समीक्षा बैठक के दौरान राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव के अलावा राज्य के मुख्य सचिव एल खियांग्ते, विकास आयुक्त अविनाश कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, योजना एवं विकास विभाग के सचिव प्रशांत कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा...

**20 फीट चौड़ी, 8 फीट उंची है मूर्ति :** गाजियाबाद में मूर्तिकार अनिल सुतार ने जटायु की भारी मूर्ति को तीन महीने की मशक्कत के बाद बनाया। यह मूर्ति एनसीआर के शहर साहिबाबाद में बनी है और जटायु की यह 8 फुट की मूर्ति फिलवक्त अयोध्या में है। दक्षिण पश्चिमी भाग में नवरत्न कुबेर टीला पर भगवान शिव के प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया है और वहां जटायु प्रतिमा की स्थापना की गयी है। पहले मिट्टी की ढलाई की गयी फिर एक्सपर्ट कमेटी ने आकर इसे देखा और अप्रूव किया। फिर इसमें ढलाई का काम किया गया, अब इसे ट्रक के माध्यम से अयोध्या भेज दिया गया है। मूर्ति अयोध्या मंदिर में बने कुबेर टीला पर लगा दी गयी है। जटायु की यह मूर्ति 20 फीट चौड़ी और 8 फीट ऊंची है। इसे बनाने में करीब 3 महीने का वक्त लगा था। **7,000 से से अधिक अतिथि :** अभिषेक समारोह के लिए मंदिर ट्रस्ट की अतिथि सूची में 7,000 से अधिक लोग शामिल हैं। इनमें क्रिकेट आइकन सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली, बॉलीवुड सुपरस्टार अमिताभ बच्चन, साथ ही अरबपति उद्योगपति मुकेश अंबानी और गौतम अदानी शामिल हैं। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष के अनुसार, अयोध्या में तीन मंजिला राम मंदिर का निर्माण इस साल दिसंबर तक पूरा हो जायेगा। विशाल मंदिर परिसर में अन्य संरचनाएं भी होंगी।

### मंदिर में मूर्तियां खंडित...

इस दौरान वहां वाहनों की लंबी कतार लग गयी। इस मामले में बरियातू थाना मामले की जांच में जुट गयी है। प्रशासन ने एसआईटी मामले की जांच कराने की घोषणा की। पांच दारोगा को एसआइटी की टीम में शामिल किया गया है। **माली को पहले पता चला :** मंदिर समिति ने बताया कि रविवार की देर रात असामाजिक तत्वों ने इस घटना को अंजाम दिया। मंदिर के पुजारी ने बताया कि सुबह-सुबह जब माली फूल देने पहुंचा तो उसने मंदिर के गेट का ताला टूटा पाया। तुरंत इसकी जानकारी मंदिर के संरक्षक को दी। खबर फैलते ही वहां आसपास के लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सभी इस घटना से काफी उत्तेजित थे। संत समाज समेत सभी धर्मावलंबियों ने इसकी कड़ी निंदा की है। धर्म समाज के राष्ट्रीय संरक्षक स्वामी दिव्यानंद ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि यदि अपराधी शीघ्र नहीं पकड़े गये, तो धर्म समाज आंदोलन छेड़ेगा। **एफएसएल की टीम भी पहुंची :** चोरी और मूर्ति खंडित करने की सूचना मिलते ही मौके पर प्रशासन की टीम पहुंची। लोगों को समझाने का प्रयास करने में जुट गयी। सड़क पर जाम कर घटना का विरोध कर रहे लोगों को अधिकारियों ने ठोस कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब जा कर लोगों ने जाम समाप्त किया। मौके पर पहुंचे सांसद संजय सेठ ने कहा कि यह घटना माफ करने लायक नहीं है। सिटी एसपी राज कुमार मेहता, आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास किया। **सिटी एसपी कहा, अपने वेतन से मूर्ति निर्माण करायेंगे :** भगवान राम की मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर माहौल खराब करने मामले को सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने भीड़ को शांत कराया। इस दौरान सिटी एसपी ने वेतन के पैसों से क्षतिग्रस्त मूर्ति का निर्माण कराने की बात कही। सिटी एसपी की बात सुनते ही आक्रोशित हिंदू समुदाय के लोग शांत हो गये। आश्वासन मिलने के बाद आक्रोशित लोग भी सड़क जाम को समाप्त कर आवागमन को चालू करवा दिया।

### गरीब, किसान, महिला...

**पहले छोटे किसान वंचित रह जाते थे :** पीएम मोदी ने कहा कि पूर्व की सरकारों में किसान के सशक्तीकरण की चर्चा सिर्फ पैदावार व उसकी उपज की बिक्री के इर्द-गिर्द ही सीमित रही। कई बार जागरूकता की कमी से या दूसरे कारणों से कुछ लोग सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते थे। वर्तमान केंद्र सरकार छोटे किसानों को मुसीबतों से बाहर निकालने के लिए निरंतर काम कर रही है। कृषि में सहकारिता को बढ़ावा देना इसी सोच का परिणाम है। । ऐसे लोगों तक पहुंचना हमारी सरकार अपना दायित्व समझती है। आज देश में ही नहीं बल्कि दुनिया में भी मोदी की गारंटी की बहूत चर्चा हो रही है। पहले की सरकारों में देश में कृषि नीति का दायरा बहुत सीमित था और किसानों के सशक्तीकरण की चर्चा सिर्फ पैदावार और उसकी उपज की बिक्री के इर्दगिर्द ही सीमित रहती थी। ऐसे में किसान परेशान रहते थे। हमारी सरकार ने किसान की हर मुश्किल को आसान करने के लिए चौतरफा प्रयास किये। **हमारे लिए 4 सबसे बड़ी जातियां हैं :** मोदी ने कहा कि उनके लिए गरीब, किसान, महिलाएं और युवा चार सबसे बड़ी जातियां हैं। जब ये सशक्त होंगी तो एक सशक्त भारत सुनिश्चित होगा। पिछले दिनों न्यूनतम समर्थन मूल्य पर तुअर की दाल की ऑनलाइन खरीद किए जाने की घोषणा का उल्लेख करते हुए पीएम ने कहा कि अभी यह सुविधा तुअर या अरहर दाल के लिए दी गई है लेकिन आने वाले समय में दूसरे दालों के लिए भी इसका दायरा बढ़ाया जायेगा। उन्होंने कहा हमारी सरकार चाहती है कि वर्तमान और भावी पीढ़ियों को वैसा जीवन जीना न पड़े, आपके पूर्वजों को जो मुसीबतें झेलनी पड़ी, आपके बुजुर्गों को जो कठिनाईयां झेलनी पड़ी, वो आपको झेलनी न पड़े। इसी मकसद से हम इतनी मेहनत कर रहे हैं।

# स्मृति ईरानी गयीं मक्का-मदीना, मस्जिद-ए-नबवी का भी किया दौरा

### मस्जिद कुबा भी गयीं और पवित्र जमजम का पानी पिया

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** सऊदी अरब सरकार और भारत सरकार के बीच हज यात्रा-2024 के समझौते के बाद केंद्रीय अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी सोमवार को जेद्दा से मेट्रो के जरिए मदीना-मुनव्वरा पहुंचीं। उन्होंने मक्का स्थित काबा के बाद मुसलमानों के दूसरे सबसे पवित्र स्थल माने जाने वाले मस्जिद-ए-नबवी का दौरा भी किया। इस मौके पर उनके साथ हज कमेटी ऑफ इंडिया के सीइओ लियाकत अली अफाकी भी मौजूद थे।

अल्पसंख्यक मामलों की केंद्रीय स्मृति ईरानी सऊदी अरब सरकार के जरिये आयोजित होने वाली हज-उमरा कांफ्रेंस में भाग लेने के लिए इस वक्त सऊदी अरब में हैं। हज कमेटी के सीइओ लियाकत अली अफाकी ने बताया कि मदीना मेट्रो स्टेशन पर भारतीय उमरा यात्रियों ने बहुत ही गर्मजोशी



के साथ ईरानी का स्वागत किया। सेल्फी फोटो ली और वीडियोग्राफी भी की। केंद्रीय मंत्री ने भी वहां पर मौजूद तमाम लोगों से खुशगवार माहौल में मुलाकात करके उनका शुक्रिया अदा किया। उन्होंने बताया कि ईरानी ने सबसे पहले मस्जिद-ए-नबवी का दौरा किया और वहां पर भी हिंदुस्तानी उमरा यात्रियों ने उनका दिल की गहराइयों से स्वागत किया और उन्हें बहुत देर तक घेरे रखा। इसके बाद ईरानी ओहद के पहाड़ों पर गयीं, जहां दुनिया के तमाम देश से आने वाले उमरा यात्रियों ने स्वागत किया और उन्होंने फोटो और वीडियोग्राफी की। मस्जिद-ए-नबवी के बाद ईरानी मस्जिद कुबा गयीं और पवित्र जमजम का पानी पिया। इस मौके पर सऊदी अरब में स्थित भारतीय राजदूत डॉ सोहेल एजाज खान ने ईरानी को तीनों पवित्र स्थानों के बारे में ऐतिहासिक प्रमाणों के माध्यम से जानकारी दी। इस मौके पर उन्होंने भारतीय हज यात्रियों को बेहतरीन सेवाएं प्रदान करने के लिए विभिन्न जानकारियां भी साझा कीं और होटलों का भी निरीक्षण किया, जहां हज यात्रियों को ठहरने के लिए इंतजाम किया जाना है। इस मौके पर विदेश मंत्रालय, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय सहित दूतावास के अधिकारी भी मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### अरुणा नायर ने रेलवे बोर्ड के सचिव का पदभार संभाला

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेलवे कार्मिक सेवा (आइआरपीएस) के 1987 बैच की अधिकारी और लेवल-16 पैनल में शामिल आइआरएमएस अधिकारी अरुणा नायर ने रेलवे बोर्ड के सचिव का कार्यभार संभाल लिया है।

### पाकिस्तान में पुलिस वैन में विस्फोट, 5 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बाजौर जिले की मामुंड तहसील में सोमवार को एक पुलिस वैन के पास हुए विस्फोट में पांच पुलिस अधिकारियों की मौत हो गयी और 27 अन्य घायल हो गये।

### फिल्म 'डंकी' को लेकर ईरान के लोगों में गुस्सा

**नयी दिल्ली।** ईरान में शाहरुख खान की फिल्म 'डंकी' को लेकर लोगों में काफी गुस्सा है। इस फिल्म में ईरान की छवि को धूमिल करने की कोशिश की गयी है। यह जानकारी भारत स्थित ईरान कल्चर हाउस के कल्चरल काउंसलर डॉ एफ फरीदसर ने सोमवार को मीडिया से बातचीत करते हुए दी है।

### यूएइ और भारतीय सेना का संयुक्त युद्धाभ्यास

**जयपुर।** एशिया की सबसे बड़ी युद्धाभ्यास स्थली महाजन फील्ड फायरिंग रेंज एक बार फिर विदेशी सैनिकों के साथ भारतीय सेना के संयुक्त युद्धाभ्यास डेजर्ट साइक्लोन-2024 का साक्षी बनी है। रेंज के धोरे राइफल से निकल रही गोलियों की आवाज के साथ बम के धमाकों से गूंज रहे हैं।

### विधायक अयोग्यता मामले का निर्णय कल

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष शिवसेना के 16 विधायकों के अयोग्यता मामले का निर्णय बुधवार को शाम चार बजे सुनाने वाले हैं। हालांकि, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि अगर मुख्यमंत्री सहित 16 विधायक अयोग्य घोषित कर दिये गये, तो भी एकनाथ शिंदे विधानपरिषद के सदस्य बनकर मुख्यमंत्री पद पर रहेंगे।

### डीजीसीए ने बढ़ाया आराम का समय

**नयी दिल्ली।** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उड़ान चालक दल के लिए ड्यूटी समय से जुड़े नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव किये हैं। नये नियमों में उड़ान चालक दल की साप्ताहिक आराम की अवधि को 36 घंटे से बढ़ाकर 48 घंटे किया गया है, ताकि उन्हें थकान से उबरने के लिए पर्याप्त समय मिल सके।

### जून तक 100 से अधिक पीएम दिव्याशा केंद्र

**गोवा।** दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिकों को सहायता और सहायक उपकरण प्रदान करने के मकसद से देश में जून तक 100 से अधिक प्रधानमंत्री दिव्याशा केंद्र खोले जायेंगे। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सचिव राजेश अग्रवाल ने यह जानकारी दी है।

## 'राष्ट्रीय पैक्स महासंगोष्ठी' में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह बोले

# पैक्स के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में भी मिलेगी सस्ती दवा

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि अब प्राथमिक कृषि ऋण समिति (पैक्स) के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में भी सस्ती दवा उपलब्ध करायी जायेगी। मोदी सरकार ने पैक्स के माध्यम से प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोलने का निर्णय लिया है। इस निर्णय से शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण भारत को भी सस्ती दवा उपलब्ध करायी जा सकेगी।

सोमवार को विज्ञान भवन में आयोजित 'राष्ट्रीय पैक्स महासंगोष्ठी' के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों के माध्यम से लोगों को रियायती दरों पर जेनेरिक दवा उपलब्ध करायी जा रही हैं। जन औषधि केंद्र की वजह से अभी तक लोगों की 26 हजार करोड़ रुपये बचत हो चुकी है।

शाह ने कहा कि सहकारिता मंत्रालय आने वाले समय में दो लाख पैक्स बनाने की दिशा में काम कर रहा है। पैक्स सहकारिता आंदोलन की रीढ़ की तरह है। पैक्स के माध्यम से पेट्रोल पंप खोलने से लेकर रेलवे की टिकट करने तक और राशन की दुकान से लेकर रासायनिक खाद बेचने का कार्य किया जा रहा है। पैक्स को अभी तक कुल 22 सेवाओं के लिए चुना गया है। पैक्स अनाज भंडारण से लेकर किसानों को रासायनिक खाद छिड़काव के लिए ड्रोन उपलब्ध कराने का कार्य भी करेंगे। देशभर में 28 हजार पैक्स कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) बन चुकी हैं। ये पैक्स राज्य और केंद्र की लगभग 300 से अधिक सेवाओं को लोगों तक पहुंचा रही हैं।

शाह ने कहा कि देशभर से 4400 से अधिक पैक्स की तरफ से भारत सरकार की औषधि विभाग के पोर्टल पर जन औषधि केंद्र खोलने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया गया है। इनमें से 2300 से अधिक समितियों को प्राथमिक अनुमोदन प्राप्त हो चुके हैं और 146 पैक्स/सहकारी समितियां जन औषधि केंद्रों के रूप में कार्य करने के लिए पूर्ण रूप से तैयार भी हो चुकी हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएं आम नागरिकों तक पहुंचायी जाती हैं, जो खुले बाजार की ब्रांडेड दवाओं के मुकाबले 50-90 फीसदी तक सस्ती होती हैं। इन केंद्रों पर 2000 से अधिक प्रकार की जेनेरिक दवाएं व लगभग 300 सर्जिकल उपकरण उचित मूल्य पर आम जनता के लिए उपलब्ध हैं।




### गरीबों के लिए वरदान है पीएम जन औषधि केंद्र : मांडविया

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण व रसायन एवं उर्वरक मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र गरीबों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। इन केंद्रों पर 50 से 90 फीसदी रियायती दरों पर जेनेरिक दवाएं उपलब्ध हैं। मांडविया ने सोमवार को विज्ञान भवन में आयोजित 'राष्ट्रीय पैक्स महासंगोष्ठी' को संबोधित करते हुए यह बात कही। कहा कि देशभर में 10 हजार 500 से अधिक जन औषधि केंद्रों का संचालन हो रहा है।

# बांग्लादेश में शेख हसीना की अवामी लीग को फिर जनादेश

**ढाका (हि.स.)।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना का पांचवीं बार सत्ता संभालने का रास्ता साफ हो गया। रविवार को हुए 12वें संसदीय आम चुनाव में उनकी पार्टी बांग्लादेश अवामी लीग को जनादेश मिला है। बांग्लादेश निर्वाचन आयोग ने मतगणना के नतीजों की घोषणा कर दी।

स्थानीय समाचार पत्र ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, अवामी लीग ने 223 सीटों पर जीत हासिल की है। प्रधानमंत्री शेख हसीना ने गोपालगंज-3 निर्वाचन क्षेत्र में भारी जीत हासिल की। संसद सदस्य के रूप में यह उनका आठवां कार्यकाल होगा। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक जनता ने किसी भी राजनीतिक दल के बजाय स्वतंत्र उम्मीदवारों पर भरोसा जताया है। 63 स्वतंत्र उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है। आयोग के अनुसार, जातीय पार्टी 300 सीटों में से केवल 11 सीटें हासिल करने में सफल रही।



### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी बधाई

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अपनी बांग्लादेशी समकक्ष शेख हसीना से फोन पर बात की और उन्हें आम चुनावों में लगातार चौथी बार ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री शेख हसीना से बात की और संसदीय चुनावों में लगातार चौथी बार ऐतिहासिक जीत पर उन्हें बधाई दी। मैं बांग्लादेश के लोगों को भी सफल चुनाव के लिए बधाई देता हूं। हम बांग्लादेश के साथ अपनी स्थायी और जन-केंद्रित साझेदारी को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# अमेरिकी रक्षामंत्री लॉयड ऑस्टिन अस्पताल में भर्ती

### राष्ट्रपति को नहीं दी गयी जानकारी, पेंटागन की तीखी आलोचना

**वाशिंगटन (हि.स.)।** अमेरिका के रक्षामंत्री लॉयड ऑस्टिन के कई दिनों से अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी राष्ट्रपति जो बाइडेन से छुपाने के लिए पेंटागन को तीखी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, लॉयड ने इसके लिए माफी मांगकर इस विवाद का पटाक्षेप करने की कोशिश की है।

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, रक्षामंत्री लॉयड ऑस्टिन रविवार को भी अस्पताल में भर्ती रहे। वह शारीरिक जटिलताओं से जूझ रहे हैं। पेंटागन उनकी वैकल्पिक सर्जरी की जरूरत की बात को कई दिनों तक सार्वजनिक करने में विफल रहा। पेंटागन ने आलोचना से बचने के लिए उन्हें गहन चिकित्सा देखभाल में भेज दिया है।

इस रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्टिन पहली जनवरी को अस्पताल गये थे। तब से वह पेंटागन में नहीं हैं। रक्षा विभाग के प्रवक्ता पैट्रिक राइडर ने रविवार दोपहर अपडेट में कहा, वह अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। वहां से उन्हें छुट्टी कब मिलेगी, इसकी कोई तारीख तय नहीं है, लेकिन वह ठीक हो रहे हैं और



अच्छी अवस्था में हैं।

द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, इस समय बाइडेन प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों, कांग्रेस प्रतिनिधियों और स्वयं राष्ट्रपति पर यह सार्वजनिक करने का दबाव बढ़ गया है कि लॉयड ऑस्टिन के अस्पताल में भर्ती होने के की बात कुछ दिन तक क्यों छुपायी गयी। पूर्व उपराष्ट्रपति माइक पेंस ने ऑस्टिन के अस्पताल में भर्ती होने का खुलासा करने में देरी को कर्तव्य में लापरवाही की संज्ञा दी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के नागरिकों को रक्षामंत्री की स्थिति के बारे में जानने का अधिकार है।

द गार्डियन की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी रक्षामंत्री ने शनिवार को एक बयान में कहा है कि वह गोपनीय तरीके से अस्पताल में भर्ती होने की 'पूरी जिम्मेदारी' लेते हैं। इसके लिए देश से माफी भी मांगते हैं।

### ओडिशा की चिल्का झील में रात को दो घंटे तक फंसे रहे केंद्रीय मंत्री रुपाला

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला को ले जा रही एक नाव रविवार की रात ओडिशा की चिल्का झील में लगभग दो घंटे तक फंसी रही। फंसने का कारण स्पष्ट नहीं है, लेकिन अनुमान लगाया जा रहा है कि रात के समय दिशा का सही पता नहीं चल पाया हो, नेटवर्क नहीं मिलने से भी नाव के फंसने की आशंका जतायी जा रही है। एक अधिकारी के अनुसार रात के कारण ऐसा हुआ होगा। हालांकि, इसके बाद प्रशासन की ओर से जहाज भेजकर मंत्री सहित भाजपा के पदाधिकारियों को यहां से निकाला गया।

# बिलकिस बानो के अथक संघर्ष और अहंकारी सरकार के विरुद्ध न्याय की हुई जीत : राहुल

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** कांग्रेस ने बिलकिस बानो केस में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर कहा है कि यह निर्णय बिलकिस बानो के संघर्ष की जीत है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को एक्स पर लिखा कि चुनावी फायदे के लिए न्याय की हत्या की प्रवृत्ति लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए खतरनाक है। बिलकिस बानो का अथक संघर्ष, अहंकारी भाजपा सरकार के विरुद्ध न्याय की जीत का प्रतीक है।

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अंततः न्याय की जीत हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात दंगों के दौरान गैंगरेप की शिकार बानो के आरोपियों की रिहाई रद्द कर दी है। प्रियंका ने कहा कि बहादुरी के साथ अपनी लड़ाई को जारी रखने के लिए बिलकिस बानो को बधाई।

उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने बिलकिस बानो केस में दोषियों की समय से पहले रिहाई के गुजरात सरकार के फैसले को निरस्त कर दिया है। 03 मार्च 2002 को अहमदाबाद के पास रंधीकपुर गांव में 21 वर्षीया बिलकिस बानो के परिवार हमला हुआ था। इस दौरान बानो के साथ सामूहिक बलात्कार हुआ था और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में 11 लोगों को दोषी करार दिया गया था, जो उम्रकैद की सजा काट रहे थे। 15 अगस्त, 2022 को गुजरात सरकार की माफी नीति के तहत इन दोषियों को छोड़ दिया गया था। गुजरात सरकार के इस फैसले को आज सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है।

### बिलकिस मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर कांग्रेस सांसद ने दी प्रतिक्रिया

### भारत-नेपाल में तीन नये अंतरदेशीय ट्रांसमिशन लाइन बनाने पर सहमति

**काठमांडू।** भारत में 10 वर्षों में 10,000 मेगावाट बिजली निर्यात करने के लिए तीन और अंतरदेशीय ट्रांसमिशन लाइनें बनाने का प्रस्ताव किया गया है। बीते शनिवार को चितवन में संपन्न नेपाल-भारत ऊर्जा सचिव स्तरीय 11वीं बैठक में इस पर प्रारंभिक सहमति बनी है। इस बैठक में भारत की तरफ से नेपाल में निजगढ़-मोतिहारी, अनारमनी-किसनगंज और लमही-लखनऊ प्वाइंट पर 400 केवी क्षमता का ट्रांसमिशन लाइन बनाने के प्रस्ताव पर सहमति बनी है। भारतीय दूतावास की तरफ से सोमवार को जारी बयान में यह कहा गया है।

# उत्तर भारत में जबर्दस्त ठंड से हाल-बेहाल

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** उत्तर भारत में कश्मीर-पंजाब से लेकर बिहार-बंगाल तक इस समय जबर्दस्त ठंड है। इस ठंड से कई जगहों पर जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। इधर, मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) ने कहा कि अगले 24 घंटों के दौरान उत्तर भारत में घना कोहरा बना रहेगा और इस दौरान लोगों को कंपकपाती ठंड का सामना करना पड़ेगा। इसके बाद धीरे-धीरे स्थिति में सुधार की संभावना है।



आइएमडी ने 9 जनवरी को उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत (पूर्वी राजस्थान और पश्चिमी मध्य प्रदेश में अलग-अलग जगहों पर तूफान व ओलावृष्टि के साथ बारिश होने की संभावना जतायी है। वहीं, दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। अगले 3 दिनों के दौरान तमिलनाडु में और अगले 24 घंटों के दौरान केरल में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा होगी।

# अखिलेश पर फिर भड़कीं मायावती

**एजेंसी**

**लखनऊ।** बीते कई दिनों से मायावती की पार्टी के आइएनडीआइए गठबंधन में आने की चर्चा के बीच अब बसपा प्रमुख और अखिलेश यादव आपस में भिड़ गये हैं। मायावती ने एक बार फिर से समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव पर जुबानी हमला बोला है। उन्होंने गठबंधन नहीं करने की खास कारण भी बताया है। बहुजन समाजवादी पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती ने लिखा है, सपा अति-पिछड़ों के साथ-साथ दलित-विरोधी पार्टी भी है। उन्होंने कहा, बसपा के उत्तर प्रदेश राज्य कार्यालय के पास ऊंचा पुल बनाने का कृत्य भी किया गया है, जहां से षड्यंत्रकारी अराजक तत्व पार्टी दफ्तर, कर्मचारियों व राष्ट्रीय प्रमुख को भी हानि पहुंचा सकते हैं। उन्होंने कहा, बसपा राज्य सरकार से वर्तमान पार्टी प्रदेश कार्यालय को अन्यत्र सुरक्षित स्थान पर व्यवस्था करने का अनुरोध करती है।

## अभिनेताओं ने 'गोल्डन ग्लोब' पुरस्कार समारोह में मचाया धमाल




**इस वर्ष** के 81वें गोल्डन ग्लोब अवाड्र्स का आयोजन संयुक्त राज्य अमेरिका के कैलिफोर्निया में भव्यता के साथ किया गया। फिल्म जगत के प्रतिष्ठित गोल्डन ग्लोब अवॉड्र्स 2024 की मेजबानी अमेरिकी स्टैंड अप कॉमेडियन जॉय कॉय ने की। इस साल गोल्डन ग्लोब अवॉड्र्स की विभिन्न श्रेणियों में बार्बी और ओपेनहाइमर को सबसे ज्यादा नामांकन मिले। अभिनेता रॉबर्ट डाउनी को सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता-मोशन पिक्चर श्रेणी में सम्मानित किया गया है। पुरस्कार विजेताओं की सूची : अभिनेता सिलियन मर्फी ने ओपेनहाइमर के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता। रिकी गेरवाइस ने टेलीविजन पर स्टैंड अप कॉमेडी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की श्रेणी में पुरस्कार जीता। टेलीविजन सीरीज (म्यूजिकल/कॉमेडी) में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का पुरस्कार द बियर फेम जेरेमी एलन व्हाइट को दिया गया। बेस्ट स्क्रीनप्ले-मोशन पिक्चर कैटेगरी में जस्टिन ट्रिट, आर्थर हरारी ने एनाटॉमी ऑफ ए फॉल के लिए गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड जीता। अभिनेता मैथ्यू मैकफैडेन ने टेलीविजन श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार जीता। उत्तराधिकार के लिए अभिनेता मैथ्यू मैकफैडेन को सर्वश्रेष्ठ पुरुष सहायक अभिनेता टेलीविजन का पुरस्कार दिया गया। अभिनेता स्टीवन येउन ने बीफ में अपने प्रदर्शन के लिए सीमित श्रृंखला में सर्वश्रेष्ठ पुरुष अभिनेता का पुरस्कार जीता। अभिनेत्री अली वोंग ने टेलीविजन के लिए निर्मित लिमिटेड सीरीज एंथोलॉजी सीरीज या मोशन पिक्चर की श्रेणी में लिमिटेड सीरीज में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता। हॉलीवुड अभिनेता रॉबर्ट डाउनी जूनियर ने ओपेनहाइमर के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता-मोशन पिक्चर का गोल्डन ग्लोब पुरस्कार जीता। डेविन जॉय रैंडोल्फ ने द होल्डओवर्स में अपने प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री-मोशन पिक्चर का गोल्डन ग्लोब पुरस्कार जीता।

### शेयर बाजार में भारी गिरावट, 72 हजार अंक के स्तर से नीचे फिसला सेंसेक्स

**नयी दिल्ली।** सप्ताह के पहले कारोबारी दिन ही सोमवार को घरेलू शेयर बाजार को तगड़ी गिरावट का सामना करना पड़ा। आज के कारोबार की शुरुआत मामूली मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद कुछ देर खरीदारी भी होती नजर आयी। लेकिन, इसके बाद पूरे दिन बाजार में बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक करीब 1 प्रतिशत तक टूट गये। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.93 प्रतिशत और निफ्टी 0.91 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसइ सेंसेक्स दिनभर के कारोबार के बाद 670.93 अंक की कमजोरी के साथ 71,355.22 अंक के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 197.80 अंक की गिरावट के साथ 21,513 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

# व्यापारी एवं निर्यातक मालदीव के साथ व्यापार स्थगित करें : कैट

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने देशभर के व्यापारियों एवं निर्यातकों से मालदीव के साथ व्यापार संबंध तुरंत स्थगित करने की अपील की है। कैट ने यह अपील प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ मालदीव के कुछ मंत्रियों की अपमानजनक टिप्पणियों के प्रति कड़े तेवर अपनाते हुए की है।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी पर हाल की अपमानजनक टिप्पणियां कतई स्वीकार्य नहीं हैं। इसके लिए मालदीव सरकार को सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए। खंडेलवाल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संबंध बनाये रखने तथा आपसी व्यापार को जारी रखने के लिए यह जरूरी है कि संबंधों की मयार्दा रखी जाये, लेकिन मालदीव के ज़िम्मेदार लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ टिप्पणी कर उस मयार्दा को तार-तार किया है। कैट ने देश के व्यापारियों से आग्रह किया है कि वे अपने व्यापार संबंधों के अंतरराष्ट्रीय प्रभावों को ध्यान में रख इस असम्मानपूर्ण आचरण के खिलाफ मालदीव के साथ व्यापारिक संबंधों को स्थगित करें।

### इजराइल लक्षद्वीप में शुरू करेगा समुद्री जल को पीने लायक बनाने का कार्यक्रम

**नयी दिल्ली।** मालदीव के साथ साथ पर्यटन को लेकर शुरू हुई सोशल मीडिया जंग के बीच इजराइल ने कहा है कि वे मंगलवार से लक्षद्वीप में डिसेलिनेशन (समुद्र के पानी को पीने लायक बनाना) कार्यक्रम की शुरुआत करेगा। इससे द्वीप समूह में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इजराइल के भारतीय दूतावास की ओर से किये गये एक सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी जानकारी दी गयी है। उसमें कहा गया है कि कार्यक्रम शुरू करने के भारत सरकार के अनुरोध पर हम पिछले साल लक्षद्वीप में थे। इजराइल मंगलवार से इस परियोजना पर काम शुरू करने के लिए तैयार है। उन लोगों के लिए जो अभी तक लक्षद्वीप की प्राचीन और आलीशान जलीय सुंदरता को नहीं देख पाये हैं, यहां इस द्वीप के मनमोहक आकर्षण को दिखाने वाली कुछ तस्वीरें हैं।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !